फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 342 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 14 जुलाई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



NOSTALGIC ON Gen. Sagat's 104 birth anniversary

Maj Uthayya, with tears rolling down his eyes told me, "Sorry Sir, I have failed you."-meaning that he had not got the bridge intact.

Fighting Fatigue

Boost Your Immunity — Including these five herbs into your diet may help boost your immunity.



*चंद्रयान-3 शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में लॉन्च के लिए तैयार है। इस मिशन के अन्तर्गत चंद्रयान-3 का रोबॉटिक उपकरण 24 या 25 अगस्त को चांद के उस हिस्से (शैकलटन क्रेटर) पर उतरेगा जहाँ अभी तक किसी भी देश का कोई अभियान नहीं पहुँचा है। इसी वजह से पूरी दुनिया की निगाहें भारत के इस मिशन पर हैं। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइज़ेशन (इसरो) के मून मिशन का उद्देश्य है चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उसके हाईलैंड पर एक लैंडर और एक रोवर स्थापित करना और एंड-टू-एंड लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना। लॉन्च व्हीकल मार्क-3, जिसे ''जियोसिंक्रोनस सैटलाइट'' लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (जी.एस.एल.वी. एम.के. 3) भी कहा जाता है, से शुक्रवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 2:45 बजे चंद्रयान-3 को लॉंच किया जाएगा। चंद्रयान-3 में मुख्यतः तीन अंग हैं, एक लैंडर, एक रोवर और एक प्रोपल्शन मॉड्यूल। इसका वजन कुल 3,900 किलोग्राम है। इसका रोवर चंद्रयान-2 के विक्रम रोवर के समान है, लेकिन सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने में मदद के लिए इसमें सुधार किए गए हैं। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि, चंद्रयान -3 का उद्देश्य, चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग तथा घूमने की क्षमताओं का प्रदर्शन करने के अलावा, वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक नई टैक्नॉलजी का विकास और प्रदर्शन करना है। चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल को अंतिम 100 किलोमीटर की गोलाकार कक्षा में ले जाएगा। इस कक्षा में पहुंचने के बाद लैंडर मॉड्यूल और प्रोपल्शन मॉड्यूल अलग हो जाएंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल, अलग होने के बाद, चंद्रमा के चारों ओर एक कक्षा में रहेगा और कम्यूनिकेशन रिले सैटलाइट के रूप में कार्य करेगा। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला मिशन होगा। यह क्षेत्र अपने स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों के कारण विशेष रुचि रखता है, जहां पानी और बर्फ होने का भी अनुमान लगाया जा रहा है। चंद्रयान-3 मिशन का लक्ष्य इस अज्ञात क्षेत्र के अद्वितीय भूविज्ञान और संरचना का अध्ययन करना है। (यह फोटो ट्विटर, @ ISRO के सौजन्य से ली गई है )*

# आई.एम.एफ. ने पाकिस्तान के लिये अन्ततोगत्वा 3 बिलियन डॉलर का पैकेज स्वीकृत किया

## इस पैकेज में से आई.एम.एफ. पहले 1.2 बिलियन डॉलर रिलीज़ करेगा तथा फिर आई.एम.एफ. द्वारा प्रदत्त रिफॉर्म पैकेज की शर्तों के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए बाकी राशि रिलीज़ की जायेगी

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जुलाई। इन्टरनैशनल मॉनिटरी फण्ड (आई.एम.एफ.) ने आज पाकिस्तान के लिये अरब डॉलर के बेल-आउट पैकेज को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। पाकिस्तान के साथ लम्बे समय तक चली दीर्घकालीन सौदेबाजी के बाद उसे बेल-आउट सुविधा प्रदान करने की स्थिति बनी।

जैसा होता आया है, आई.एम.एफ. की बेल-आउट सुविधा कुछ "शर्तों" तथा नीतिगत सुधारों की हिदायत के प्रदान की जाती है, जिनमें शामिल हैं- ऊर्जा की कीमतों सख्त संशोधन, राजकोषीय घाटे में कटौती तथा पाकिस्तानी रूपये के लिये मार्केट-संचालित विनिमय दर। इन संशोधनों को देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति में हासिल करनी सबसे कम मुश्किलों वाला काम है।

- **भारत की भी ऐसी ही स्थिति थी, 1991 में। दृढ़ता से रिफॉर्म्स की नीति के अनुसरण से इकॉनमी में परिवर्तन आया था तथा सतत इकोनॉमिक ग्रोथ संभव हो सकी थी।**
- **पर, क्या पाकिस्तान इतने सख्त कदम उठा पायेगा। क्योंकि आई.एम.एफ. का पैकेज एक तरह से बहुत गलत समय आया है, जबकि, पाकिस्तान एक बहुत ही नाजुक, अस्थिर व उत्तेजित राजनीतिक दौर से गुजर रहा है। क्या इस समय आई.एम.एफ. की सख्त शर्तें लागू करना बहुत ही टेढ़ी खीर है। शर्तों से पैट्रोल, डीजल के ऊँचे दाम और बढ़ेंगे तथा पाकिस्तान की मुद्रा का और भारी अवमूल्यन होगा, आदि, आदि।**

ऋण की स्वीकृति की शर्त के रूप में जिन नीतिगत सुधारों पर जोर दिया जा रहा है, उनमें सबसे पहला बिन्दु है- पाकिस्तान के लिये जरूरी राजकोषीय समायोजन को आसान बनाने तथा ऋण की सस्टेनेबिलिटी सुनिश्चित करने के एफ.वाई. 24 के बजट की क्रियान्विति तथा इसके साथ ही आवश्यक सामाजिक कार्य खर्च को संरक्षण प्रदान करना।

दूसरे, आई.एम.एफ. का जो मार्केट द्वारा निर्धारित विनिमय दर की ओर लौटने तथा उचित एफ.एक्स. मार्केट के कार्य-संपादन को ऐसा बनाये जाने पर है जो बाहरी आघातों को सहज रूप से बर्दाश्त कर सके तथा विदेशी मुद्रा की कमी को दूर कर सके। तीसरे बिन्दु के रूप में, आई.एम.एफ. का जोर समुचित सख्ती वाली मौद्रिक नीति पर है, जिसका उद्देश्य मुद्रा का डिसइन्फ्लेशन पर रहे। अंतिम बिन्दु था- संरचनात्मक सुधारों की दिशा में और आगे बढ़ा जायें, इन सुधारों में भी ऊर्जा क्षेत्र की व्यवहार्यता, एस.ओ.ई. गवर्नेंस तथा जलवायु की समुत्थान शक्ति पर विशेष जोर रहना चाहिये।

इन शर्तों का अर्थ यह है पाकिस्तान के सैन्ट्रल बैंक को ब्याज दरें बढ़ानी होंगी, पेट्रोल, डीज़ल तथा अन्य ईंधनों की कीमतें बढ़ानी होंगी, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों की संरचना सख्ती के साथ बदलनी होगी, जिसमें श्रमिकों की छँटनी भी शामिल है। इसके अलावा, लागत की भरपाई के लिये बिजली तथा अन्य ईंधनों की कीमत बढ़ानी होगी।

जहाँ पाकिस्तान में इस समय वस्तुओं का मूल्य बहुत ज्यादा बढ़ेगा तथा इससे आम जनता की नाराज़गी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अपने आरोपित नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने से कतराती रही है भाजपा

## एम.जे. अकबर के खिलाफ कार्यवाही में जरूर तत्परता दिखायी थी, शायद इसका कारण था, अकबर राजनीतिक दृष्टि से ''लाइट वेट'' थे

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जुलाई। सार्वजनिक दबाव के फलस्वरूप, पार्टीजनों के खिलाफ कार्यवाही न करने वाला भाजपा का वर्तमान नेतृत्व इस समय कैसरगंज सांसद तथा रैसलिंग

- **पर बृज भूषण सिंह तो राजनीतिक दृष्टि से काफी भारी हैं, यू.पी. की चार संसदीय सीटों पर उनकी भारी पकड़ है।**
- **दिल्ली पुलिस द्वारा बृज भूषण सिंह के खिलाफ चार्जशीट में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की गई है।**
- **इस सिफारिश ने भाजपा को भारी दुविधा में डाल दिया है, अतः यह गौर करने की बात रहेगी कि, भाजपा इस दुविधा में क्या निर्णय लेती है।**
- **पर, दूसरी ओर यह भी सच है कि, नैतिक रूख अख्तियार करते हुए, मनमोहन सिंह सरकार के दूसरे शासन काल में कई मंत्रियों ने चार्जशीट दर्ज होने के बाद, मंत्री पद से इस्तीफा दिया था, जैसे अश्विनी कुमार, पवन बंसल, कलमाड़ी, ए. राजा, कनीमोई व अशोक चव्हाण। पर इस नैतिक निर्णय का कांग्रेस को कोई लाभ नहीं मिला था चुनाव में।**

फैडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मामले में असमंजस की स्थिति में है। दिल्ली पुलिस अपनी चार्जशीट में कोर्ट ट्रायल की अनुशंसा कर चुकी है। चार्जशीट में छः महिला पहलवानों द्वारा लगाये गये यौन शोषण के आरोपों के सबूतों की सूची दी हुई है।

जहाँ "मी टू" आरोपों के सामने आने के बाद चन्द दिनों के अन्दर ही एम.जे. अकबर केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से हटा दिये गये थे, वहीं भाजपा नेतृत्व अपराध के आरोपी नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने में प्रायः सुस्त रहा है। उत्तर प्रदेश के भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर, जिन पर उन्नाव केस में बलात्कार, हत्या तथा आपराधिक षडयंत्र के दोषी पाये गये थे, को अन्ततः भाजपा ने निलम्बित तो कर दिया था लेकिन पार्टी के इस कदम को बहुत देर से की गई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# 70 परिवारों को आठ कि.मी. दूर की ग्राम पंचायत में जोड़ा

जयपुर, 13 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर के रूपवास उपखंड की ग्राम पंचायत माडापुरा के 70 से अधिक परिवारों को

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने भरतपुर की माडापुरा ग्राम पंचायत के कमालपुरा व श्रीनगर गांव के 70 से ज्यादा परिवारों को 8 किलोमीटर दूर की कंजोली ग्राम पंचायत में जोड़ने पर भरतपुर के कलैक्टर, संभागीय आयुक्त व रूपवास के उपखंड अधिकारी से जवाब मांगा है।**

आठ किमी दूर की ग्राम पंचायत में जोड़ने पर ग्रामीण विकास विभाग के ए.सी.एस., भरतपुर के संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और रूपवास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कुएं में पड़ा मिला युवती का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## डॉ. किरोड़ी लाल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे

हिण्डौन सिटी, 13 जुलाई (निसं)। नादौती थाना अंतर्गत भीलापाड़ा रोड पर एक कुएं में युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को हिंडौन के जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जहां मेडिकल बोर्ड से उसका पोस्टमार्टम करवाया गया युवती के शव का पोस्टमार्टम करने के दौरान शरीर में रिवॉल्वर की गोली मिली है, जिसको लेकर धरने पर बैठे राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले का खुलासा व हत्यारों की शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

- **युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म व तेजाब डालकर हत्या करने और शव को कुएं में फेंकने का आरोप।**

राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा मामले की जानकारी मिलने पर हिंडौन के जिला अस्पताल पहुंचे। युवती के साथ पहले गैंगरेप और फिर एसिड डाल कर हत्या करने तथा उसके बाद कुएं में फेंकने की आशंका जताते हुए मृतक युवती एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के अस्पताल पहुंचने के कारण वहां भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान टोडाभीम डीएसपी अमर सिंह मीणा सहित थाना नादौती, थाना हिंडौन नई मंडी, थाना कोतवाली हिंडौन एवं थाना बालघाट की पुलिस भी मौजूद रही।

नादौती थाना अधिकारी बाबूलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भीलापाड़ा रोड पर स्थित एक कुएं में युवती के शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को बाहर निकलवाने पर उसकी शिनाख्त बालघाट थाना अंतर्गत मोहनपुरा गांव निवासी आरती बैरवा उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शव को हिंडौन के जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। घटना की सूचना के बाद सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी हिण्डौन जिला अस्पताल पहुंच गए इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता भी एकत्रित हो गए। सांसद मीणा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक के बढ़ते मामलों को लेकर एडवाइज़री जारी की है लेकिन राजस्थान सरकार उसकी पालना नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब नॉन ए.सी. वंदे भारत ट्रेनें भी संचालित होंगी

नई दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता)। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सफलता के बाद भारतीय रेलवे अब गरीब यात्रियों के लिए 'वंदे भारत साधारण' गाड़ी बना रही है जो गैरवातानुकूलित श्रेणी की गाड़ी होगी।

सूत्रों के अनुसार चेन्नई स्थित

- **वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सफलता के बाद भारतीय रेलवे अब गरीब यात्रियों के लिए ''वंदे भारत साधारण'' रेलगाड़ी बना रही है जो गैर वातानुकूलित श्रेणी की गाड़ी होगी।**

इंटीग्रल कोच फैक्टरी में वंदे भारत के इस संस्करण पर काम शुरू हो गया है और जनवरी तक इस संस्करण के पटरी पर उतरने की संभावना है। यह गाड़ी कुर्सीयान वाली होगी और बाद में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव क्या आए, कार्यकर्ताओं की तवज्जो याद आ गई कांग्रेस नेताओं को

## डोटासरा बोले, सरकार बनते ही 3 महीने में सारी राजनीतिक नियुक्तियाँ कर देंगे

जयपुर, 13 जुलाई (का.प्र.)। जैसे ही अब चुनाव नजदीक आने लगा है वैसे ही कांग्रेस को अपने कार्यकर्ताओं को तवज्जो देने की बातें याद आ रही है। हरेक नेता अपने बयानों और भाषणों में कहने लगा है कि कार्यकर्ताओं को तवज्जो मिलेगी।

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के सम्मेलन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी कहा कि सरकार बनते ही पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को 3 महीने में राजनीतिक नियुक्तियां दे दी जाएंगी। हमें दिल्ली से ऐसे निर्देश मिले हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि अब तक साढ़े 4 साल में कार्यकर्ताओं को वह तवज्जो क्यों नहीं मिली, जो उन्हें मिलनी चाहिए थी, क्या इसके लिए दिल्ली में पहले कोई निर्देश नहीं दिया था। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में जो भी अच्छा काम करेंगे, उनमें से हर साल 40 ब्लॉक अध्यक्षों को बेस्ट ब्लॉक अध्यक्ष का अवॉर्ड मिलेगा। वैसे कार्यकर्ताओं को तवज्जो देने की बात सिर्फ डोटासरा ने ही नहीं की, बल्कि हरीश चौधरी ने भी कहा कि सरकार बने तो मंत्री, विधायक या ब्यूरोक्रेट्स की सरकार नहीं लगनी चाहिए, लगना चाहिए कि कार्यकर्ताओं की सरकार है।

राहुल गांधी की सोच स्पष्ट है कि हम राजनीति इसलिए कर रहे हैं कि हर व्यक्ति हर वर्ग जिसका जो अधिकार है उसे दिलाया जाए। चौधरी ने कहा कि

- **हरीश चौधरी ने कहा, मंत्री, विधायक, ब्यूरोक्रैट्स की नहीं, कार्यकर्ताओं की सरकार लगनी चाहिए।**
- **सचिन पायलट ने कहा, आप मानिए कि आज से ही चुनाव चालू हो गए हैं। कब चुनाव अभियान का आगाज़ होगा, दिल्ली से घोषणा होगी, उसका आप इंतजार मत कीजिए।**
- **सचिन पायलट ने यह भी कहा कि, जो मुद्दे व सिद्धांत हम पहले भी उठाते रहे हैं और आप लोग भी उठाओगे, तो सरकार बनेगी। हमें यहां जयपुर में भाषण देने से काम नहीं चलेगा, हम भी क्षेत्र में जाएंगे, आपको भी जमीन तैयार करनी है।**

इन दिनों कांग्रेस पार्टी में सिद्धांत बन गया है कि सब को शामिल कर लो, लेकिन इस सिद्धांत के पीछे हमारा मकसद किसी ना किसी को बाहर निकालना बन गया है। पश्चिमी राजस्थान में कलबी चौधरी कभी सौ फीसदी कांग्रेस को वोट देते थे, लेकिन अब सबको शामिल करने और अपनों को बाहर निकालने के चलते हालत यह हो गई है कि कई जिलों में हमारा परंपरागत वोट ज़ीरो हो गया है। किसी को साथ जोड़ना गलत बात नहीं है लेकिन अगर हमारी सोच किसी को बाहर निकालने के लिए किसी को साथ जोड़ने की है तो यह गलत है। चौधरी ने कहा कि भाजपा के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है और हमारे पास संसाधन नहीं है। इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे नेताओं के पास संसाधन नहीं है। कांग्रेस पार्टी विश्व की एकमात्र पार्टी है जो अमीर लोगों की सबसे गरीब पार्टी है।

इस अवसर पर सचिन पायलट ने कहा कि हम सब लोग जो कथित रूप से नेता हैं, हम यहां थोड़ा बहुत करते रहेंगे, हमारे बीच थोड़ी बहुत चलती रहेगी। यह चलता है राजनीति में। हालांकि जो मुद्दे सिद्धांत हम पहले भी उठाते रहे हैं और आप लोग भी उठाओगे तो सरकार बनेगी। यहां जयपुर में भाषण देने से काम नहीं चलेगा, हम भी क्षेत्र में जाएंगे, आपको जमीन तैयार करनी है।

सम्मेलन में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि दिल्ली में हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने जो संदेश दिया है, उसके बाद पूरी पार्टी एकजुट है। जब राहुल गांधी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सहायक उपनिरीक्षक दस हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

भरतपुर, 13 जुलाई (निस)। गुरूवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) के ए.एस.पी. महेश मीणा के नेतृत्व ए.सी.बी. की टीम ने कार्यवाही करते हुए उच्चैन थाना के सहायक उपनिरीक्षक अमीर चंद को दस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

- **ए.सी.बी. की टीम ने उच्चैन थाना के ए.एस.आई. अमीर चंद को दस हजार रू. की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोप है कि, वह परिवादी से एक मामले में एफ.आर. लगाने के लिए 11 हजार रू. मांग रहा था।**

ए.एस.पी. महेश मीणा ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जिसने अकेले रह कर अकेलेपन को जीता उसने सब कुछ जीता। –अज्ञात**

# सांसदी बहाली हेतु राहुल गांधी संघर्ष की ओर

'भारत' हमारे देश का नाम है। भारत से मिलकर भारत शब्द बना है, जिसका अर्थ है, भा याने धर्म रत याने लीन होना। भारत धर्म प्रधान देश है। भारत धर्म निरपेक्ष देश है, यहां सभी नागरिकों को अन्त:करण की स्वतंत्रता का और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का समान हक है। भारत का अपना संविधान है। भारत के लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, जो एक मूल अधिकार है। भारतीयों के लिए मूल कर्त्तव्य भी हैं। संविधान का अनुच्छेद 21 गरिमामय जीने का अधिकार देता है और गारण्टी देता है कि किसी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के विरूद्ध जीवन या वैयक्तिक स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जावेगा।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(क) में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मूल अधिकार माना है। उक्त अधिकार का प्रयोग करते समय यह निश्चित करना होगा कि इससे भारत की प्रभुसत्ता राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार, मानहानि पर, सदाचार, न्यायालय की अवमानना पर विपरीत असर नहीं होगा। राज्य को अधिकार होगा कि वह उक्त प्रतिबंधों के दायरे में नागरिकों के आचरण को बांधने हेतु कानून बना सकेगा। अभिव्यति का अधिकार मीडिया, टीवी, अखवार सभी को दिया है।

आईपीसी की धारा 500 के तहत यानी मानहानि का अपराध अनुच्छेद 19(क) के संबंध में संवैधानिक नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जब तक खण्ड (2) की भावना का अतिरेक नहीं करती उसे आपराधिक कृत्य मानना सर्वथा गलत है।

किसी भी व्यक्ति की मानहानि की अर्थ है उस व्यक्ति के यश को आघात पहुंचाना। मानहानि कथन व लेखन दोनों प्रकार से हो सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने आरटीआई एक्ट की धारा 66(क) में जिसमें सोशल मीडिया पर कम्प्यूटर या मोबाईल फोन से आक्रामक व आपत्तिजनक झूठा या मानहानि कारक संदेश भेजना, अपराध माना है किन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण माना है और अवैध करार दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को देखते हुये यह कहा जा सकता है कि धारा 500 भा.द.स. के अपराध को असंवैधानिक करार दिया जा सकता। इंग्लैण्ड की तरह मानहानि कारक अभिवचन व लेखन द्वारा किया गया कृत्य हर्जे के हेतु वादकारक हो सकता है और यदि वह ब्रीच ऑफ पीस फैलाता है तो फौजदारी कार्यवाही हो सकती है। दिल्ली राज्य के सूचना व प्रचार विभाग ने एक सर्कुलर में कहा था कि यदि दिल्ली सरकार से संबंधित किसी अधिकारी को लगता है कि प्रकाशित सामग्री से सरकार और स्वयं की प्रतिष्ठा को हानि पहुंचती है, तो जांच होने के बाद धारा 499/500 आईपीसी के तहत इस्तगासा चलाने की इजाजत दी जा सकती है। वरिष्ठ पत्रकार आलोक मेहता ने अपने एक लेख में कहा था कि केजरीवाल को मानहानि की धारा को खत्म करने की बात करनी चाहिये, किन्तु वे स्वंय अंग्रेजो के जमाने के अपराध के तहत सर्कुलर जारी कर रहे हैं।

दार्शनिकों का मत है धर्म शास्त्रों का आधार आचार शास्त्र है। पुराणों के अनुसार आचार से ही धर्म का उद्वव है। पारसी हुमता, हुबल व हुभरस्त अर्थात नेक विचार, नेक वचन, नेक कर्म पर आधारित है। ईसाई धर्म मे शुद्धता व सत्यनिष्ठा पर बल दिया है। सिख धर्म में आचार को सत्य से भी ऊँचा माना है। जैन मत में सदाचार के बिना धर्म प्राण रहित है, व्यक्ति के लिये ही नहीं अपितु कल्याणकारी राज्य का भी कर्त्तव्य है कि उसकी व्यापारिक गतिविधियाँ भी शुद्धता के साथ हो। शराब की आय से कल्याणकारी राज्य का संचालन नहीं हो सकता। गुजरात हाईकोर्ट के न्यायाधीश हेमन्त प्रच्छक ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुये कहा था कि राजनीति में भी शुचिता की आवश्यकता है।

सन् 2019 के लोकसभा चुनाव के समय प्रचार करते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपने चुनाव भाषण में कथित रूप में कहा था कि सभी चोरों का उपनाम मोदी ही क्यों? राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में अपने भाषण में चुनाव रैली के दौरान दिनांक 13 अप्रेल, 2019 को कहा था कि नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेन्द्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों? सूरत (वेस्ट) के बीजेपी, विधायक पुर्नेश मोदी ने मानहानि का इस्तगासा दायर किया था दिनांक 02.05.2019 को चीफ जुडिशियर मजिस्ट्रेट सूरत ने समन्स जारी किये थे। दिनांक 10.10.2019 को राहुल गांधी ने वहां उपस्थिति दी व Not Guilty Plead किया। सूरत की कोर्ट ने वहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद 7 जुलाई 2023 को फैसला सुनाया और राहुल गांधी को दोषी करार दिया और 2 वर्ष की सजा दिनांक 23.3.2023 को सुनाई। इसी सजा के विरूद्ध राहुल गांधी हाईकोर्ट गये। इससे पूर्व अप्रेल 20 राहुल गांधी सेशन्स कोर्ट में अपील में गये थे। अपील करना एक अधिकार है, अत: कोर्ट ने अपील को एडमिट किया। सेशन्स कोर्ट ने Sentence को Suspend किया, किन्तु Conviction को स्टे नहीं किया। इसके विरूद्ध राहुल गांधी गुजराज हाईकोर्ट गये। मई 2, को बहस पूरी हुई जुलाई 7 को सूरत हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की रिविजन पिटीशन में कन्वीकशन को स्टे करने से इन्कार किया।

**राहुल गांधी को सूरत हाईकोर्ट के निर्णय के विरूद्ध खण्डपीठ के समक्ष अपील करना चाहिये, किन्तु विलम्ब हो गया है अतः एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में दायर करने का निर्णय कांग्रेस से लिया है। यह तकनीकी मामला है राहुल गांधी अपने यशस्वी एडवोकेट्स की राय के अनुसार ही मुकदमा करेंगे।**

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि सूरत की कोर्ट्स का राहुल गांधी के Disqualification से कोई सरोकार नहीं है। ससपेन्शन का संबंध पार्लियामेन्ट के द्वारा पास किये गये जन प्रतिनिधित्व अधिनियम से है। संविधान के अनुच्छेद 102 में संसद के सदस्य की सदस्यता के लिये निरर्हतायों (अयोग्यता) का उल्लेख है। अनुच्छेद 102 के उप अनुच्छेद (म) में यह प्रावधान है कि यदि वह सदस्य, संसद द्वारा बनाई गई विधि द्वारा निरर्हित किया गया हो। चूंकि सूरत कोर्ट के निर्णय की कापी किसी ने चुनाव आयोग को भेज दी और प्राप्त होने के बाद चुनाव आयोग ने 2 वर्ष के Conviction के कारण 20 मार्च, 2023 को राहुल गांधी को संसद की सदयता से Disqualified कर दिया और इस प्रकार संसद की वायनाड (केरल की) सीट वेकेन्ट हो गई। 26 अप्रेल 2023 को राहुल गांधी ने गुजरात हाईकोर्ट में Conviction को स्टे करने से इन्कार कर दिया। 2 मई 2023 को बहस पूरी हुई और 07.07.2023 को गुजरात हाईकोर्ट ने स्टे देने से इन्कार कर दिया।

वायनाड की सीट वेकेन्ट होने के कारण जन प्रतिनिधित्व एक्ट की धारा 151ए के तहत चुनाव आयोग की उस सीट का चुनाव 6 माह की अवधि में कराना अनिवार्य है। चुनाव आयोग का कर्त्तव्य है कि 22 सितम्बर 2023 तक Mid Term Election करा दे। 17वीं लोकसभा का काल एक वर्ष रह गया है अत: चुनाव अनिवार्य है। चुनाव नहीं रोका जा सकता।

राहुल गांधी को सूरत हाईकोर्ट के निर्णय के विरूद्ध खण्डपीठ के समक्ष अपील करना चाहिये, किन्तु विलम्ब हो गया है अत: एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में दायर करने का निर्णय कांग्रेस से लिया है। यह तकनीकी मामला है राहुल गांधी अपने यशस्वी एडवोकेट्स की राय के अनुसार ही मुकदमा करेंगे।

लेखक ने स्पष्ट किया है कि सूरत के चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट ने 2 वर्ष की सजा राहुल गांधी को दी है। सुयोग्य मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा मानहानि के अपराध की यानी धारा 499/500 आईपीसी के तहत दी है। Disqualification से केस की ट्रायल का कोई संबंध नहीं है। अनुच्छेद 102 में सांसदों की निरर्हिताओं का उल्लेख है और अनुच्छेद 103 में यह कहा गया है यदि यह प्रश्न उठता है कि संसद के किसी सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 102 के खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हितता से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न राष्ट्रपति को विनिश्चय के लिये निर्देशित किया जावेगा। राष्ट्रपति का निर्णय अंतिम होगा। यह भी ध्यान रहे कि Disqualification किसी अधिकारी द्वारा या किसी कोर्ट के आदेश से नहीं है अपितु "By or under any law made by Parliament" है। इसका अर्थ है Disqualification Automatic है। ऐसा माना जाता है कानून सबसे ऊपर है, न्यायाधीश को भी कानून मानना होगा, क्योंकि न्यायाधीश को Slave of the LaW कहा जाता है।

गुजरात हाईकोर्ट ने अपने दिनांक 07.07.2023 के आदेश से एमपी व कांग्रेस के बडे नेता की बहस को निगरानी में नकार दिया। माननीय गुजरात हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश देने से इन्कार करतु हुये कहा–

"Gandhi is seeking a stay on conviction on absolutely non existent ground. Stay on conviction is not a rule. As many as 10 cases are pending against (Gandhi). It is needed to have purity in politics - A complaint has been filed by the grandson of veer Savarkar in Pune Court. Refusal to stay conviction would not in any way result is injustice to the applicant…… There are no reasonable grounds to stay conviction. The conviction is just and proper."

गुजरात हाईकोर्ट का यह मत है कि मानहानि का अपराध पब्लिक केरेक्टर का है, जिसमें मूल अधिकार व व्यक्ति की गरिमा आपस में मिले हुये हैं। माननीय गुजरात हाईकोर्ट ने माना कि राजनीति में भी पवित्रता होनी चाहिये। राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा दी गई है क्योंकि जस्टिस हेमन्त प्रच्छक ने माना है यह अपराध Serious Nature का है और एक बहुत बडा चिन्हित वर्ग इससे प्रभावित हुआ है। बाई इलेक्शन की कार्यवाही को नहीं रोका जा सकता है चाहे चुनाव छोटे पीरियड के लिये ही क्यों न हो? जस्टिस हेमन्त प्रच्छक ने कहा, आदेश में दखल की आवश्यकता नहीं है। राहुल गांधी देश की बडी पार्टी के नेता हैं। वे बडे जनप्रिय राजनैतिक भी हैं उनका कर्त्तव्य है कि वे एक बडे वर्ग के यश व गरिमा की भी रक्षा करेंगे।

संसद के सदस्य की निरर्हता जन प्रतिनिधित्व एक्ट 1951 की धारा 8(3) से संबंध है। इससे इन्कार नहीं हो सकता कि राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा हुई है, और सजा होते ही सीट वेकेन्ट हो जाती है तथा जनप्रतिनिधित्व एक्ट अधिनियम 1951 की धारा 151ए स्पष्ट रूप से घोषित करती है कि सीट वेकेन्ट होने की तारीख से 6 माह में बाई इलेक्शन होना चाहिये। इसके अतिरिक्त संविधान के अनुच्छेद 103 में यह Mandate दिया गया है कि राष्ट्रपति अपने निर्णय से पूर्व सदस्य की निरर्हता के बाबत चुनाव आयोग की राय भी लेंगे।

राहुल गांधी के पास सांसदी अयोग्यता को चुनौती देने के तीन कानूनी रास्ते हैं। पहला रास्ता मानहानि के अपराध 499/500 आईपीसी की वैधानिकता को चुनौती देना। दूसरा, गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देना व तीसरा मार्ग है, संविधान के अनुच्छेद 102/103 के अनुसार राष्ट्रपति के समक्ष प्रतिवेदन करना। अयोग्यता की वैधानिकता पर निर्णय करने का अधिकार राष्ट्रपति को है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# अजमेर में प्रदेश का पहला सोलर संचालित डबल डेकर क्रूज़ जल्द संचालित होगा

## क्रूज पर बैठ सकेंगे 150 लोग, 45 मिनट का होगा एक राउंड, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, इंटीरियर का चल रहा है काम

**अजमेर, (कासं)।** एतिहासिक आनासागर झील में प्रदेश के पहले सोलर डबल डेकर क्रूज का शहरवासियों के साथ पर्यटक भी लुत्फ उठा सकेंगे। जल्द ही अजमेरवासियों को इसकी सौगात मिलने जा रही है। आनासागर झील में फिलहाल डबल डेकर क्रूज के इंटीरियर डिजाइनिंग का काम चल रहा है। यह क्रूज सोलर पैनल से चलेगा यह सौर ऊर्जा संचालित क्रूज होगा और सोलर एनर्जी, ग्रीन एनर्जी से ही चलाया जाएगा।

अजमेर में डबल डेकर क्रूज लगभग बनकर तैयार हो गया है। क्रूज में इंटीरियर डिजाइनिंग का काम चल रहा है। यह क्रूज डबल डेकर होगा और इसकी लंबाई लगभग 22 मीटर और चौड़ाई लगभग 8 मीटर है। यह क्रूज ईंधन से चलने के बजाय सोलर पैनल से संचालित होगा और सोलर पैनल से एनर्जी स्टोर करने के लिए बैटरी का एक बड़ा पैनल भी इसमें लगा होगा। इसके प्रथम तल पर 75 लोगों के बैठने की जगह होगी और ऊपर के तल में भी 75 लोगों के बैठ सकते हैं। शहरवासी और पर्यटक डबल डेकर क्रूज में बैठकर झील का आनंद ले सकते हैं। यहां पर किसी कार्यक्रम का आयोजन भी हो सकता है। इस डबल डेकर क्रूज में कैंटीन समेत सारी सुख-सुविधाएं होगी।



सोलर डबल डेकर क्रूज।

सौर ऊर्जा से चलने वाला डबल डेकर लक्जरी क्रूज पर्यावरण संरक्षण में काफी सहायक होगा। धीमी रफ्तर से 45 मिनट में क्रूज आनासागर झील का एक चक्कर पूरा करेगा। इस क्रूज में एक बार में करीब 150 लोग सवार हो सकेंगे। क्रूज का नीचे का हिस्सा वातानुकूलित होगा और ऊपर वाला हिस्सा खुला होगा। इसमें कैफिटेरिया और महिला-पुरूष के लिए बायो टॉयलेट के साथ ही सुरक्षा के मानकों का पालन किया गया है। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम लगाए गए हैं क्रूज के संचालन के दौरान इसके साथ आपात स्थिति से निपटने के लिए एक बोट भी चलेगी। यदि किसी को बीच में ही उतरना है अथवा अन्य कारण से किसी को क्रूज से बाहर आना है तो इस बोट की मदद से उसे झील के किनारे लाया जा सकेगा। द्वितीय तल होगी कैप्टन की केबिन डबल डेकर क्रूज के द्वितीय तल पर रूफ टॉप के साथ कैप्टन की केबिन होगी। कैप्टन इसी केबिन से क्रूज का संचालन करेंगे। स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक क्रूज के द्वितीय तल पर बैठकर झील के साथ प्रकृति का भी आनंद उठा सकेंगे।

- **इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम लगाए गए हैं क्रूज के संचालन के दौरान इसके साथ आपात स्थिति से निपटने के लिए एक बोट भी चलेगी।**

# अब सामान्य श्रेणी कोच के यात्रियों को किफायती भोजन उपलब्ध होगा

- **अजमेर मण्डल में अजमेर, आबूरोड व उदयपुर स्टेशनों पर सुविधा शुरू**
- **किफायती खाना काउंटरों का उपयोग अधिकृत प्लेटफ़ॉर्म विक्रेताओं द्वारा किया जाएगा**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर मण्डल के अजमेर, आबूरोड व उदयपुर स्टेशनों पर अब सामान्य श्रेणी कोच के यात्रियों को भी आसानी से किफायती भोजन उपलब्ध हो सकेगा। रेलवे बोर्ड और उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय के आदेशों के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के डिब्बों के यात्रियों को किफायती भोजन (इकोनोमी मील) आसानी से उपलब्ध कराने के लिए स्टेशनों के प्लेटफॉर्म एक पर गाड़ी के सामान्य श्रेणी कोचों के रुकने के स्थान को चिन्हित कर वहाँ काउन्टर, स्टॉल की स्थापना की गई है ताकि इस श्रेणी के रेल यात्रियों को किफायती भोजन (इकोनामी मील) आसानी से उपलब्ध हो सके।

अजमेर स्टेशन पर मदार स्टेशन छोर तथा दौराई स्टेशन छोर की ओर प्लेटफार्म नंबर एक पर जहां गाड़ी के सामान्य श्रेणी कोच आकर रुकते हैं वहां इकोनामी मील स्टॉल स्थापित की गई है। इसी प्रकार आबू रोड स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर अहमदाबाद छोर तथा अजमेर छोर पर जहां गाड़ी के सामान्य कोच रुकते हैं वहां इकोनामी मील के लिए स्टॉल लगाई गई है। इसी प्रकार उदयपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर राणा प्रताप नगर छोर तथा हिम्मतनगर छोर पर जहां गाड़ी के सामान्य श्रेणी के कोच रुकते हैं वहां इकोनामी मिल स्टॉल स्थापित की गई है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला के अनुसार लंबी दूरी में सफर कर रहे सामान्य श्रेणी कोच के यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा सामान्य श्रेणी कोच के सामने ही सस्ता खाना (इकोनामी मील) उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है ताकि भीड़ भाड़ की स्थिति मे सामान्य श्रेणी के यात्री आसानी से खाना ले सके। इससे यात्रियों को गाड़ी छूटने का भय नहीं रहेगा, प्लेटफॉर्म पर खाना लेने की वजह से हड़बड़ाहट में ट्रेन में चढ़ते व उतरते समय होने वाली रेल दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

रेलवे बोर्ड द्वारा हाल ही में सामान्य श्रेणी के कोचों के यात्रियों के किफायती भोजन की पर्याप्त सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से समीक्षा की गई और यह निर्णय किया गया की जनरल कोचों में किफायती भोजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्टेशन के प्लेटफॉर्म जहां ट्रेन के सामान्य कोच के डिब्बे आकार रुके वहाँ किफायती खाना (इकोनामी मील) के काउंटर लगाए जाए। काउंटरों का उपयोग अधिकृत प्लेटफ़ॉर्म विक्रेताओं द्वारा किया जाएगा जिन्हें प्लेटफ़ॉर्म वेंडिंग की मौजूदा नीति के तहत इकोनॉमी भोजन बिक्री के लिए अनुमति दी गई है। फिलहाल यह योजना 6 महीने की अवधि के लिए प्रयोगात्मक आधार पर लागू की गई है जिसे सफल होने पर आगे बढ़ाया भी जा सकता है।

# नवनिर्मित सड़क पहली बरसात में ही क्षतिग्रस्त, घटिया निर्माण का आरोप

- **वार्डवासियों ने पालिका के कार्यवाहक ईओ व तहसीलदार सुभाषचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा**
- **तहसीलदार, पीडब्लूयूडी के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, पालिका सफाई निरीक्षक ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया**

श्रीकरणपुर, (निसं)। कस्बे के वार्ड 23 आदर्श नगर में नवनिर्मित सड़क पहली बरसात में क्षतिग्रस्त होने पर घटिया निर्माण व भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वार्डवासियों ने पालिका के कार्यवाहक ईओ व तहसीलदार सुभाषचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

वार्ड के अजय शर्मा, प्रमोद भाटी, विनोद कुमार, नीरू व विष्णु ने बताया कि उनके वार्ड में पीडब्लूयूडी विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व वार्ड में सड़कों का निर्माण करवाया गया था। निर्माण अमानक व घटिया होने के कारण पहली बरसात में ही जगह-जगह सड़क में गड्ढे बन गए व क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, वार्ड में बनाई गई नालियों का मिलान न होने से बरसात का पानी घरों की नींव में घुसने से घरों को भी नुकसान पहुंच रहा है। वार्ड वासियों ने घटिया निर्माण की जांच के साथ भ्रष्टाचार व मिलीभगत कर सरकार को चूना लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वार्ड वासियों की शिकायत पर तहसीलदार सुभाषचंद्र शर्मा, पीडब्लूयूडी के सहायक अभियंता विजय मीणा, कनिष्ठ अभियंता रोहित जिंदल, नगर पालिका सफाई निरीक्षक गौरीशंकर व पालिका उपाध्यक्ष अशोक कुमार गरुड़ा ने वार्ड में निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

सहायक अभियंता विजय मीणा ने बताया कि अभी निर्माण कार्य जारी है तथा निर्माण कार्य में अमानक सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया है। सहायक अभियंता ने कनिष्ठ अभियंता को सड़क के सैंपल जांच के लिए भरने के निर्देश दिए।

# राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के स्टेट अवॉर्ड घोषित

- **जोधपुर में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की बैठक आयोजित, कला क्षेत्र में राज्य के सर्वोच्च सम्मान एवं पुरस्कारों की घोषणा**
- **भानु भारती को सर्वोच्च फेलोशिप, 13 कलाकारों को अवार्ड, छह युवा एवं तीन को बाल पुरस्कार**

**जोधपुर, (कासं)।** कला क्षेत्र में राज्य के सर्वोच्च सम्मान एवं पुरस्कारों की घोषणा जोधपुर में आयोजित राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की बैठक में की गयी। अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश ने वर्ष 2023-24 अवार्डों की घोषणा करते हुए बताया कि अकादमी का सर्वोच्च अकादमी रत्न सम्मान, देश के विख्यात एवं वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक उदयपुर के भानु भारती को दिया जायेगा, जबकि विभिन्न विधाओं में अवार्ड के अन्तर्गत शास्त्रीय गायन के लिए सुमन यादव (जयपुर), शास्त्रीय वादन रवि पंवार (मुम्बई), शास्त्रीय नृत्य कत्थक गीता रघुवीर (जयपुर), सुगम संगीत रफीक सागर (बीकानेर), लोक संगीत परवीन मिर्जा (जयपुर) एवं भुगडे खान मांगणियार (बाडमेर), लोक नृत्य डॉ. रूपसिंह शेखावत (जयपुर), कठपुतली कला खेरातीराम भाट (नागौर), लोकनाट्यय दिलीप भट्ट (जयपुर), रंगमंच-अभिनय गीता भट्टाचार्य (जोधपुर), रंगमंच-निर्देशन साबिर खान (जयपुर), रंगमंच-लेखन अशोक राही (जयपुर), रंगमंच-रूप सज्जा राधेलाल (जयपुर) तथा समग्र कला साधना के लिए कोटा के संस्कृतिधर्मी शरद कुमार तैलंग को अकादमी अवार्ड प्रदान किये जायेंगे।

अकादमी युवा पुरूस्कारों के अन्तर्गत शास्त्रीय गायन सौरभ वशिष्ठ (जयपुर), शास्त्रीय वादन आशीष रागवानी (जोधपुर), शास्त्रीय नृत्य कत्थक चारू शर्मा (जयपुर), लोक संगीत युसुफ खान मेवाती (अलवर), सुगम संगीत स्वागत राठौड (सिरोही) एवं रंगमंच-निर्देशन के लिए कविराज लईक को पुरस्कृत किया जायेगा। अकादमी की बाल प्रतिभाओं में जयपुर के अबीर तिवारी पखावज वादन, कत्थक नृत्य तनिष्का श्रीवास्तव (जयपुर) और बीकानेर के बाल कलाकार चैतन्य सहल को शास्त्रीय गायन में पुरस्कार दिया जायेगा। अकादमी सचिव लक्ष्मी नारायण बैरवा ने बताया कि सर्वोच्च रत्न सम्मान के तहत एक लाख रूपये, ताम्रपत्र व अंगवस्त्र तथा अवॉर्ड के अन्तर्गत प्रत्येक कलाकार को इक्यावन हजार रूपये, ताम्रपत्र व अंगवस्त्र से सम्मानित किया जाता है। युवा पुरस्कार में पच्चीस हजार रूपये, प्रशस्ति चिह्न तथा बाल पुरस्कार में ग्यारह हजार रूपये व प्रशस्ति चिह्न प्रदान किया जायेगा। यह पुरस्कार शीघ्र ही राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा समारोह पूर्वक प्रदान किये जायेंगे। अकादमी अध्यक्ष ने सभी अवार्डी एवं पुरस्कृत कलाकारों को बधाई प्रेषित है।

अकादमी सचिव लक्ष्मीनारायण बैरवा ने बताया कि अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश की अध्यक्षता में आयोज्य इस बैठक में उपाध्यक्ष अनिता ओर्डिया, कोषाध्यक्ष रमेश भाटी, सदस्य शब्बीर हुसैन, गरिमा भार्गव, मेहबूब अली, कांति जैन, अभिषेक ढेनवाल, दीपक पंवार, महेन्द्र लालस, गंगा कलावंत, अशोक जोशी व दिलीप सिंह चौहान ने भाग लिया।

## राशिफल शुक्रवार 14 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10:27 तक, गंड योग प्रात: 8:27 तक, कौलव करण प्रात: 6:51 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-वृष, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से रात्रि 10:52 तक है। आज रोहिणी व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:28 तक, लाभ-अमृत 7:28 से 10:51 तक, शुभ 12:33 से 2:14 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:19

### मेष



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृष




मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### मिथुन




आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कर्क




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। धन हानि हो सकती है।

### सिंह



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा।

### कन्या



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### तुला



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### धनु



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### मकर



परिजनों का व्यवहार अच्छा नहीं रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### कुंभ



घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

# एक्सईएन के आवास व ठिकानों की तलाशी में मिली 68 लाख की नकदी

## करोड़ों की चल-अचल सम्पत्तियों के दस्तावेज मिले, एक बैंक लॉकर की तलाशी अभी बाकी



एसीबी को आवास व ठिकानों पर दबिश में लाखों की नगदी मिली।

- **चित्तौड़गढ़ पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को चार लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था**
- **एसीबी ने ट्रैप के लिए डेढ़ लाख भारतीय मुद्रा व 2 लाख 50 हजार डमी कैरेंसी उपयोग में ली**

**उदयपुर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की टीम ने सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड चित्तौड़गढ़ के अधिशासी अभियंता राजेन्द्र प्रसाद लखारा को चार लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एक्सईएन ने यह राशि ठेकेदार से डेढ करोड़ के बकाया बिलों के भुगतान कराने की एवज में मांगी थी। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा बुधवार को चित्तौड़गढ़ में ट्रैप की इस कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान एक्सईएन दीवार फांद कर भागने लगा जिससे नकदी सड़क पर बिखर गई जिसे एकत्रित किया गया। गुरूवार को एसीबी ने उसके आवास व ठिकानों पर दबिश दी। जिसमें 68 लाख 71 हजार रूपए से अधिक की नगदी मिली है। इसके अलावा करोड़ों रूपये बाजार कीमत की चल-अचल सम्पत्तियों के दस्तावेज मिले है। वहीं एक बैंक लॉकर से लाखों की नकदी व आभूषण मिले हैं जबकि एक बैंक लॉकर की तलाशी बाकी है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि एसीबी की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा करवाये जा रहे तीन वर्क आर्डर लागत क्रमशः 1 करोड़ 97 लाख, 2 करोड़ 11 लाख एवं 2 करोड़ 7 लाख रुपये के पेट करीब 2 करोड़ रुपये के कार्य किये गये है जिनके पेटे विभाग द्वारा उसे 1 करोड़ रुपये का भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। उक्त कार्यों के बकाया भुगतान करीब 1 करोड़ रुपये के बिलों को पास करने की एवज में राजेन्द्र प्रसाद लखारा अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड चित्तौड़गढ़ द्वारा पुराने भुगतान में कमीशन 2 लाख रुपये एवं अर्थ वर्क के बिल भुगतान के पेटे 3 लाख 50 हजार रुपये कुल मिलाकर 5 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के अनुसार आरोपी अधिशासी अभियंता द्वारा शिकायत से पूर्व ही 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये हैं तथा 4 लाख रुपये रिश्वत राशि देने के बाद ही पैडिंग बिलों को पास करने को कहा है।

बुधवार रात को एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर पुलिस निरीक्षक आदर्श कुमार, डॉ. सोनू शेखावत द्वारा मय टीम के चित्तौड़गढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र प्रसाद लखारा अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड चित्तौड़गढ़ को परिवादी से 4 लाख रुपये (1 लाख 50 हजार रुपये भारतीय मुद्रा एवं 2 लाख 50 हजार रुपये डमी कैरेंसी) रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि आरोपी अधिशासी अभियंता द्वारा शिकायत से पूर्व ही परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये गये थे। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है।

इधर, दूसरे दिन ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में उसके उदयपुर स्थित आशुतोष पुरम सेक्टर 14 एमपी कॉलोनी स्थित उसके रिहायशी मकान पर ली गई तलाशी में 24 लाख 57 हजार रूपए नकद, नोट गिनने की मशीन, अचल सम्पत्ति में दस भूखण्ड, दो आवासीय मकान, तीन कृषि भूमि एवं तीन चार पहिया वाहन, दो दुपहिया वाहन व दो लॉकर होने की जानकारी मिली है। बीओबी में संधारित लॉकर की तलाशी में 42 लाख 84 हजार रूपए नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण मिले जिनकी कीमत 14 लाख 81 हजार बताई जा रही है। अभियंता के चित्तौड़गढ़ स्थित सरकारी आवास की तलाशी में एक लाख 30 हजार रूपए नकद सहित कुल 68 लाख 71 हजार से अधिक नगद एवं करोड़ों रूपये की चल-अचल सम्पत्तियों के दस्तावेज मिले है।

# गहलोत सरकार ने शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क किया : देवनानी

## '18 पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर आयोजित करने वाली संस्थाओं को कांग्रेस ने बनाया नाथी का बाड़ा'



पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने पोस्टर का विमोचन किया।

- **18 जुलाई को प्रदेश का युवा अजमेर में करेगा युवा आक्रोश महाघेराव : देवनानी**

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने गहलोत सरकार पर युवाओं के सपनो का खून करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चार बजट के पौने तीन लाख सरकारी भर्ती की घोषणा हुई लेकिन मिली सिर्फ 50 हजार। देवनानी ने बेरोजगारी भत्ते के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनावी घोषणापत्र में 70 लाख बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा किया गया। लेकिन इंटर्नशिप अनिवार्य का नियम बनाकर युवाओं को इस भत्ते से दूर कर दिया। हालात यह है कि बेरोजगारी दर और बेरोजगारी से आत्महत्या के मामले में प्रदेश नंबर एक पर है। 25 फीसदी से अधिक श्रमिक बेरोजगार है। 2018 के मुकाबले प्रदेश में बेरोजगारी दुगनी हो गई है।

देवनानी ने कहा कि कांग्रेस राज में पेपर माफिया और संगठित अपराध को प्रोत्साहन मिला हैं। कांग्रेस सरकार के संरक्षण में रीट पेपर लीक का महाघोटाला हुआ जिसमें कांग्रेस पार्टी से जुड़े राजीव गांधी स्टडी सर्किल के लोग भी शामिल है। मामले की सीबीआई जांच होगी तो बड़े चेहरे बेनकाब हो जायेंगे। इसी तरह आरपीएससी पेपर लीक मामले के तार भी ऊंचे स्तर पर बैठे लोगों तक है जिसको दबाने के लिए ही जांच सीबीआई को नहीं सौंपी जा रही। प्रदेश में 2019से दिसंबर 2022 तक एक दर्जन भर्ती परीक्षाएं निरस्त हुई है। देवनानी ने राज्य सरकार पर शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क करने का आरोप लगाया।

देवनानी ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में 18 भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक और उदासीनता के चलते रद्द हुई तो वहीं विफल शिक्षा नीति के चलते स्कूली शिक्षा गुणवत्ता परिषद में रैंकिंग 2019 में दूसरे स्थान से गिरकर 2021 के आंठवे स्थान पर आ गई। शिक्षा और रोजगार के मामले में सरकार ने प्रदेश को शर्मसार करने के अलावा और कुछ नही किया। प्रदेश की 22 फीसदी स्कूलों में बिजली नहीं है तो 70 फीसदी में कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध नहीं। देवनानी ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से अब परेशान हो चुका है। जिस तरह पिछले दिनों भाजपा महिला मोर्चा ने बढ़ते महिला अपराध को लेकर जयपुर में सीएम आवास का महाघेराव किया था उसी तरह अब युवाओं ने कांग्रेस सरकार के छल को समझ लिया है और आगामी 18 जुलाई को अजमेर में प्रदेश भर से युवा शक्ति यहाँ एकत्रित होकर युवा आक्रोश महाघेराव कर सरकार की जड़े हिला देगी। 18 जुलाई को भारतीय जनता युवा मोर्चा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से आरपीएससी तक पैदल मार्च करेगा और आरपीएससी का घेराव किया जायेगा। इसी तरह आने वाले दिनों में हर मोर्चे की और से जनता के साथ किए गए वादाखिलाफी के विरोध में सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा।

शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी बताया कि 18 जुलाई को होने वाले आरपीएससी के महाघेराव के लिए जिला स्तर बैठकों का आयोजन हुआ है। मण्डल एवं वार्ड स्तर पर बैठकों का आयोजन करने के साथ ही विभिन्न कॉचिंग संस्थानों, जीम, ऐकेडिमियों से सम्पर्क किया जायेगा। इसके साथ ही युवा चौपाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि 18 जुलाई को होने वाले महाघेराव के लिए बाद 10 बजे सभी प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बाहर एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुऐ आरपीएसी का घेराव करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में देवनानी के साथ जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, महापौर बृजलता हाड़ा, अजमेर युवा मोर्चा के संगठन प्रभारी जय सिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष राहुल जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रचित कच्छावा आदि मौजूद रहे।

# शेखावाटी में आई तेज बारिश से कई बस्तियों में पानी भरा

## मेघ मेहरबान, किसानों के चेहरे चमके



चूरू में आई तेज बारिश से कई बस्तियों में पानी जमा हो गया।

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में गुरुवार के मेघ मेहरबान होने से किसानों के चेहरे की चमक बढ़ गई है। साथ ही लोगों को उमस से राहत मिली है। इधर चूरू शहर में गुरुवार दोपहर बाद आई तेज बारिश से कई बस्तियों में पानी जमा हो गया। इससे आवागमन बाधित हो गया और निकासी के अभाव में पानी जमा होने से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को चूरू में 16.03 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वहीं न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बारिश के बाद शहर के पुराना बस स्टैंड, लोहिया कॉलेज के सामने, सीटी पोस्ट ऑफिस के सामने, सुभाष चौक, जौहरी सागर क्षेत्र, पंखा सर्किल, नेचर पार्क के सामने, भरतिया अस्पताल के सामने, टाउन हॉल के पास, चान्दनी चौक, जिला कलेक्टर कार्यालय सहित अनेक क्षेत्रों में पानी जमा हो गया।

गौरतलब है कि चूरू शहर में मामूली बारिश के बाद ही निकासी के अभाव में पानी जमा होने से पैर रखने के लिये भी जगह नहीं बचती और तो और जिले के आला अधिकारियों के कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट में भी बारिश का पानी जमा होने से वहां मौजूद अधिकारियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उसे जमा गन्दे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

# वसुंधरा राजे ही होगी सी.एम. का चेहरा : महेश बसावतिया

- **वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश प्रमुख महामंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया की पहली प्रतिक्रिया आई**

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा चुनावों को लेकर मानसून के बादलों की तरह राजनीतिक मौसम रोजाना बदल रहा है। लेकिन शायद मुख्यमंत्री को लेकर राजनीतिक धुंध हटने वाली है। वसुंधरा राजे की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात व बीएल संतोषी के बयान को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश प्रमुख महामंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया की पहली प्रतिक्रिया इस बात को लेकर आई है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि कर्नाटक चुनाव से पहले राजस्थान चुनावों को लेकर अलग नजरिया था। लेकिन उसके बाद की परिस्थितियों ने राजस्थान को लेकर अलग नजरिया अपनाया है।

महेश बसावतिया ने अपने बयान में कहा कि वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री काल को राजस्थान की जनता भुला नहीं पाई है। उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अशोक गहलोत ने भी उनकी योजनाओं की तारीफ कर चुके हैं। राजस्थान में वसुंधरा राजे स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत के बाद भाजपा का एक बहुत बड़ा चेहरा है। राजे हर वर्ग, जाति व धर्म की सर्वमान्य नेता हैं। बीएल संतोष के बयान पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय भारद्वाज व उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा के निर्देशानुसार मंच के समर्पित सिपाही हर विधानसभा में बूथ लेबल पर कार्य कर रहे हैं व भाजपा को वसुंधरा राजे के नेतृत्व मे प्रचंड बहुमत के साथ सता में लाने को कृत संकल्पित है।

# बीमार मां को अगवा करने का आरोप

**बाड़मेर, (निसं)।** संसदीय क्षेत्र बाडमेर में बायतु विधानसभा की पंचायत समिति पाटोदी की बुजुर्ग महिला पंचायत समिति सदस्य कंकू देवी को जबरन अगवा करने के खिलाफ उनके तीन बेटे दिल्ली में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के पास पहुंचे और अपनी बीमार बुजुर्ग मां से मिलाने का आग्रह किया। पीड़ित परिवार के सदस्य तीनों भाइयों भीमाराम, पुखराज और पारसमल ने बताया कि उनके पिताजी दुनिया में नहीं है और मां को गांव वालों के आग्रह पर भारतीय जनता पार्टी से पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुई हैं। पीड़ित भाइयों ने बताया कि आरोपी पक्ष के लोग राजनीतिक स्वार्थ के कारण उनकी बुजुर्ग मां को पंचायत समिति की बैठक के बहाने लेकर गए और अब उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी मां बीमार रहने के कारण उन्हें दवाई की भी जरूरत है, वह उन्हें नहीं मिल रही। इसको लेकर पीड़ित भाइयों ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी से मुलाकात करने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा से मुलाकात की और मामले में दखल देते हुए उन्हें अपनी मां से मिलाने का आग्रह किया।

# डोडा-पोस्त सहित तीन बदमाशों को दबोचा

**सूरतगढ़, (निसं)।** सर्किल की राजियासर थाना पुलिस ने देर शाम को 40 किलो डोडा-पोस्त के साथ कार सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उन पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई को थाना के सामने ही एनएच-62 पर नाकाबंदी के दौरान अंजाम दिया। कार सवार 2 तस्करों और उन्हें एस्कॉर्ट कर रही कार और उसके चालक को भी गिरफ्त में लिया गया है।

राजियासर थाना के कार्यवाहक एसएचओ पृथ्वीराज बिश्नोई ने बताया कि बुधवार शाम को सूरतगढ़ बीकानेर नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस थाने के सामने पुलिस द्वारा वाहनों को चेकिंग के लिए रुकवाता देख एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार के चालक ने पीछे से आ रही दूसरी सफेद रंग की कार को वापस मुड़ने का इशारा करने किया और खुद की गाड़ी को भी भगाने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। इस तरह से वापस मुड़ने और भागने की वजह जाननी चाही तो कार सवार युवक घबरा गए और कोई संतोषजनक जबाव नहीं दे पाए। जिसके बाद ली गई तलाशी के दौरान पीछे आ रही कार की डिग्गी में रखे दो काले रंग के थैलों में 40 किलो डोडा पोस्त मिला। पूछताछ में युवकों ने खुद को जैतसर थाना क्षेत्र के 15 जीबी का निवासी विशाल पुत्र भवानिशंकर, 1 जेकेएम निवासी सुनील पुत्र मनफूलराम और बुगिया निवासी नवीन पुत्र हंसराज होना बताया, जिस पर तीनों को अरेस्ट कर लिया गया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त कारों को भी जब्त कर लिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में एएसआई जगमोहन मीणा, हेड कांस्टेबल मोहम्मद असलम, विनोद भोभिया, आत्माराम, भादरराम, कालूराम साहू शामिल रहे। कार्यवाहक एसएचओ ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज इस प्रकरण की आगे की जांच सूरतगढ़ सिटी थाना की एसआई रचना बिश्नोई को सौंपी गई है। वहीं, जांच अधिकारी एसआई बिश्नाई ने बताया कि तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# युवक की मौत के बाद एम्स में परिजनों का धरना जारी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में इलाज के लिए लाए युवक की मौत के बाद अब परिजन और समाज के लोग धरने पर बैठ गए। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए टक्कर मारने वाले चालक और प्राइवेट हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बॉडी उठाने से इनकार कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझाइश की। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन धरना हटाने को राजी हुए।

मृतक के परिवार के धर्माराम प्रजापत ने बताया कि उनका भतीजा जीताराम मजदूरी कर रात को बाइक से घर लौट रहा था। 23 जून को रात के समय सोजत रोड फिटकासनी के पास एक बोलेरो कैंपर चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद उसे इलाज के लिए एमडीएम ट्रॉमा सेंटर लाया गया। यहां इलाज के दौरान 24 जून को बोन एंड जॉइंट हॉस्पिटल में लेकर गए। हॉस्पिटल में उसे 3 दिन तक उसे एडमिट रखा गया। यहां ऑपरेशन के बाद 27 जून को डिस्चार्ज किया। 12 जुलाई को सुबह 11 बजे पांव में तेज दर्द होने और तबीयत बिगड़ने पर उसे बोन एंड जॉइंट हॉस्पिटल लेकर गए जहां उसका चेकअप कर ड्रेसिंग की गई। आरोप है कि यहां से घर लाते समय ही उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर आनन-फानन में परिजन गंभीर अवस्था में उसे एम्स लेकर आए। यहां इलाज के दौरान जीताराम की मौत हो गई।

# विवाहिता का कुएं में सात दिन पुराना शव मिला

- **घटना की सूचना पर ससुराल तथा पीहर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे**



पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए एफएसएल टीम बुलाई।

**सांभरझील, (निसं)।** करणी विहार कॉलोनी के पास गोपालपुरा में कृषक मांगीलाल बासनीवाल के कुएं में 27 वर्षीय विवाहिता का करीब सात दिन पुराना सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पानी में पड़े रहने के कारण शव में कीड़े भी पड चुके थे। खेत मालिक को बदबू आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के आधार पर सांभर डिप्टी लक्ष्मी सुथार, तहसीलदार कृष्णा शर्मा सहित सांभर पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त इंदिरा देवी निवासी मारोठ के रूप में हुई। महिला का ससुराल साखून गांव में बताया जा रहा हैं। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए एफएसएल टीम बुलाई और मौके से साक्ष्य जुटाए।

घटना की सूचना पर ससुराल तथा पीहर पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ससुराल पक्ष ने बताया कि मृतका के पड़ोसी युवक से अवैध संबंध थे। 5 जुलाई को महिला के साथ संदिग्ध अवस्था में युवक को देखा गया था। ससुराल पक्ष द्वारा 6 जुलाई को महिला को पीहर में छोड़कर जाने की बात कही गई। मृतका की मां ने बताया कि 6 जुलाई को मेरी बेटी घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 7 जुलाई को थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# कुलदीप जघीना का शव परिजनों को सौंपा

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शव को पुलिस जाप्ते के साथ जघीना गांव पहुंचाया



भारी पुलिस जाप्ते के बीच कुलदीप जघीना के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

- **कुलदीप जघीना की बुधवार को आमोली टोल पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी**

**भरतपुर (निस)।** गुरूवार को भारी पुलिस जाप्ते के बीच न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी कुलदीप जघीना के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मृतक कुलदीप के शव को पुलिस जाप्ते के साथ जघीना गांव पहुंचाया गया। जहां कुलदीप के समर्थक सुबह इस बात को लेकर विरोध जता रहे थे कि जब कि मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती वह शव का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। वहीं पुलिस की समझाइश के बाद मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सीओ सिटी नगेन्द्र कुमार, डीवाईएसपी सीताराम सहित भारी संख्या में पुलिस का जाप्ता मोर्चरी पर मौजूद रहा।

कुलदीप की बुधवार दोपहर आमोली टोल पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। लेकिन कुलदीप के परिजनों एवं समर्थकों ने सुबह इस बात को लेकर अपना कडा विरोध जताया कि मुख्य आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है जो इस घटना में शामिल रहे। उनका कहना था कि आरोपियों के चेहरे सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए हैं। उसके बाद भी मुख्य आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है। जिसे लेकर सुबह असमंजस की स्थिति बनी रही। जिसके बाद समझाइस के बाद मामला शांत हुआ और मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को शव सौंप दिया।

जिसके बाद पुलिस जाप्ते के साथ मृतक के शव को गांव जघीना तक पहुंचाया गया। जहां सैंकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों के बीच कुलदीप जघीना का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पुलिस के आला अधिकारी भी गांव में मौजूद रहे। कुलदीप जघीना को जयपुर से कोर्ट पेशी के लिए रोडवेज बस से भरतपुर लाते समय बुधवार को नेशनल हाईवे के आमोली टोल प्लाजा के पास गोली मारकर हत्या कर देने और उसके साथी को घायल कर देने के बाद कार से भागे दो बदमाशों को पुलिस की ओर से पकड़े जाने के बाद बयाना की एक कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर पुलिस को सौंपा गया है। जबकि इनके साथ पकड़े गए दो अन्य बदमाशों का धौलपुर के अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस उप अधीक्षक दिनेश यादव ने बताया कि पकड़े गए बदमाश सौरभ जाट व धर्मराज को आज कड़ी पुलिस सुरक्षा में बयाना कोर्ट में पेश किया गया जिन्हें 5 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। इस मामले की जांच अब बयाना पुलिस कोतवाली प्रभारी हरि नारायण मीणा को सौंपी गई है। इधर, पकडे गए चारों बदमाशों के विरुद्ध थाना रुदावल में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सफाई दक्षता के 50 व इंटरव्यू के 30 अंक से होगा सफाईकर्मियों का चयन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राज्य के नगरीय निकायों में साढ़े 13 हजार पदों पर होने वाली सफाईकर्मियों की भर्ती इस बार मुश्किल है। अभ्यर्थी को सफाई दक्षता की 50 अंक की परीक्षा से गुजरना होगा। जिसमें शौचालय, नाले-नालियों व कचरा स्टेशन की सफाई, गीला-सूखा कचरा छांटने, सीवरेज सफाई के संसाधनों के प्रयोग और पार्कों की सफाई की परीक्षा से गुजरना पड़ेगा। इसके बाद अभ्यर्थी को 30 अंक इंटरव्यू के आधार पर दिए जाएंगे। यह इंटरव्यू संबंधित निकाय के महापौर-उपमहापौर, सफाई समिति और अधिकारी लेंगे। स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा ने गत 11 जुलाई को आदेश जारी कर भर्ती प्रक्रिया और इंटरव्यू के लिए चयन समिति का गठन किया है। इसके लिए स्वायत्त शासन निदेशक ने सभी जिला कलेक्टर और सभी नगरीय निकायों के आयुक्त/अधिशाषी अधिकारियों को पत्र लिखा है।

आदेश के मुताबिक प्रत्येक नगरीय निकाय में चयन समिति का अध्यक्ष महापौर/सभापति होगा, जबकि सदस्य सचिव उस निकाय का मुख्य नगरपालिका अधिकारी होगा। इसके अलावा उपमहापौर-उपसभापति, सफाई समिति के अध्यक्ष, कलेक्टर द्वारा मनोनीत आर.ए.एस. अधिकारी अथवा तहसीलदार, चिकित्सा अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक (ठोस कचरा प्रबंधक) भी इस कमेटी में सदस्य होंगे। जहां-जहां पर इन कमेटी में से कोई सदस्य उपलब्ध नहीं होगा तो वहां सदस्य सचिव वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे।



- सभी नगरीय निकायों में महापौर-उपमहापौर, सफाई समिति व अधिकारियों की कमेटी लेगी अभ्यर्थी का 30 अंक का साक्षात्कार
- इससे पहले अभ्यर्थी को शौचालय, नाले-नालियों व कचरा स्टेशन की सफाई, गीला-सूखा कचरा छांटने व सीवरेज सफाई के उपकरणों के प्रयोग की 50 अंक वाली परीक्षा से गुजरना पड़ेगा

बताया जा रहा है कि सफाईकर्मी के लिए अभ्यर्थी का चयन सफाई दक्षता के कार्यों और इंटरव्यू के 80 अंकों के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थियों को मौके पर ले जाकर शौचालय व नाले-नालियों की सफाई, कचरा प्वाइंट से कचरा निस्तारण, गीला-सूखा कचरा छांटने, सीवरेज संसाधनों के प्रयोग और पार्कों की सफाई के कामों में से कोई भी 4 कार्य करवाकर देखे जाएंगे।

इसके बाद चयन समिति इंटरव्यू लेगी, लेकिन वह पूरा कार्य वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ किया जायेगा। इसमें भी पारंपरिक सफाई के कार्यों से जुड़े लोगों, विधवा व तलाकशुदा महिलाओं व तुलनात्मक रूप से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। चयन समिति प्रतिदिन अभ्यर्थियों को दिए हुए अंकों पर हस्ताक्षर करके उसे सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखेगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में नई नगरीय निकायों का गठन तो कर दिया, लेकिन सफाईकर्मियों के अभाव में वहां हालात बिगड़े हुए है। ऐसे में स्वायत्त शासन विभाग ने साढ़े 13 हजार पदों पर भर्ती निकाली है, जो कि नगरीय निकायों में अलग-अलग पदों के मुताबिक होगी।

# शादी के 3 दिन बाद गहने व नकदी लूटकर भागी दुल्हन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में घर से गहने-नकदी लूट कर एक दुल्हन फरार हो गई। शादी के बाद 3 दिन तक नई नवेली दुल्हन ससुराल में रही। सुहागरात को लेकर पति को बहाना बनाकर बेवकूफ बनाती रही। घर से भागी लुटेरी दुल्हन को तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चला। एजेंट ने शादी करवाने के एवज में पीड़ित युवक से लाखों रुपए वसूले थे। बिंदायका थाने में पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन सहित गैंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

- पड़ौसी और उसके परिचित ने डेढ़ लाख रुपये लेकर उत्तरप्रदेश की युवती से जयपुर में करवाई थी शादी

पुलिस ने बताया कि बिंदायका निवासी 35 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह बिंदायका स्थित एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। अप्रैल महीने में पडौसी गोपाल प्रजापत ने उसकी शादी करवाने की कहा। शादी कराने के एवज में पैसा खर्च करने की डिमांड की। घरवालों से बात करने पर वह सहमत हो गई। पडौसी गोपाल ने अपने दोस्त पप्पू जांगिड़ से शादी करवाने को कहा। पप्पू ने उत्तर प्रदेश के परिचित एजेंट खान को कॉल कर बातचीत कर शादी के लिए खर्चा तय कर लिया। एजेंट ने शादी कराने की एवज में 1.50 लाख रुपए की डिमांड की थी। गत 16 अप्रैल को पप्पू जांगिड़ ने लड़के के परिवार को बताया कि लड़की और उसके रिश्तेदार जयपुर आ गए है। सिंधी कैम्प स्थित एक होटल में रूके हुए है। पडौसी गोपाल और पप्पू दोनों लड़के को लेकर होटल में पहुंच गए। होटल में दो लड़कियां अंतिमा (23) व उसकी बुआ उर्मिला (29), उनका भाई और एजेंट खान आए थे। शादी के लिए उर्मिला (29) को दिखाया गया। पसंद नहीं आने पर अंतिमा (23) से शादी कराने का ऑफर किया। अंतिमा से शादी का तय होने पर लड़के से होटल में रूकने के खर्च के 2 हजार रुपए लिए गए।

दोनों के बीच बातचीत होने पर तय किया गया। पहले कोर्ट में लिखा-पढ़ी कर लेते है, उसके बाद कोर्ट में शादी करवा देंगे। गत 19 अप्रैल को 500 रुपए के स्टाम्प पेपर पर लिव-इन-रिलेशनशिप का डॉक्यूमेंट तैयार करवाया गया। दूल्हा-दुल्हन दोनों के डॉक्यूमेंट पर साइन करवाए गए।

गवाह के तौर पर बुआ उर्मिला के साइन करवा दिए। जिसके बाद खिरणी फाटक स्थित गणेश मंदिर में एक-दूसरे के गले में माला पहनाकर शादी कर दी। दुल्हन की मांग के सिंदूर भरकर शादी होना मना लिया गया। दुल्हन को घर छोड़ने के दौरान 1 लाख रुपए एजेंट खान ने लिए। उसके साथ ही 55 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए।

पीड़ित दूल्हे ने बताया कि 19 अप्रैल को दुल्हन अपने ससुराल में आकर रहने लगी। सुहागरात को लेकर पति को बहाना बनाकर बेवकूफ बनाती रही। मोबाइल स्टेट्स पर लगाया उसका फोटो हटाने के पीछे पड़ गई। बोली कि स्टेट्स लगाकर मरवाओंगे क्या मुझे? पर मैं उसकी बात को समझ नहीं सका। तीन दिन पत्नी बनकर रहने के बाद 22 अप्रैल की रात करीब 3-4 बजे अलमारी में रहे सोने-चांदी के गहने, कैश और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। सुबह करीब 4:15 बजे नींद खुलने पर पत्नी गायब मिली। काफी ढूंढने के साथ ही अलमारी में रखा सोने का ज्योला, चांदी की पायजेब व बिछिया सहित कैश-मोबाइल गायब मिला। परिवार को नई नवेली दुल्हन के गहने-कैश लूटकर भागने का पता चला। कॉन्टैक्ट करने पर मिली धमकियों से परेशान होकर पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया।

## 45 करोड़ रुपये की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

**जयपुर** । जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने खोह-नागोरियान इलाके के करीम नगर में 5 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस जमीन की बाजार में कीमत 45 करोड़ रुपए आंकी गई है।

प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया कि खो नागोरियान स्थित करीम नगर में जीडीए स्वामित्व की 5 बीघा भूमि पर भूमाफिया ने कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिए थे। कार्रवाई के दौरान सभी को ध्वस्त कर दिया गया।

इसके अलावा पृथ्वीराज नगर (दक्षिण) के डॉ.राजेंद्र प्रसाद नगर में अनुमोदित नक्शे के विपरीत बन रहे बेसमेंट को सील किया। मई 2021 में जेडीए ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद निर्माणकर्ता ने बेसमेंट का विक्रय कर दिया। दुबारा नोटिस जारी होने के बाद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद जेडीए ने बेसमेंट को सील कर दिया। खो नागोरियान में 5 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही ऑफिसर्स कैंपस, द्वितीय नाम की कॉलोनी को प्रवर्तन शाखा ने ध्वस्त किया। ग्राम लूनियावास में भी 5 बीघा कृषि भूमि पर बसी अवैध श्रीजी नगर कॉलोनी में अवैध निर्माण तोड़े।

# नियम समिति में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर रोष जताया

## राइट-टू-हैल्थ बिल के नियम व उप नियम बनाने वाली समिति का मुद्दा

**जयपुर** । राइट-टू-हैल्थ बिल के नियम व उप नियम बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से गठित समिति में प्राईवेट सेक्टर के शून्य प्रतिनिधित्व पर प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी (पीएचएनएचएस) ने रोष व्यक्त किया है।

- राज्य सरकार द्वारा गठित इस समिति में प्राइवेट सेक्टर के शून्य प्रतिनिधित्व से प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी नाराज

प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने इस तथाकथित समिति के गठन पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि अगर इस समिति में प्राईवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किया जाता है तो इसके द्वारा बनाए गए किसी भी प्रकार के नियम या उपनियम प्राईवेट सेक्टर को मान्य नहीं होंगे। पूर्व में भी सरकार ने हितधारकों की अनदेखी करते हुए कुछ तत्वों के गुमराह करने पर मनमाने तरीक़े से इस बिल की रूपरेखा बनाई थी। जिसके फलस्वरूप राज्य में अब तक का सबसे उग्र आंदोलन चिकित्सकों द्वारा किया गया था। डॉ. विजय कपूर ने सरकार में बैठे ऐसे अतार्किक व अव्यवहारिक निर्णय लेने वाले अफ़सरों को चेताते हुए कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर अब चिकित्सक समुदाय की भावनाओं को हल्के में लेने की भूल न की जाए। डॉ. विजय कपूर ने कहा कि राईट टू हैल्थ बिल का सबसे ज़्यादा और व्यापक असर प्राईवेट अस्पतालों पर होगा और अगर सरकार इस समिति में प्राईवेट सेक्टर को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देती है तो राज्य के चिकित्सक एक बार फिर आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे।

## रिलायंस की 'डिजिटल इंडिया सेल' आज से

**जयपुर** (कासं)। रिलायंस डिजिटल की ओर से 14 जुलाई से शुरू होने वाली 'डिजिटल इंडिया सेल' को लॉन्च कर दिया गया है। इस सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स सेल में ग्राहकों को कई आकर्षक ऑफर्स और डिस्काउंट (छूट) मिलेंगे। जिनमें प्रमुख क्रेडिट व डेबिट कार्ड्स पर 10 हजार रुपये तक की तुरंत छूट और प्राइस मैच गारंटी भी शामिल है। ग्राहक 16 जुलाई तक किसी भी रिलायंस डिजिटल स्टोर्स अथवा माय जियो स्टोर्स से या फिर रिलायंस डिजिटल की वेबसाइट से ऑफर्स का फायदा उठा सकेंगे। इस सेल के दौरान ग्राहकों को आसान फाइनेंस सुविधा और किश्तों पर भुगतान का विकल्प भी दिया जायेगा। कंपनी के मुताबिक इस सेल में हाल ही में लॉन्च हुए ओप्पो रेनो-10 प्रो-5जी सीरीज सले लेकर सैमसंग गैलेक्सी एस-23 अल्ट्रा जैसे स्मार्टफोन और लैपटॉप, यूएचडी टीवी, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर भी मिलेंगे। चुनिंदा वॉशिंग मशीनों की खरीद पर 3850 रुपये का मिक्सर ग्राइंडर भी मुफ्त दिया जायेगा।

# युवतियों को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम पर लड़कियों की चुराई हुई फोटो एडिट कर अश्लील बनाता था

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले एक आरोपी को बुधवार देर रात भरतपुर से गिरफ्तार किया है। बताया जा है कि गिरफ्तार आरोपित एडिट अश्लील फोटो को पोस्ट कर लड़कियों से ब्लैकमेलिंग करता था। साथ ही सोशल मीडिया से लड़कियों की फोटो चुराने के बाद उन्हे एडिट कर अश्लील फोटोज बना कर इंस्टाग्राम पर बनाई फेक आईडी से उनको पोस्ट कर ब्लैकमेल करता था। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले एक आरोपित दीपक कुमार (23) निवासी बयाना जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में 13 मई को मुरलीपुरा निवासी युवती ने ने मामला दर्ज करवाया था कि इंस्टाग्राम पर किसी अनजान व्यक्ति ने अपनी आईडी पर उसकी फोटो अपलोड कर दी है। तीन दिन से उसकी फोटो का मिस यूज कर धमका रहा है। अश्लील फोटो पर उसका चेहरा लगाकर एडिट कर उसको भेज रहा है। एडिट अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है। इस पर एक पुलिस टीम का गठन कर आरोपी को ट्रेस आउट किया। पुलिस टीम ने बुधवार रात भरतपुर में दबिश देकर आरोपी दीपक कुमार को पकड़ा। पुलिस टीम आरोपी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जयपुर ले आई है। जिसके कब्जे से वारदात में यूज मोबाइल व सिमकार्ड को जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बना रखी है। इंस्टाग्राम पर लड़कियों की आईडी से वह फोटोज चुरा लेता था। अश्लील फोटो पर उनका चेहरा एडिटिंग ऐप के जरिए लगाता। एडिट कर अश्लील फोटो बनाने के बाद उनको पोस्ट कर ब्लैकमेल करता था।

## सार-समाचार

### 'जयपुर-नैरोबी में दोस्ताना संबंध बनें'



**जयपुर** । नैरोबी (केन्या) पूर्वी अफ्रीकी देशों के साथ राजस्थान के व्यापारिक एवं सांस्कृतिक रिश्तों की डोर मजबूत करने पर बल देते हुए कांग्रेस नेता गिरिराज खंडेलवाल ने कहा है कि जयपुर और नेरौबी दोनों विश्व-विख्यात शहर हैं। इन्हें परस्पर फ्रेंडली सिटी के रूप में और नजदीक आना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान से केन्या को हर साल करीब 512 करोड़ रूपये के सामान का निर्यात हो रहा है। इसमें बहुत बढ़ोतरी संभव है। पर्यटन दोनों राजस्थान और केन्या को करीब लाएगा। गिरिराज खंडेलवाल ने यह बात केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों से संवाद के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने राजसिको की प्रबंध निदेशक मनीषा अरोड़ा से भी मुलाकात की। राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के प्रतिनिधिमंडल में नैरोबी आये गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि जयपुर और नैरोबी दोनों में जवाहरात, हस्तशिल्प, ग्रेनाइट, ऑटोमोटिव, वस्त्र, कृषि उपकरणों, खाद्य प्रसंस्करण जैसे अनेक क्षेत्रों में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं।

### दवा कंपनी में गबन करने वाला दबोचा

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना पुलिस ने दवा व्यापारी के अस्सी लाख रुपए गबन के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है आरोपी जुए और सट्टे खेलने का आदि है।पुलिस के बताए अनुसार जयपुर में दवा कंपनी गाइनो डायग्रोस्टिक में दीपक जैन कैशियर के पद पर काम करता था और पैसो के सारे लेनदेन खुद करता था। दीपक जैन सट्टे में काफी पैसा हार गया था। जिसके बाद आरोपी ने कंपनी के 69 लाख रुपए अपने रिश्तेदार के खाते में ट्रांसफर किए और 12 लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गया था। गबन का मामला दर्ज होने के बाद आरोपी कई शहरों में फरारी काटता रहा। काफी फरारी काटने के बाद आरोपी खुद के भाई की शादी में शामिल होने के लिए कामां सिंघल मैरिज गार्डन पहुंचा था। लेकिन पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को दबोच लिया।सट्टे की लत ने बनाया अपराधीबताया जा रहा है की दीपक जैन पढ़ाई में काफी होशियार था और दवा कंपनी में काफी लम्बे समय से काम कर रहा था। लेकिन कुछ गलत दोस्तों की वजह से इसे सट्टा खेलने की लत लग गई थी जिसकी वजह से इसने कई लोगों से उधार पैसे ले रखे थे और वही चुकाने के चक्कर में ये कंपनी के लाखों रुपए गबन कर फरार हो गया था। दीपक ने अपने किन रिश्तेदारों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए है उनकी डिटेल निकाली जा रही है।

### हनीट्रेप में फांसकर युवक से ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में हनीट्रेप में फांसकर एक युवक से ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने बेटे के दोस्तों पर ही साजिश रचकर युवती के साथ मिलकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि दुष्कर्म के दर्ज मामले में युवती से राजीनामे के बदले रुपयों की मांग की जा रही है। करणी विहार थाने में युवक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि चित्रकूट निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि करणी विहार थाने में कुछ दिनों पहले उनके बेटे पर दिल्ली निवासी लड़की ने रेप केस किया। नशीला पदार्थ खिलाकर गलत काम करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। रेप पीड़िता की ओर से दिनेश यादव भाई बनकर आया था। भाई बनकर आया दिनेश कोई ओर नहीं, बल्कि उसके बेटे के दोस्त राजीव यादव उर्फ राजू का साला है। राजीव उर्फ राजू, आशीष सिंधी, दिनेश यादव और मुन्ना निवासी कोटा बेटे के पहले के जानकार थे। आरोप है कि दोस्तों ने ही साजिश रचकर हनीट्रेप कर ब्लैकमेलिंग की साजिश रची। केस दर्ज कराने के बाद आरोपियों की ओर से कहा कि आप हमको रुपयों की व्यवस्था करके दो। हम आपका लड़की से राजीनामा करवा देंगे। लगातार धमकी देकर रुपए देने के लिए दबाव डाल रहे है। धमका रहे है कि रुपए नहीं दिए तो जल्दी ही बेटे को जेल में डलवा देंगे। लड़के के पिता की ओर से सबूत देते हुए करणी विहार थाने मे एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है।

### 19 हजार करोड़ का क्लेम वितरित

**जयपुर**, (का.सं.)। खेती-किसानी का कार्य करते समय किसानों को कभी मौसम की तो कभी प्राकृतिक आपदाओं की मार झेलनी पड़ती है। जिसके चलते किसान पसीने से सिंचित फसल की पैदावार का पूरा लाभ नही ले पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा फसल खराबे से पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना के माध्यम से खराब हुई फसल की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा क्लेम दिया जाता है। राज्य सरकार का यह कदम किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा समय पर बीमा पॉलिसी नहीं मिलने की समस्या के निराकरण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पहल करते हुए खरीफ 2021 से किसानों को बीमा पॉलिसियों का वितरण शुरू किया गया। इसके उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा भी राज्य सरकार की तर्ज पर रबी 2021-22 से मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान पूरे देश में लागू कर काश्तकारों को बीमा पॉलिसियां वितरित करना शुरू किया है, जो राज्य सरकार के लिए गर्व और खुशी का विषय है। कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने कहा कि प्रदेश में गत चार वर्षों में लगभग 956.42 लाख फसल बीमा पॉलिसियों का सृजन हुआ है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 210 लाख फसल बीमा पॉलिसियों पर पोर्टल के माध्यम से 19 हजार 900 करोड़ रुपये का फसल बीमा क्लेम वितरित कर राजस्थान पूरे देश में अव्वल है।

# इंडक्शन-2023 कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम

**जयपुर**, (का.सं.)। स्वास्थ कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ इंडक्शन-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार शर्मा रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता ने सभी नये विद्यार्थियों के लिए स्वागत भाषण दिया। डॉ. शर्मा ने बताया कि होम्योपैथिक में उन सभी बीमारियों का इलाज है, जिनका इलाज दूसरी पैथी मे नहीं होता। डॉ. प्रान्जली अग्रवाल ने महाविद्यालय की सोशल मीडिया टीम, डॉ. अपूर्वा दीक्षित ने स्वास्थ्य कल्याण संस्था एवं डॉ. चारुल अग्रवाल ने होम्योपैथिक पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. अरुण चोगले , सीए श्रद्धा भंडारी, कॉलेज निदेशक डॉ. पंकज शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्टूडेंट ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समा बाधा। इस अवसर पर रैन थीम आधारित सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने लालों की कतार लगी रहीं। अतिथियों ने भी इसका लुत्फ़ उठाया।




**स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के उपलक्ष्य में इंडक्शन-2023 कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

## सतीश देपाल ने संभाला कार्यभार

**जयपुर**, (का.सं.)। मंयक कुमार, उप महानिदेशक अभियांत्रिकी का आकाशवाणी जयपुर से आकाशवाणी आगरा में समान संवर्ग में स्थानान्तरण हो जाने के कारण सतीश देपाल, उप महानिदेशक अभियांत्रिकी ने 12 जुलाई को दूरदर्शन जयपुर में अतिरिक्त आकाशवाणी जयपुर के उप महानिदेशक एवं कार्यालय प्रमुख का भी अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे राजस्थान स्थित सभी आकाशवाणी केन्द्रों के जोनल प्रमुख का कार्य भी देखेंगे। सतीश देपाल भारतीय प्रसारण सेवा (इंजिनियरिंग) के 1991 बैच के अधिकारी हैं। वे दूरदर्शन के अतिरिक्त आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। देपाल के नेतृत्व में पूर्व में आकाशवाणी उदयपुर एवं बांसवाड़ा को बेस्ट मेन्टेण्ड केन्द्रों के सम्मान से पुरस्कृत किया गया एवं राजभाषा के भी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

# सेन्ट्रल जेल में फिर मिले मोबाइल फोन

**जयपुर** । राजधानी जयपुर की सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार जेल में मौजूद महिला बंदियों से कॉन्टैक्ट के लिए पार्सल में मोबाइल पहुंचाए गए। जेल प्रशासन को पैकेट में सिम कार्ड लगे 3 टच स्क्रीन सेल फोन व चार्जर मिले है। लालकोठी थाने में जेल प्रशासन की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस जांच कर रही है कि ये मोबाइल किन बदमाशों ने और किन महिला बंदियों के लिए पहुंचाए थे। पुलिस ने बताया कि जेल प्रहरी कृष्णा कुमारी ने लालकोठी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह महिला बंदी सुधार गृह में तैनात है। गत 12 जुलाई को सुबह करीब 5:30 बजे जेल खुलने से पहले महिला प्रहरी सुमन चौधरी के साथ गश्त पर थी। टिकट नंबर-3 और 4 के कॉर्नर पर 2 पैकिट लावारिस हालत में पड़े मिले। पैकिट खोलकर देखने पर उसमें 3 टच स्क्रीन मोबाइल, 3 सिम कार्ड और 5 डाटा केबल सहित चार्जर मिले। महिला बंदियों से कॉन्टैक्ट के लिए जेल के महिला बंदी वार्ड में पार्सल फेंका गया था। जेल प्रशासन की ओर से लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पड़ताल कर रही है कि ये मोबाइल रखकर ये पैकेट जेल तक कैसे पहुंचे। किन महिला बंदियों से कॉन्टैक्ट के लिए सेलफोन पहुंचाए गए है। गौरतलब है कि करीब 20 दिन पहले भी जयपुर सेंट्रल जेल में पैकिट मिला था। पैकट खोलकर देखने पर उसमें 3 मोबाइल रखे मिले थे। जेल में बंद कैदियों से कॉन्टैक्ट के लिए दीवार के ऊपर से पैकिट फेंका गया था। इससे पहले भी कई बार जेल में मोबाइल मिले है। जेल में मोबाइल के खेल के बारे में पुलिस जांच कर रही है।

# मादक पदार्थ तस्कर दबोचे

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ ट्रांसपोर्ट नगर, सांगानेर सदर, मानसरोवर एवं करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 01.34 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, गांजा 343 ग्राम गांजा, बिक्री राशि 9 हजार 510 रुपये बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया की जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" अभियान के तहत सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए सावित्री सांसी (45) निवासी आंधी जिला जयपुर ग्रामीण हाल ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर, छोटुलाल कुम्हार (40) निवासी रेनवाल मांजी जिला जयपुर,ओमप्रकाश सुनार (50) निवासी सरवाड जिला अजमेर हाल मानसरोवर और अजय शर्मा (24) निवासी कालवाड़ रोड करधनी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 1.34 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, गांजा 343 ग्राम गांजा, बिक्री राशि 9 हजार 510 रुपये बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपी सावित्री सांसी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि अवैध मादक पदार्थ स्मैक उसका पति मुकेश सांसी खरीद कर लाता है। वह कहां से लेकर आता है इसकी उसे जानकारी नहीं है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी छोटुलाल कुम्हार यह अवैध मादक पदार्थ गांजा अज्ञात व्यक्ति से खरीदकर लाकर लाता है। गिरफ्तार आरोपित ओमप्रकाश सुनार से प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा गीता सांसी मान्यावास मानसरोवर से खरीदकर सप्लाई करती है। वहीं गिरफ्तार आरोपित अजय शर्मा अवैध मादक पदार्थ गांजा अज्ञात व्यक्ति से खरीदकर लाता है और मादक पदार्थ स्मैक-गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर मजदूर वर्ग एंव स्कूली छात्राओं को बेचता है। गिरफ्तार आरोपितो से मादक पदार्थ स्मैक एवं गांजा के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रहे हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 2 घंटे बाजारों में पैदल घूमकर महापौर ने की समझाइश

**जयपुर** । स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 को लेकर महापौर डॉ. सौम्या ने समिति चैयरमैनों के साथ 2 घंटे तक टोंक रोड पर पैदल दौरा कर लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जागरूक किया। महापौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण एप डाउनलोड करने और गीले एवं सूखे कचरे के लिये अलग-अलग डस्टबिन रखने की लोगों से अपील की। अब शुक्रवार से प्रतिदिन 7 बजे से जोनवार सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाएगा।

महापौर सौम्या गुर्जर ने गैराज, उद्यान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति, लाईसेंस समिति, भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति सहित अन्य समितियों के चैयरमेन के साथ निगम मुख्यालय से स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत जन जागरूकता के लिए दौरे की शुरूआत की। डॉ. सौम्या ने 2 घंटे से भी अधिक समय तक टोंक रोड का पैदल ही दौरा कर सभी दुकानदारों, कोचिग संस्थानों के छात्र-छात्राओं को, थड़ी ठेले वालों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में भाग लेने के लिए स्वच्छता एप डाउनलोड करने तथा फीडबैक देने के सम्बन्ध में अपील की। इस दौरान डॉ. सौम्या ने सभी दुकानदारों को कहा कि जयपुर शहर को स्वच्छ रखना एक नैतिक जिम्मेदारी है, जिसका सभी को निर्वहन करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों के बाहर कचरा पात्र नहीं रखे जाने पर नाराजगी जताते हुये हरा एवं नीला कचरा पात्र रखने के निर्देश दिये। कुछ जगह टूटे हुए डस्टबिन ही रखे हुए थे, उनकी जगह नये डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए। सड़क पर कचरा दिखने पर महापौर ने सीएसआई को फटकार लगाई और लोगों से समझाइश भी की। निरीक्षण के दौरान उद्यान समिति चेयरमैन राखी राठौड़, गैराज समिति के चैयरमेन विनोद चैधरी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के चैयरमेन रामकिशोर प्रजापत, अभय पुरोहित, भवन अनुज्ञा एवं संकर्म समिति के चैयरमेन जितेन्द्र श्रीमाली, लाईसेंस समिति चैयरमेन रमेश चन्द्र सैनी, पशु नियत्रंण एवं संरक्षण समिति के चैयरमेन अरूण कुमार वर्मा मौजूद थे।



**महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गुरूवार को टोंक रोड पर प्रत्येक थड़ी-ठेले वाले और दुकानदारों को स्वच्छ सर्वेक्षण में हिस्सा लेने का आग्रह किया।**



## Shark Awareness Day

Contrary to what you might expect, the purpose of Shark Awareness Day is not to stand on the beach and shout out warnings to terrified swimmers and surfers! Like top predators in any ecosystem, sharks play an essential role in keeping the seas healthy and productive, and yet various threats make these ocean oligarchs a persecuted and vulnerable species. While no one is suggesting we go out and hug a great white on Shark Awareness Day, it's the least we can do to respect these wonderful creatures and help protect them.



#REJUVENATION

# Fighting Fatigue

Here are some ways to get through the day when you're knackered.



Do you drag yourself out of bed, bone tired? Stifle yawns over your morning coffee? Find your eyelids drooping during the kids' story time? Welcome to 2023, which has been dubbed the year of "hyperfatigue". Everyone is exhausted. Yet everyone is struggling to sleep. So if you find your days stalked by sleepiness, what strategies are out there?

In the age of hyper-fatigue, a good night's sleep is often hard to come by. Here are some ways to get through the day when you're knackered.

### Think Positive

"If you're exhausted, day-in, day-out, there may be a physical basis for your exhaustion, and no amount of positive thinking is going to sort that out," says Dr NerinaRamlakhan, sleep and energy expert and author of books including Tired But Wired. If that's the case, see your doctor.

But if it's just the odd day when you feel you're running on empty, try positive thinking. Constant negative thoughts are depleting, says Ramlakhan, but your brain has a natural negativity bias. Our survival as hunter-gatherers depended on picking up and storing negative information. In the aftermath of a global pandemic, this poses a particular challenge. Especially as fatigue is a common side effect of anxiety.

It takes microseconds to embed a negative memory, but 30-40 seconds to embed a positive one, explains Ramlakhan. So slow down. Take conscious stock of happy moments.

### Eat At The Same Time

"New evidence suggests that when we eat, not just what we eat, matters," says Dr Emily Leeming, gut health expert at King's College London. "Hormones like melatonin make you sleepy, while cortisol makes you more alert. If your body clock is off-kilter, these can be released at the wrong times."

Our main internal clock, or circadian rhythm, is found in our brain and is set in part by light and darkness.

When you can, eat your main meals around the same time each day. Your body will then 'know' when mealtime is. It will even start to release a little insulin before a meal, ready to grab the sugars from your food so you'll have more energy and feel more awake.

### Rest Little & Often

Our circadian rhythms are important, says Ramlakhan. "But built into those is a shorter rhythm - the ultradian rhythm - a cycle of about 90 minutes."

She is, therefore, a passionate proponent of regular, short rests, ideally every 90 minutes and for three to five minutes, with occasional longer breaks. "If we were to live in rhythm with our cycles, we'd allow ourselves the intermittent, intentional replenishment of energy. We'd oscillate, rather than drive on relentlessly and into the ground."

Resting does not, however, involve social media scrolling. "We get our energy from physical, mental, emotional and spiritual practices," Ramlakham adds. Her prescription might involve: "eating something healthy, hugging someone, playing with the dog, or going outside to look at the sky."

### Listen To Music

"Music helps counter physical and mental fatigue. We can see its impact on performance when we conduct behavioural studies, and when we use neuroimaging methods to peer into the brain, we can see profound impacts on a neural level too.

Researchers like Karageorghis call this invigorating impact "entrainment" and explore the changes it creates in our brainwaves, breathing rates, heart rates, even our locomotion. But, he says: "DJs also know about it. As soon as they cross the threshold of 120 beats per minute (bpm) with a track, the music energises people and draws them to the dancefloor. It's a critical threshold."


### Vigorous Exercise

When physical activity declines, sleep suffers, says Emmanuel Stamatakis, a professor at Sydney University, who conducted an analysis of data from nearly 40,000 UK adults. His research also suggests that – even in the absence of improved slumber – exercise helps to neutralise some dangers sleeplessness poses to our health, such as a raised risk of heart disease or cancer mortality.

Engaging in three to four, single-minute bouts of "vigorous intermittent lifestyle physical activity" a day, is associated with huge health benefits. Stair climbing, bursts of very fast walking, or walking with heavy shopping bags all qualify. "What we know," he says, "is intensity seems to matter".

### Get Humming

To recover your energy after a meeting, keep your mouth closed, soften the tongue, let there be a slight gap between your upper and lower jaw, then softly but deeply breathe through your nose, in and out.



# NOSTALGIC ON Gen. Sagat's 104 birth anniversary

(...1)




Gen Sagat Singh as a Lt Colonel of 3 Gurkhas.

Actually the mission was a great success, the crossing place enabled us to maintain momentum of our advance. What Maj Uthayya did not realize at the time was that he had prevented the Portuguese from firing all the demolition charges affixed to the long single span. They could only fire the charges in the demolition chambers at either end of the single 110 foot span. In the aftermath, the span was lifted by marine jacks and with additions to the abutments on either side, the bridge was re-commissioned economically and in a short time. I have narrated this in some detail not only to commend the performance of the 2 Para Company but to say that in war, howsoever you might plan in detail, there would be imponderables like barking dogs at night to contend with. They contacted Usgaon and the bridge there was blown up when Maj Minnie Mohite's vanguard company was barely 300 yards away. Usgaon is a major river containing the back flow of sea water during high tide. 2 Para found piles of dry coconut tree trunks on the river bank awaiting transportation by river craft.



Late Lt Gen Sagat Singh







The Portuguese were the first to discover the sea route to India and set up trading posts and colonies. They monopolized the spice and slave trade. Importing West African salves for the lucrative market of the Deccan Sultanates and exporting Tamil and Bengali slaves to other Asian markets. Of all the colonial powers the Portuguese were the most cruel. St Francis introduced the Inquisition in which over twenty thousand Goans were burnt at the stake in a ritual called 'auto-da-fe' and hundreds of thousands forcibly converted. All temples and masjids were destroyed and the religions other than Christianity banned.

1961 was a lucky year for me, I was promoted to the rank of Brigadier and even though a non-paratrooper was posted to command 50 Parachute Brigade and leading it in a lightning and highly successful campaign operation in Goa in December of the same year. On taking command, what struck me the most was the outstanding comradeship and esprit de corps prevailing in all the ranks throughout the brigade. It was a pleasure to be with this well-knit formation. All this made me feel that whatsoever tasks the brigade is called upon to perform, it will discharge them with professional skill and enthusiasm. My own immediate concern was to make myself really acceptable by all ranks of the Brigade I must earn my 'Wings" as soon as possible. This I did in a record time, twice making two jumps in a day.

To get to know each other better and to gauge the state of tactical training, I set tactical exercises for 1 Para and 2 Para Battalion groups. The brigade then being one battalion short. As luck would have it, for 2 Para their operational task in Goa turned out to be almost similar except for the river obstacles and terrain, which was in many ways similar to what I had to deal with exactly to the month in December 1971 in Bangladesh.

In late November 1961, I got a call from Director of Military Operations at Army Hq asking me to come over to Army Headquarters as fast as possible. By getting hold of a Paratroopers Training School's Dakota aircraft, I was able to make to reach the DMO's office within 50 minutes. In the meeting was present Lt Gen Chaudhry then GOC in C Sothern Command and both he and Army Hq felt that as Portugal was a




Portuguese Indian colonies before arrival of British.

member of the US led North Atlantic Treaty Organisation (NATO), its Army in Goa was well equipped and that air-cover would be available to the Portuguese troops.

At a conference later on in the evening presided over by the Chief of the General Staff Lt Gen BM Kaul, I put forth that since time and riverine obstacles were the main considerations, 2 Para be air dropped by night in area Ponda, so that the water obstacles of Rivers Sanquelim, Bicholim, Chandpere and Usgaon they could be over-passed. The Air Officer in Chief Operational Command, who was present, expressed his inability for a night drop. I finally suggested that one company be dropped at dawn, another at first light and rest of the battalion by day. The IAF accepted this. And 2 Para was moved to Begumpet (Hyderabad) for airborne operation. However the IAF finally backed out and 2Para joined us at Belgaum in the Brigade concentration area. Here we were joined by 2 Sikh LI which had been performing garrison duties in Madras and had done no collective training for a considerable period. Moreover it was new to us and was not imbued with the enthusiasm and culture of the spirit de corps of the paratroopers. We did our best to welcome and equip them. 2 Sikh LI had even lacked boots.

> To get to know each other better and to gauge the state of tactical training, I set tactical exercises for 1 Para and 2 Para Battalion groups. The brigade then being one battalion short. As luck would have it, for 2 Para their operational task in Goa turned out to be almost similar except for the river obstacles and terrain.



Gen Salazar the military dictator of Portugal.

### The Overall Plan

THE MAIN FORCE 17 Infantry Division and attached troops were to advance along the main axis of road Belgaum-Panjim. The Parachute Brigade was given the subsidiary task of advancing from the North to help tie down the Portuguese troops in that area. Since the Para Brigade had to confront four major riverine obstacles and face the Panjim Creek, it was felt that it would be unable to gain much ground.

In view of the expected Portuguese armour, 7th Light Cavalry (Stuart tanks) and a squadron of 8th Cavalry (AMX13 tanks) were in reserve.

1 Para was given the task to eliminate Portuguese outposts on the border which they did on the first day itself. From a Portuguese map obtained through smugglers by 2 Para, we gathered information that they had constructed a 110 foot single span concrete bridge over the river flowing by the eastern boundary of the Sanquelim town. I felt strongly that if we could capture the bridge intact, it would speed up 2 Para's advance. We worked out a careful plan.

A company led by Major Uthayya set off on a man pack basis after last light of December 15/16. He was guided by seasoned smugglers who knew the secret tracks across the country. The task given to them was to capture the bridge intact, if not then to find a crossing place across the river. The company got to their forming up place on the eastern end

**GOA OPERATIONS December 1961**

of the bridge. As they started crawling forward, trouble began in the form of incessant barking of dogs from the hutments of workers who had worked on the construction of the bridge and had settled there. The camp was not marked on the map.

Men of 2 Para carefully crawled forward a little at a time but the dogs would not give up. The Portuguese guards got suspicious. As our men were preparing to charge the bridge the Portuguese blew up the demolition charges and scurried towards Usgaon. Maj Uthayya was able to locate and mark a crossing place from which all vehicles, tanks and guns got through without difficulty. I can never forget the scene of Maj Uthayya meeting me at the Sanquelim end of the bridge. With tears rolling down his eyes and in a choked voice telling me, "Sorry Sir, I have failed you."-meaning that he had not got the bridge intact.

Actually the mission was a great success, the crossing place enabled us to maintain momentum of our advance. What Maj Uthayya did not realize at the time was that he had prevented the Portuguese from firing all the demolition charges affixed to the long single span. They could only fire the charges in the demolition chambers at either end of the single 110 foot span. In the aftermath, the span was lifted by marine jacks and with additions to the abutments on either side, the bridge was re-commissioned economically and in a short time.



Brig Sagat Singh in Goa.

I have narrated this in some detail not only to commend the performance of the 2 Para Company but to say that in war, howsoever you might plan in detail, there would be imponderables like barking dogs at night to contend with. They contacted Usgaon and the bridge there was blown up when Maj Minnie Mohite's vanguard company was barely 300 yards away. Usgaon is a major river containing the back flow of sea water during high tide. 2 Para found piles of dry coconut tree trunks on the river bank awaiting transportation by river craft. In no time 2 Paras improvised rafts from the tree trunks.

Led by the irrepressible Captain later Maj Gen KS Pannu, a 2 Para company raced on foot to catch up with the Portuguese, another water obstacle was faced at River Chandper. The leading company forded it and were in Ponda by 5.30 PM on December 8. 2 Sikh LI advance was initially slow, although led by a squadron of 7 Cavalry and a troop of AMX tanks of 8 Cav. I had to personally push them hard. Except for a troop of Portuguese armoured cars, Sikh LI did not encounter any appreciable opposition. The armoured cars were dealt with by our AMX tanks. Later Sikh LI advanced with good speed and were at the Bentim Ferry on the Panjim Creek by last light.

After our crossing of the Usgaon River and with the Portuguese on the run, there seemed no necessity to hold 1 Para in reserve. 1 Para managed to commandeer small steamers on River Sequelin in Banastri opposite Velha Goa. In a bold move on foot 1 Para were on the outskirts of Panjim by last light. In order to avoid fighting in built up areas by night, all the battalions were ordered to get into night harbours. 2 Sikh LI on high ground overlooking Bentim Ferry. 1 Para on road Velha-Goa-Panjim and 2 Para in area Ponda.

1 Para were first to enter Panjim on December 17, and were soon joined by 2 Sikh LI which crossed the creek by ferry boats. Except for some firing by Portuguese in the Customs House, there was no effective resistance.



***To be continued...***

rajeshsharma1049@gmail.com

*(Lt Gen Sagat Singh was born on 14 July 1919. Today is his 104th birth anniversary. This account is an extract from the forthcoming biography of Gen Sagat Singh authored by Major Chandrakant Singh.)*

#HEALTH

# Boost Your Immunity

During the monsoon season, our immunity tends to decrease due to several factors. However, taking proper precautions and including these five herbs into your diet may help boost your immunity.



During the monsoon season, increased humidity promotes the growth of bacteria, viruses, and fungi, leading to compromised immunity. Contaminated water sources and poor sanitation contribute to waterborne diseases, while mosquitoes and insects raise the risk of vector-borne illnesses. Inadequate hygiene practices and nutritional deficiencies further weaken our immune system.

Collectively, these factors make us more susceptible to illnesses during the monsoon.

However, worry not. Take a look at these five herbs that you can include in your diet to help you boost your overall health and support your immune system.

### Neem

Nimbidin and nimbolide, which are constituents of neem, have been found to possess antibacterial and antifungal properties. Drinking neem tea or chewing neem leaves can promote overall well-being. Neem leaves taste bitter but have numerous health benefits. Neem is antifungal, has anti-inflammatory properties.

### Giloy

Giloy, an anti-inflammatory, antipyretic herb which helps to boost your immunity to fight against the infection and helps in early recovery. Giloy has Javarghana (antipyretic) (fever-reducing) properties and may help manage fever and flu-like symptoms. Consuming Giloy as a decoction or in powdered form can help fortify your immune system during the monsoon.

Giloy helps in reducing inflammation and pains in joints. Giloy along with tulsi boosts immunity.

### Lemongrass


**Lemongrass** contains compounds like citral, which exhibit antimicrobial and immune-stimulating properties. Consuming lemongrass tea or incorporating lemongrass-based soup can help strengthen your immune system and protect against common illnesses during the monsoon. Lemongrass has citral, a bio-active molecule, which is extremely beneficial, especially during the rainy season. Regular use of lemongrass tea was also demonstrated to decrease oxidative stress and protect against free radical attacks.

### Ginger


The presence of gingerol, a major bioactive constituent of ginger, has been reported to possess anti-inflammatory, antiviral, antitumor, antioxidant, and antibacterial functions. Drinking ginger tea or adding grated ginger to soups, stews, or stir-fries can help boost your overall health during the monsoon season.

### Ashwagandha

**Ashwagandha** has immune-modulating properties that can help strengthen the immune system. Consuming ashwagandha as a supplement can help boost your health during the monsoon season. Ashwagandha helps to reduce inflammation and improves gut health. It is also good for weight loss and diabetic patients.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# युवक की मौत का मामला गहराया : परिजनों ने शव उठाने से किया इंकार

## परिजनों का आरोप है कि हत्या कर शव को रेलवे ट्रेक के पास में डाला गया है

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के लूणी तहसील के दूदिया स्थित मेघवालों का बास के रहने वाले एक युवक की मंगलवार की रात को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रेक केके कॉलोनी के पास में डाला गया है। फिलहाल पुलिस इस बारे में पड़ताल में जुटी है। मामले में एक युवती का नाम जोड़ा गया है।

इधर गुरुवार सुबह एमजीएच मोर्चरी पर परिजन ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई और शव को उठाने से इंकार कर दिया। परिजन संदिग्ध हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। लूणी तहसील के दूदिया गांव स्थित मेघवालों का बास निवासी ओमाराम पुत्र सुजाराम मेघवाल ने पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया कि उसका पुत्र जगदीश यहां बासनी एरिया में रहकर प्राइवेट कार्य कर रहा था। 7 जुलाई को एक युवती उसके बेटे के पास अपनी मर्जी से आई और साथ में रहने लगी। दोनों लिव इन में पति पत्नी की तरह रहने लगे थे।

- **मंगलवार की रात से रखा है शव, एक युवती के परिजन पर जताया हत्या का संदेह**

उन्होंने अपनी जानमाल के नुकसान की आशंका में लिव इन में रहने वाले दस्तावेज भी बनाए थे। 11 जुलाई को राजस्थान हाईकोर्ट में प्रोटेक्शन पीटिशन दायर की थी। मंगलवार रात को उसका पुत्र जगदीश अपने घर की तरफ आ रहा था तब लडकी के रिश्तेदारों ने दोनों का अपहरण किया और फिर झालामंड एरिया में जगदीश से मारपीट कर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को बासनी केके कॉलोनी रेलवे ट्रेक पर डाल दिया। इधर रेलवे ट्रेक पर शव पड़ा होने की जानकारी पर राजकीय रेलवे पुलिस पहुंची थी। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का बताया गया था। मगर मृतक के परिजन ने हत्या की आशंका में बुधवार की रात को कुड़ी थाने में मामला दर्ज कराया है। थानाधिकारी सुमेरदान ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जांच एससीएसटी सैल के एसीपी मानाराम की तरफ से की जा रही है।

बताया गया कि लड़की के परिजन की तरफ से 10 जुलाई को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बोरानाडा थाने में दर्ज कराई थी। बोरानाडा थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि लड़की बुधवार को मिल गई। बुधवार को भी मृतक जगदीश के परिजनों ने एमजीएच के बाहर एकत्र होकर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर रोष जाहिर किया था। उनका कहना था कि कई थानों के चक्कर काटने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। जगदीश की हत्या की गई है और उसमें लड़की के रिश्तेदार और परिचितों का हाथ है। शव को एमजीएच में रखवाया हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु के कारणों का पता लग पाएगा।

# पानी निकासी के अभाव में दरिया बना महाराणा प्रताप चौक

## बरसात के कारण चार-चार फुट पानी भरा, लोगों का आवागमन बंद



शितला बाजार में भरे पानी से लोगों को परेशानी हुई।

**सादुलपुर, (निसं)।** कई दिनों से गर्मी व तपन के बीच गुरूवार शाम को सादुलपुर में हुई अच्छी बरसात के कारण कस्बा सादुलपुर के महाराणा प्रताप चौक, शितला बाजार में 4-4 फिट भर गया, जिसके कारण लोगों का आवागमन बंद हो गया है।

वहीं गुरूवार सांय हुई अच्छी बरसात सादुलपुर क्षेत्र में जमकर हुई। वहीं बरसात पानी ने नगरपालिका की पानी निकासी की पोल खोल कर रख दी है। वहीं कस्बा सादुलपुर में हुई बरसात के कारण महाराणा प्रताप चौक

- **सादुलपुर में हुई अच्छी बरसात के कारण कई जगह पर पानी भर गया**

एरिया में लोगों का आवागमन बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा लोगों न रोष प्रकट करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक स्थानीय होने के बाद भी हालात यह है कि महाराणा प्रताप चौक पर 4-4 फिट पानी भरा हुआ है, इस कारण लोगों का आवागमन पूर्णतया बंद है।

तालाब के रूप में तब्दील दरिया बना महाराणा प्रताप चौक एरिया में कुछ वाहन ही फंसे हुए नजर आए। हालात ये है महाराणा प्रताप चौक के आसपास में घरों में भी पानी घुस गया है। हालांकि नगरपालिका प्रशासन द्वारा पानी निकासी हेतु इस एरिया में सड़क किनारे सोखते बोरवेल भी बनाये गए थे, मगर उसके बाद भी स्थिति ज्यो की त्यों है।

# आनासागर में क्रूज को उतारने पर रिट लगाने व प्रदर्शन की चेतावनी दी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दौपदी कोली ने नगर निगम महापौर द्वारा कथन जिसमे महापौर ने कहा है कि आनासागर एस्केप चैनल और आनासागर द्वारा छोड़े जा रहे पानी से निचली बस्तियों में भरने वाले पानी और जलस्तर का ड्रेनेज सिस्टम के लिए साधारण सभा बुलाने के लिए नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिए गए लेटर में चौबीस पार्षद में से क्रॉस वेरिफिकेशन में कुछ पार्षदों के हस्ताक्षर का मना करने का घोर विरोध किया, क्योंकि महापौर ने जो जवाब नेता प्रतिपक्ष को दिया उस लेटर में इसका कही जिक्र नहीं किया गया है और न ही इसमें कोई सच्चाई है और यह सभा तो जनहित में है।

- **पार्षदों व संस्थाओं द्वारा विरोध करने के बावजूद प्रशासन ने गुरूवार को क्रूज आना सागर झील में उतार दिया जिसका पार्षद नरेश सत्यवान ने घोर निंदा की है**

कोली ने कहा कि अगर आनासागर का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन हो सकता है तो कम से कम अजमेर नगर निगम की साधारण सभा में इस मामले की गंभीरता को समझ कर समस्या को सुलझाया तो जा सकता है। इसमें चौबीस पार्षद ही नही निगम परिवार के सभी पार्षदों को शामिल होकर इस समस्या का समाधान करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही आनासागर में उतारे गए क्रूज का भी विरोध किया है क्योंकि जब निगम प्रशासन इस आपदा में आनासागर से निकलने वाले पानी का समाधान नहीं कर पा रहा है तो क्रूज को आनासागर में उतार कर क्यों जनहित को दरकिनार किया जा रहा है। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष ने कानूनी सलाह के बाद कोर्ट जाने की भी और इस पर रिट लगाने और कार्यवाही न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। सत्यावना ने इसे निरस्त करने कि मांग की। क्रूज़ को आना सागर में उतरा जाना नियमों की धज्जियां उड़ाना है। पार्षदों व संस्थाओं द्वारा विरोध करने के बावजूद प्रशासन ने गुरूवार को क्रूज आना सागर झील में उतार दिया जिसका पार्षद नरेश सत्यवान ने घोर निंदा की है। यह जानकारी देते हुए पार्षद जनसेवक नरेश सत्यावना ने बताया कि यहां लोगों के घरों में पानी घुस रहा है और प्रशासन को क्रूज उतारने की फुरसत मिल गई। नरेश सत्यावना ने घोर विरोध करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की है।

## बैंक कर्मियों पर ठगी का आरोप

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीबिजयनगर में एक प्राइवेट बैंक के मैनेजर और कर्मचारियों पर साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी का आरोप लगा है। मामला दर्ज करवाने वाले ने कस्टमर ने बताया कि उसके जिस खाते से ठगी हुई है, उसके एटीएम कार्ड को कभी किसी भी पीओएस मशीन में इस्तेमाल नहीं किया है। वह बैंक खाते में केवल रुपए जमा करवा रहा था। इस साल फरवरी में बैंक खाता जांचा तो निर्धारित बैलेंस से काफी कम बैलेंस मिला। बैंक अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने सहयोग नहीं किया। परेशान होकर कस्टमर ने संबंधित बैंक मैनेजर और दो कर्मचारियों पर फ्रॉड में अज्ञात से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

# बजरी से भरे डंपरों के लिए मांगा टोल तो हमला किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती मथानिया स्थित किरमसरिया टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा बजरी डंपर चालकों से टोल मांगना भारी पड़ गया। फोन कर बुलाए गए कुछ लोगों ने टोल कर्मचारियों पर सरिया, लगिया से बुरी तरह पिटाई की। जिससे तीन लोग जख्मी हो गए। घायल टोलकर्मी की तरफ से नामजद के खिलाफ मथानिया थाने में मामला दर्ज कराया गया है। डंपरों में अवैध बजरी थी या नहीं फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है।

- **मथानिया स्थित किरमसरिया टोल प्लाजा की घटना**

मथानिया पुलिस थाने में बड़ाबास ओसियां हाल किरमसरिया टोल प्लाजा पर कार्यरत जितेंद्र सिंह पुत्र भंवरसिंह ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 12 जुलाई को टोल प्लाजा पर ड्यूटी कर रहा था। उसके साथ में विकास एवं छतरसिंह भी थे। तब बजरी से भरे दो डंपर वहां आए। जोकि टोल का रास्ता छोड़कर दूसरी सड़क से जाने लगे। इस पर उन्हें रूकवाया गया। डंपर चालक रामस्वरूप को बगैर टोल चुकाए जाने का कहने पर उसने धमकाते हुए अपने दो मामा मालाराम और विशनलाल को बुलाया। यह लोग बोलेरो लेकर आए और लगिया सरिया से हमला कर दिया।

पीड़ित जितेंद्रसिंह के सिर पर गहरी चोट लगने के साथ अन्य टोलकर्मी विकास और छतर सिंह भी जख्मी हो गए। उन लोगों ने जैसे तैसे होटल और अन्य जगह भागकर अपनी जान बचाई। हमला करने वाले पीछे दौड़े और धमकाया कि इन्हीं गाड़ियों से कुचल कर मार देंगे। मथानिया पुलिस ने बताया कि घटना में प्रकरण दर्ज किया गया है। अग्रिम जांच की जा रही है। हमलावर हाथ नहीं लगे हैं।

## खाई में गिरी वैन, छह घायल

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में गुरुवार सुबह चलती वैन का टायर फट गया। वैन सड़क से करीब 80 फिट दूर खाई में जा गिरी। हादसे में वैन में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। सदर थाना जसवंत सिंह ने बताया कि हादसा गुरुवार सुबह हाईवे पर खेतावास मोड़ के निकट हुआ। चलती वैन का अचानक टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर थाने से स्टाफ को भेजा। घायलों को एंबुलेस से बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सभी की हालात खतरे से बाहर है। सभी एक ही परिवार के लोग हैं जो सिरोही से जयपुर सामाजिक कार्यक्रम में जा रहे थे। हादसे में सिरोही निवासी अशोक पुत्र किस्तूरराम माली, प्रकाश पुत्र हकमाराम, शांतिलाल पुत्र हकमाराम, शंकर पुत्र वकताराम, किस्तुरराम पुत्र पदमाराम माली, हकमाराम पुत्र गोमाराम माली घायल हो गए।

# कोटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज के ऑक्सीजन मास्क में आग लगी, मौत

**कोटा, (निसं)।** मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हंगामा हुआ है। जिसका मुंह, चेहरा, गर्दन और छाती झुलसे हुए मिले हैं। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान ऑक्सीजन मास्क में अचानक आग लगने से वैभव शर्मा का चेहरा झुलस गया और उसकी मौत हो गई है।

बुधवार देर रात को हंगामा के बाद मरीज के शव को मॉर्चरी में शिफ्ट किया गया। जहां पर आज बड़ी संख्या में मरीज के परिचित और रिश्तेदार एकत्रित हो गए। ये लोग अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे थे। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज की मौत पहले ही हो गई थी। इसके बाद आग लगने की घटना हुई है। मामले के अनुसार अनंतपुरा निवासी वैभव शर्मा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अतुल शर्मा की यूनिट में भर्ती था। मरीज चार-पांच दिन पहले पेट की आंत फटने की वजह से अस्पताल में भर्ती हुआ था। जिसका ऑपरेशन भी डॉ अतुल शर्मा ने ही किया था।

बुधवार देर रात करीब 11.30 बजे मरीज की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी तभी उसे ऑक्सीजन मास्क लगाया गया था और इलेक्ट्रिक शॉक देते समय अचानक मास्क में आग लग गई। जिसकी वजह से उसका मुंह, चेहरा, गर्दन और छाती झुलस गया। जब तक मास्क को हटाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। वैभव के शरीर पर जलने के निशान आ गए। मरीज के परिचित और ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन की इस मामले में घोर लापरवाही है। अस्पताल को अपने उपकरण दुरुस्त रखने चाहिए। वैभव शर्मा का इलाज हो रहा था और वह ठीकठाक कंडीशन में भी था। इसके बावजूद इस हादसे की वजह से ही उसकी मौत हुई है। ऐसे में वैभव शर्मा के परिजनों को न्याय मिलना चाहिए। इस मामले में पुलिस को अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना का कहना है कि इस पूरे मामले में उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से तथ्यात्मक टिप्पणी मांगी है। साथ ही मामले की जांच भी करवाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूप से जो जानकारी उन्हें अस्पताल प्रबंधन ने दी है उसके अनुसार मरीज की स्थिति काफी गंभीर थी। इसलिए उसे ऑक्सीजन सपोर्ट देकर वेंटिलेटर लगाया जा रहा था। उस दौरान मरीज की मौत हो चुकी थी लेकिन चिकित्सकों ने एक बार उसे सीपीआर देकर बचाने का प्रयास किया। साथ ही इलेक्ट्रिक शॉक भी दिए जा रहे थे तभी एक चिंगारी इलेक्ट्रिक शॉक से निकली और वह ऑक्सीजन मास्क पर चली गई। इसी के चलते हल्की-फुल्की आग लगी थी लेकिन मरीज की मौत पहले ही हो चुकी थी। इस आग लगने की वजह से मरीज की मौत नहीं हुई है। इस मामले को लेकर ब्राह्मण समाज ने भी खासी नाराजगी जताई है।

## खुले चैंबर दे रहे हादसे को बुलावा

**चिड़ावा, (निसं)।** सीकर में हुए सड़क हादसे के बाद भी चिड़ावा प्रशासन चेता नहीं है। चिड़ावा शहर की स्टेशन रोड पर नवनिर्मित सड़क के किनारे बने नाले के खुले चैंबर हादसे को बुलावा दे रहे हैं। चैंबरों में गिरने से बरसात के मौसम में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिस पर समय रहते ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, झुंझुनूं रोड पर सीएसडी कैंटिंन के पास से नया बस स्टैंड, कबूतरखाना होते हुए सूरजगढ़ मोड़ तक सीसी रोड का निर्माण करवाया गया। जिसमें नया बस स्टैंड से कबूतरखाना की तरफ सड़क के किनारे नाले का निर्माण करवाया गया। नाले में आने वाले कचरे को निकालने के लिए जगह-जगह चैंबर बनाए गए। चैंबरों पर लोहे का जाळ या फेरो कवर लगाए जाने चाहिए थे।

# गवाही के लिए उपस्थित नहीं होने पर तत्कालीन डी.एस.पी. अरेस्ट वारंट से तलब

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** विशिष्ट न्यायाधीश (एसीबी कोर्ट) ने वर्ष 2012 के रिश्वत लेते एक सरपंच की गिरफ्तारी प्रकरण में बार-बार तलब करने के बावजूद गवाही के लिए उपस्थित नहीं होने को लेकर तत्कालीन डीएसपी भीमसिंह बीका को अरेस्ट वारंट से तलब किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि किशनावतों की खेड़ी निवासी किसान सोहनलाल पुत्र मांगू पूर्बिया गाडरी ने 8 अक्टूबर 2012 को एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर डीएसपी भीमसिंह बीका को लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि मौजा फलोदी ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा तहसील गंगरार जिला चित्तोड़गढ़ में उसकी माता टेकू बाई पत्नी मांगू पुर्विया गाडरी ने जमीन खरीदी थी। इस जमीन का इन्तकाल पटवार हल्का रघुनाथपुरा (साडास) ने खोल दिया था। उक्त इन्तकाल को फैसल कराने के लिए ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा की कौरम में ले गया तो वहां का मौजूदा वर्तमान सरपंच उगमाराम कुमावत ने 4100 रूपये रिश्वत के तौर पर मांगे। परिवादी ने रूपये देने से मना किया तो इन्तकाल खारिज करने की धमकी दी और कहा

- **वर्ष 2012 में रिश्वत लेते एक सरपंच की गिरफ्तारी प्रकरण में बार-बार तलब किया था**

कि उसे 2 प्रतिशत के हिसाब से फीस चाहिये। परिवादी सोहन लाल ने सरपंच उगमाराग कुमावत के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराये और सरपंच को गिरफ्तार कर राहत दिलायें।

इस शिकायत पर उप पुलिस अधीक्षक भीम सिंह बीका ने उसी दिन रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन दूरभाष से कराया। रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन होने पर डीएसपी भीम सिंह बीका ने 9 अक्टूबर 2012 को ट्रैप का आयोजन कर ट्रेप कार्यवाही के लिए जावलियों का खेड़ा गांव पहुंचे। परिवादी ने एक मकान से बाहर निकलकर गली में आकर पूर्व निर्धारित ईशारा किया जिस पर उपअधीक्षक पुलिस गवाहों के साथ परिवादी के पास पहुंचे। वहां एक व्यक्ति खड़ा हुआ मिला जिसकी और परिवादी ने ईशारा कर बताया कि यही उगगाराम सरपंच है, जिन्होने 4100 रुपये की रिश्वत मांग कर रिश्वत ली और पेंट की पहनी हुई बांयी जेब में रख लिये। एसीबी ने रिश्वत राशि बरामद कर सरपंच को गिरफ्तार किया था। इस मामले में तफ्तीश के बाद एसीबी ने न्यायालय में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाह पूर्व एसीबी डीएसपी भीमसिंह बीका को सम्मन व जमानती वारंट से तलब किया, लेकिन वे गवाही के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुये। इसके चलते एसीबी कोर्ट ने अब डीएसपी बीका को अरेस्ट वारंट से तलब किया है।

## महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटा

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड स्थित राजकीय पानादेवी कन्या महाविद्यालय के सामने गुरूवार को दो युवकों ने पता पुछने के बहाने एक महिला को नशीले पदार्थ का लिफाफा देकर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश युवक महिला का मंगलसूत्र व कानों के कुंडल लेकर फरार हो गये एवं महिला को कंकड व पत्थर से भरी थैली थमा गये।

इस सम्बंध में पीडित महिला ने स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार कस्बे के मौहल्ला बाछड़ी, वार्ड नं. 21 निवासी पार्वती पत्नी घनश्याम कुम्हार ने दर्ज करवाया कि वह पेशे से कुम्हार का कार्य करती है। इसके लिए पीडिता गुरूवार को गन्ने के छिल्के ईंधन के लिए लेने हेतु राजकीय कन्या महाविधालय के पास गई थी। जैसे ही महाविधालय के गेट के पास पहुँची तो वहाँ दो युवकों ने उसे रोक कर जयपुर की बस के बारे में पूछा।

उन्होंने पार्वती को एक लिफाफा थमाया और कुछ देर में आने को कहकर चले गए। पुडिया में नशीला पदार्थ होने से पार्वती अर्धचेतन अवस्था में हो गई। थोड़ी देर बाद उक्त युवकों ने पीडिता के गले में पहना हुआ मंगलसूत्र निकलवा लिया एवं कानों के कुंडल निकालने की बात कहने पर पीडिता ने मना किया तो उन्होंने धोखे से कुंडलों को धारदार वस्तु से काट लिया।

# हत्या व सबूत मिटाने का केस दर्ज

## लवली कंडारा एनकाउंटर मामला

**जोधपुर, (कासं)।** लवली कंडारा एनकाउंटर प्रकरण में अब तत्कालीन थानाधिकारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या एवं सबूत मिटाने का केस दर्ज हुआ है। मामला 5 जुलाई को दर्ज हुआ था। मामला न्यायालय के आदेश पर अब दर्ज किया गया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी।

आरोप है कि तत्कालीन रातानाडा थानाधिकारी लीलाराम ने 13 अक्टूबर 2021 को जोधपुर निवासी लवली कंडारा का एक मास्टर प्लान के तहत फर्जी तरिके से एनकाउंटर किया, जिस पर जोधपुर नागौरी गेट निवासी नरेश कंडारा ने न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता डी. आर. मेघवाल के जरिये इस्तगासा पेश किया। जिस पर न्यायालय ने 2 दिसम्बर 2021 को मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। मगर पुलिस ने न्यायालय आदेश के

- **तत्कालीन थानाधिकारी सहित अन्य दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज**

बावजूद लंबे समय तक मामला दर्ज नहीं किया। तब परिवादी नरेश कंडारा ने जरिये अधिवक्ता के मार्फत तत्कालीन पुलिस निरीक्षक मूल सिंह व भारत रावत के खिलाफ भी न्यायालय में विधि के निर्देश की अवज्ञा करने का प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसमें परिवादी नरेश कंडारा के बयान लेखबद्ध कर दोनों पुलिस निरीक्षकों को दोषी मानते हुए न्यायालय ने संज्ञान लिया। इस प्रकरण को लेकर विभिन्न न्यायालयों में याचिकाएं चल रही हैं। पुलिस ने न्यायालय आदेश के बाद अब 5 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया है।

## रेप के आरोपी को सजा

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो एक) देवेंद्रसिंह नागर ने नाबालिग को अगवा कर रेप के मामले में अहम फेसला सुनाते हुए मुख्य आरोपित मानसिंह पुत्र रामप्रसाद दरोगा निवासी सांगरिया थाना पुलिया कला को 20 साल की सजा और 45 हजार रुपये जुर्माने से, जबकि सहयोगी आरोपित अलवर जिले के प्रतापगढ़ निवासी हरिसिंह पुत्र प्रभु सिंह राजपूत को 4 साल की सजा और 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक हर्ष रांका ने बताया कि एक व्यक्ति ने 23 अगस्त 21 को फूलियाकलां थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि उसकी नाबालिग पुत्री 20 अगस्त 2021 को कहीं चली गई या उसे कोई ले गया। बेटी की उसने संभावित स्थानों व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच की। पुलिस ने नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया। नाबालिग पीड़िता के कथन लेखबद्ध किये। पीड़िता ने अपने कथन में कहा कि मानसिंह व उसके साथी हरिसिंह ने जबरन उसका अपहरण किया।

# बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज

## पति ले. कर्नल दिनेश चौधरी व अन्य भी नामजद

**झुंझुनूं, (निसं)।** बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी के खिलाफ कोतवाली में फर्जीवाड़े का मामला दर्ज हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने यह मामला दर्ज करवाया है। जिसमें आरोप लगाया गया है बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए अर्चना चौधरी ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों का सहारा लिया।

इसके अलावा शपथ पत्र और आवेदन पत्र में भी झूठी जानकारियां दी। कोर्ट के आदेशों के बाद दर्ज किए गए इस मामले में उनके पति ले. कर्नल दिनेश चौधरी तथा श्रीगंगानगर निवासी प्रतिभा को भी नामजद आरोपी बनाया गया है। मामला दर्ज होने के बाद प्रेस वार्ता में राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि नियमों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए समाज शास्त्र, एलएलबी जैसे विषयों के अलावा सात साल बच्चों के साथ काम करने का अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी पात्र माने जाते है। लेकिन अर्चना चौधरी के पास ऐसी कोई भी योग्यता नहीं थी। जिसके बाद उन्होंने अपने पति ले. कर्नल दिनेश चौधरी व श्रीगंगानगर की एक निजी स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रतिभा व अन्यों के साथ मिलकर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार करवाए।

इन अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर उन्हें बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति मिली। यही नहीं अर्चना चौधरी ने अपने ऊपर लगे क्रिमीनल आरोपों की जानकारी भी अपने आवेदन पत्र में छुपाते हुए गलत शपथ पत्र बाल अधिकारिता विभाग में

- **आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने यह मामला दर्ज करवाया है**
- **'फर्जी कागजातों के आधार पर बनीं थी बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष'**

प्रस्तुत किया। कोर्ट ने सभी तथ्यों को देखते हुए कोतवाली पुलिस को भादसं की धारा 420, 467, 468, 471, 120बी में मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद अब कोतवाली ने अर्चना चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रेस वार्ता में आरटीआई कार्यकर्ता के अधिवक्ता लोकेश शर्मा भी मौजूद थे। आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल द्वारा दर्ज करवाए गए मुकदमे और प्रेस वार्ता में लगाए गए आरोपों को लेकर अर्चना चौधरी से बातचीत करने की कोशिश की गई। लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सभी को अर्चना चौधरी की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी पर 2012 में जम्मू में चोरी के आरोप भी लग चुके है। प्रेस वार्ता में आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी को पिछले साल दिसंबर में बाल अधिकारिता विभाग ने हटा दिया था। इससे पहले 15 महीनों के कार्यकाल में अर्चना चौधरी ने शिकायतों की लाइन लगा दी।

उन्होंने बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक, बाल संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक, बाल कल्याण समिति के सदस्यों, बालिका आश्रय गृह चूरू की तो लिखित में शिकायतें की। तो वहीं करीब आधा दर्जन से अधिक पुलिस और जिला स्तरीय अधिकारियों की शिकायत की। कुल मिलाकर जितने महीने उन्होंने अपना कार्यकाल किया। उससे ज्यादा की संख्या में तो अधिकारियों, सदस्यों, संगठनों, कर्मचारियों की शिकायत की। जिससे काफी चर्चा में रही।

## संक्षिप्त

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**मनोहरपुर ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हमीद खान मेवाती का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया । हाजी मुश्ताक एम डी ने बताया की साथ मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान ने भी शिरकत की शिरकत करने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान का भी कार्यकर्ताओं द्वारा साफा माला और मुह मीठा करा कर स्वागत किया। स्वागत के कार्यक्रम मे नवनियुक्त अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने सभी का शुक्रिया अदा किया । स्वागत के कार्यक्रम मे शरिक हुऐ मेहबूब कुरैशी. इरशाद हसनपुरा गुलज़ार कुरैशी वहीद खान अब्दुल सलीम इक़बाल चाचा हाजी इब्राहिम साबिर अहमद फुरकान पठान फैसल खान रशीद अंसारी अकरम खान गफूर भाई अलीमुद्दीन इमरान कुरैशी हाजी अशफाक अहमद शफीक अहमद मुन्ना खान एडवोकेट जाहिद अमीन भाई अन्नू भाई समसु भाई मौजूद रहे।

### प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

**सांभरझील ।** राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज षिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार स्नातक भाग प्रथम में प्रवेष चाहने वाले विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 12 जुलाई से बढ़ाकर 17 जुलाई कर दी गई है। फार्म भरने के लिए आवेदक विद्यार्थी ई मित्र पर स्वयं का जन आधार कार्ड, दसवी व बारहवी की अंकतालिका, आय प्रमाण पत्र, बैक पास बुक, बोनस अंक प्राप्त करने के लिए यदि कोई प्रमाण पत्र हो तो साथ लेकर आना जरूरी होगा। महाविद्यालय के सभी संकाय के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध के सभी नियमित विद्यार्थियों को सत्र 2023-24 के लिए उनकी अगली कक्षा अर्थात द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष व स्नातकोत्तर उतरार्द्ध में प्रमोट कर दिया गया है। यह सभी विद्यार्थी अन्तिम दिनांक19 जुलाई तक ई मित्र पर अपना प्रवेश शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि उनका अगली कक्षा में प्रवेश संभव हो सके। फीस जमा न होने पर स्वयं विद्यार्थी का उत्तरदायित्व होगा।

# बाजार में पानी भराव की समस्या पर अधिकारियों से जवाब तलब



व्यापारियों ने किशनगढ़ बास में जनसुनवाई के दौरान ओएसडी को समस्याओं से अवगत कराया।

- एसडीएम के आदेशों के बाद भी जन सुनवाई की सूचना पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों को नहीं थी

**किशनगढ़ बास।** जन भावनाओं के अनुरूप एवं अतिक्रमणो के संदर्भित किशनगढ बास कालेखा बाग स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी रूम में गुरुवार को नवगठित खैरथल जिले में सरकार की ओर से लगाए गए विशेष अधिकारी ओएसडी ओमप्रकाश बैरवा ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब कर समाधान के निर्देश दिए।

राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी रूम में 11 बजे शुरू हुई त्रिस्तरीय जनसुनवाई में समस्या लेकर पहुंचे व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी किराना अध्यक्ष मदनलाल अठावाल लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना टेलर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंघी कपड़ा व्यापारी अनिल हरवानी सरपंच जनेश भूटानी ने शहर में अवरुद्ध पानी निकासी रास्तों के चलते मुख्य बाजार में पानी भराव की समस्या को रखा।

व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि बाजार में जलभराव की समस्या के चलते 6 दिन पूर्व में भी 1 घंटे की आई बारिश से दुकानों में पानी घुस गया जिसके कारण व्यापारियों का लाखों रुपए का सामान पानी में खराब हो गया। मुख्य बाजार की नालियां गंदगी से लबालब भरी है महीने महीने तक सफाई कर्मचारी सफाई के लिए नहीं आते हैं। सड़क के बीचो बीच बनी नाली ओपन होने से चलते राहगीर गिर रहे हैं अनेकों बार नालियों पर लोहे के जाल लगवाने के लिए नगर पालिका को बोला जा चुका है। पार्षद मीनाक्षी मनोज मित्तल ने अधिकारी को अवगत कराया कि गंज रोड पर जलभराव की पुरानी समस्या है। पानी भराव की समस्या के चलते बालिका स्कूल में जाने वाले बालक बालिकाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गुलाब देवी धर्मशाला से महावीर वकील के मकान तक सड़क पर गड्ढे हो रहे हैं। नगर पालिका की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए पर कार्रवाई कोई नहीं की गई है। समस्याओं को सुनने के बाद ओएसडी ने ईओ महेश गुर्जर से जवाब तलब किया और कहा नाले नालियों का सफाई का कार्य मानसून आने से पहले हो जाना चाहिए था। पार्षद तेज सिंह सैनी ने गंज में सड़क के बीचो-बीच लगे बिजली के पोल व घरों के ऊपर से जार विद्युत तार से दुर्घटना की संभावना व्यक्त करते हुए हटवाए जाने की मांग रखी। वार्ड में बनी पेयजल सप्लाई की समस्या को लेकर शिकायत की जिस पर अधिकारी ने बिजली व पानी अधिकारियों से जवाब मांगा और समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई में गंज की महिलाओं ने पेंशन नहीं मिलने वह पानी को लेकर शिकायत की और बताया कि कई कई दिन तक पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। सुबह 11 से दोपहर 2:30 बजे तक की गई जनसुनवाई में केवल 27 प्रकरण दर्ज किए गए।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी




**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय रीता चंद्र सक्सेना की पुण्य स्मृति में रोटरी क्लब द्वारा रींगस में आयोजित किए जा रहे स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन मां ज्योतिबा फुले रक्तदान समिति श्रीमाधोपुर स्टेप बाय स्टेप स्कूल के द्वारा गणेश मंदिर श्रीमाधोपुर के प्रांगण में किया गया । पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डॉक्टर हंसराज चौहान एसोसिएट प्रोफेसर जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने लोगों को रक्तदान के बारे में जागरूक किया तथा रक्तदान के फायदे बताएं इस अवसर पर डॉक्टर माधव सिंह, स्टेप बाय स्टेप स्कूल के निदेशक महेश सैनी, संदीप वर्मा पूर्व पार्षद, सुरेश सैनी, सी.सी.ए महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक पवन शर्मा, लोकेश सैनी, बलदेव सैनी,दीपक रायपुरिया, लक्ष्मीनारायण सैनी, राजकुमार सैनी, दशरथ तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बाबा खूबचन्द की बरसी मनाई

**खैरथल।** स्थानीय झूलेलाल मंदिर में बाबा खूबचन्द की 52वीं पुण्यतिथि पर आयोजित उत्सव में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में बाबा खूबचन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मन्नतें मांगी। मंदिर के महंत शीतलदास लालवानी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मुखी मनोहर लाल रोघा, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, प्रबंधक अर्जुन दास बाबानी, पूज्य बहराणा साहिब के बाबा दयालदास प्रदनानी के निर्देशन में झूलेलाल सेवा मंडल व स्वयंसेवकों के द्वारा बहराणा साहिब में मोजूद रहे। विशाल आम भंडारा के बाद रात्रि को आमंत्रित भोज का आयोजन किया गया जिसमें ठाकुर दास बालानी,बेबू बालानी,दिलीप बालानी, गोपाल बालानी,,भोलां बालानी, सहित झूलेलाल सेवा मंडल के सदस्यों व समाज के लोगों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। प्रारंभ में पूजा अर्चना के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया जबकि सांय आठ बजे पूज्य बहराणा साहिब का आयोजन किया गया जिसमें भोजपुर की प्रसिद्ध पेशूराम शहनाई बैंड की धुन पर जमकर लोकनृत्य छेज व डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

### सचिन पायलट का आभार जताया



**टोंक।** सिविल लाइन जयपुर में स्थित लोकप्रिय नेता सचिन पायलट, पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक के निजी निवास पर सऊद सईदी के नेतृत्व में टोंक से आए सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पहुँचकर बीते दिनों हुई संगठनात्मक नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा (हरी भाई हरी) की नियुक्ति होने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसपर सभापति अली अहमद, सउद सईदी तथा अन्य टोक कांग्रेस कार्यकर्ताओं मोजूद रहे।

### जनहानि से बचाया

**टोंक।** कोतवाली थाना क्षैत्र स्थित डिपो चौराहे पर चाट पकौडे के एक ठेले पर रखे दो सिलेण्डरो में अचानक आग लगने से जहां क्षेत्र में दहशत फैली, वही ठेला मालिक रमेश पुत्र भगवानदास निवासी कृष्णा कॉलोनी टोक ठेल पर रखी सारी सामग्री एवं तेजी से भभक्ती आग ने दो मोटरसाईकिलो को चपेट में ले लिया। जन हानि नहीं हुई।

## भाजपा के महाघेराव को लेकर हुई बैठक

**मालपुरा** (निस) प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा 5 साल के कार्यकाल के दौरान युवाओ की कि गई अनदेखी व बार-बार हुये पेपर लीक सहित सरकार की विफलताओं को लेकर भाजपा युवा मोर्चा मालपुरा टोडारायसिंह के कार्यकर्ताओ ने डाक बंगले मे बैठक आयोजित कर 18 जुलाई को अजमेर मे आयोजित युवा आक्रोश महाघेराव मे भाग लेने की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया। साथ ही बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारियो को ज्यादा से ज्यादा युवाओं को युवा आक्रोश घेराव मे लाने की जिम्मेदारियां सौंपी गई। संगठन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार,जिला प्रभारी पंकज देवली,जिला महामंत्री लक्ष्मण चौधरी,मंडल अध्यक्ष यशपाल चौधरी,रामानन्द,रामराज,नजरूदीन, बुद्धराम, अरविन्द,भागचन्द, अनुज, सहित बडी संख्या मे मौजूद कार्यकर्ताओ ने महाघेराव के पोस्टर का विमोचन कर जमकर नारेबाजी की।

**कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष 16 को मालपुरा में :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्ति उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एंव कांग्रेसजनो द्वारा 16 जुलाई को महेश सेवा सदन मे किया जायेगा अभिनन्दन। कैलाश सोनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हाल ही मे पीसीसी उपाध्यक्ष पद पर रामविलास चौधरी को नियुक्त किये जाने के बाद 16 जुलाई को पहली बार मालपुरा आगमन पर संगठन की और से अभिनन्दन समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह से पूर्व चौधरी डिग्गी कल्याणजी के मंदिर मे दर्शन कर पूजा अर्चना करेगें। अभिनंदन समारोह मे ब्लॉक कांग्रेस के साथ-साथ कांग्रेस के सभी संगठनो के पदाधिकारी एवं संगठन से जुडे जनप्रतिनिधि भाग लेगें।

## विस्फोटक पदार्थ रखने का आरोपी दोषमुक्त

**सांभरझील ।** अपर सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या 1 बृजेश कुमार ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 4/5 के आरोप में संदेह का लाभ देते हुए 21 वर्ष पुराने मामले में अभियुक्त को दोष मुक्त करने के आदेश दिए।

मामले में अनुसंधान अधिकारी, अभियोजन की स्वीकृति प्रदान करने वाले जिला मजिस्ट्रेट, उप विस्फोटक नियंत्रक की साक्ष्य के अभाव में अभियोजन पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि ''27 नवंबर 2002 को करीब 4:30 बजे ठााम खेड़ीराम रोड पर अभियुक्त के कब्जे में बिना नंबर के ट्रैक्टर के पीछे लगे कंप्रेशन मशीन में ऊपर बने बॉक्स में बारूद की 65 जिलेटिन की छड़े पाए जाने पर उसे बरामद किया गया था।'' जिसको अपने पास रखने का अभियुक्त के पास कोई वैद्य अनुज्ञा पत्र नहीं था। प्रकरण के अनुसार पुलिस थाना फुलेरा द्वारा गश्त के दौरान काचरोदा पहुंचने पर मुखबिर से सूचना के आधार पर कुड़ियों की ढाणी के रहने वाले आरोपी से ट्रैक्टर के पीछे कंप्रेशर मशीन के ऊपर लोहे का ताला खुलवाने पर एक प्लास्टिक के कट्टे में 65 बारूद की जिलेटिन छड़े मिली थी। पुलिस थाना फुलेरा ने इस मामले में आरोप पत्र तैयार कर निचली अदालत में पेश किया था जिसके आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध उक्त अपराध का प्रसंज्ञान लिया जाकर प्रकरण को एडीजे कोर्ट में सुनवाई हेतु भिजवाया गया। इस मामले में अभियुक्त के अधिवक्ता लालचंद कुमावत ने न्यायालय को बताया कि रासायनिक विशेषज्ञ की जांच पत्रावली पर मौजूद नहीं है। अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले जिला मजिस्ट्रेट को अभियोजन पक्ष द्वारा साक्ष्य में परीक्षित नहीं कराया गया है तथा जो भी गवाह है वे सभी पुलिस कर्मचारी हैं। अभियोजन पक्ष भी अपना पक्ष रखने में असफल रहा है इसलिए अभियुक्त को उक्त आरोप से दोषमुक्त किया जाए। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस, व पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर संदेह का लाभ देते हुए रुपाराम पुत्र मांगूराम जाट निवासी कुड़ियों की ढाणी तन आकोदा थाना फुलेरा जिला जयपुर को दोषमुक्त करने के आदेश दिए।

# स्नात्तक पार्ट प्रथम में आवेदन की अंतिम तिथि 17 जुलाई

- 'प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रायें ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है'

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में स्नात्तक पार्ट प्रथम कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 17 जुलाई निर्धारित की गई है।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय में स्नात्तक पार्ट प्रथम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रायें ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अन्तरिम प्रवेश सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जायेगा। वरीयता सूची प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जाँच करवाने की अंतिम तिथि 26 जुलाई है एवं वरीयता सूची प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ई-मित्र पर शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। नोडल अधिकारी देशराज यादव ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अभी 12 वीं कक्षा की मूल अंकतालिका प्राप्त नहीं हुई है वे इंटरनेट से प्राप्त अंक तालिका के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए लेट फीस का प्रावधान नहीं है इसलिए अंतिम तिथि तक आवश्यक रूप से आवेदन करें।

प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. सुरेश कुमार यादव ने बताया कि कला वर्ग में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को विषय संयोजन आवेदन के समय सावधानी से भरने हैं। महाविद्यालय में उपलब्ध विषय संयोजन एवं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट पर देखी जा सकती है। ऑनलाईन आवेदन को सबमिट करने से पूर्व विद्यार्थी को अपने आवेदन पत्र की अच्छी तरह से जांच कर लेना है। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त जानकारी महाविद्यालय के वेब पेज पर उपलब्ध है।

## किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** थाना बरोनी में जरीये डाक प्राप्त हुई प्रार्थना पत्र में एक किशोरी का विवाह 5 माई 2023 को होना निश्चित किया गया था, लेकिन आरोपी राजू उर्फ धीरज पुत्र कजोडमल बैरवा उम्र 21 साल निवासी नला थाना बरोनी द्वारा 25 अप्रेल को दिनदहाडे युवती के घर में प्रवेश कर युवती से जोर जबरदस्ती करने तथा प्रार्थीया को जान से मारने की धमकी के साथ ही युवती के आवास परिसर स्थित बाडे में लाग भी लगा दी। प्रार्थना पत्र में यह भी बताया गया कि इस्री दौरान मोबाईल के माध्यम से प्रार्थिया को श्शादी करने का दबाव या नही करने पर पेट्रोल छिड कर जान से मारने का कार्य भी किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी पीपलू के साथ आरोपी की तलाश थाना पुलिस द्वारा की जाने पर फरार अभियुक्त राजू को दस्तेआब कर हिरासत में लिया गया।

## रघुवीर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई के निर्देशानुसार प्रदेश सेवा दल प्रभारी राजेन्द्र सिंह अडवाना व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की सहमति से कांग्रेस सेवा दल के प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने नवघोषित जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है।

इसी क्रम में शेखावत ने जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिला महासचिव एवं ग्राम पंचायत गोरधनपुरा सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव को नवघोषित कोटपूतली-बहरोड़ जिले का कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें जिला कार्यकारिणी सहित ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल कार्यकारिणी गठन के निर्देश भी दिये है। यादव की नियुक्ति पर ग्राम गोरधनपुरा में विक्रम यादव व रामकुमार के नेतृत्व रामावतार पोस्ट मास्टर, हरलाल पंच, सुरेन्द्र सीए, छोटेलाल, राजेन्द्र पंच, पवन स्वामी, मुकेश आर्य, अशोक, अनिल आर्य, अमरसिंह, गंगादत्त, योगेश जागीरदार, कैलाश हवलदार, डॉ. मनोज यादव, दाताराम, अतुल जांगिड़, मास्टर बाबूलाल, हवासिंह आर्य, रामलाल, मोहन लाल व हिरालाल देवपुरा आदि ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यादव का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, सेवा दल प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत एवं क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव का आभार भी व्यक्त किया है।

## गिरी महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारा

**खैरथल ।** स्थानीय पहाड़ी वाले हनुमान मंदिर के संस्थापक श्री श्री 108 महन्त भजन गिरी महाराज की 17वीं पुण्यतिथि पर आम भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी ललित लोढ्ा व चंदर लोढ्ा ने बताया कि महन्त केशव गिरी के निर्देशन में आयोजित पुण्यतिथि उत्सव में सुबह हवन-यज्ञ व कन्या वंदन एवं भोज के बाद आयोजित आम भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण कर हनुमान जी महाराज के मंदिर व महन्त भजन गिरी महाराज की समाधि पर शीश नवा मन्नतें मांगी।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAIWASA, P.S. PALSANA (SIKAR)**
No. : Proc./2023-24/209 Date : 13.07.2023
E-Tender Notice No. 01/2023-24
Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Raiwasa Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 22.07.2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.
NIB No.:- PSP2324A0021 UBN No.:- PSP2324GLRC00021
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT RAIWASA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH, GRAM PANCHAYAT RAIWASA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT PALSANA, P.S. PALSANA (SIKAR)**
No. : Proc./2023-24/71 Date : 13.07.2023
E-Tender Notice No. 01/2023-24
Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Palsana Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 22.07.2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.
NIB No.:- PSP2324A0022 UBN No.:- PSP2324GLRC00022
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT PALSANA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH, GRAM PANCHAYAT PALSANA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, P.S. PALSANA (SIKAR)**
No. : Proc./2023-24/28 Date : 13.07.2023
E-Tender Notice No. 01/2023-24
Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Kishanpura Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 22.07.2023 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.
NIB No.:- PSP2324A0020 UBN No.:- PSP2324GLRC00020
VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH, GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

## पालिका प्रशासन ने बांटे 2888 पट्टे

**मालपुरा** (निस) राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरो के संग अभियान के अन्तर्गत प्रदेश की नगरपालिकाओं को दिये गये ज्यादा से ज्यादा पट्टा वितरण के लक्ष्यो को लेकर की गई समीक्षा मे मालपुरा मे नगरपालिका प्रशासन द्वारा 2888 पट्टो का वितरण कर 96.26 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया।

पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत क्षैत्रिय स्थानीय निकाय विभाग उपनिदेशक आलोक जैन द्वारा जारी सुची मे मालपुरा पालिका प्रशासन द्वारा दिये गये लक्ष्य का 96.26 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर हर्ष जताया। अभियान के दौरान आमजन को राहत देते हुए सरकार की मंशानुरूप मालपुरा पालिका प्रशासन ने स्टेट ग्रान्ट एक्ट के अन्तर्गत 613, पालिका अधिनियम 2०09 की धारा 69ए के तहत 75० पट्टे, निकाय न्यास प्राधिकरण की स्वंय की योजना मे 3०1 पट्टे, पूर्व मे जारी पट्टो के समर्पण के पश्चात पुन: जारी किये गये 5 पट्टे वितरित किये गये।

अध्यक्ष सोनिया सोनी ने बताया कि ईओ राजपाल बुनकर,वरिष्ठ सहायक निहाल चन्द जैन,कनिष्ठ सहायक मोहित विजय के अथक प्रयासो एवं पार्षदो के सराहनीय सहयोग से ही यह लक्ष्य हासिल किया गया है। शेष पत्रावलियो को जल्द तैयार कर आवेदनकर्ताओ को पट्टो का वितरण किया जायेगा।

# सुरा ने जोशी से आने वाले चुनावों पर चर्चा की



रामगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा नेता निर्मल सुरा ने प्रदेशअध्यक्ष सी.पी. जोशी से मुलाकात की।

**अलवर।** झूंझनू में घेराव के लिए अलवर से पहुंचे सैकडो कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन में भाग लिया । इसी कडी में रामगढ विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार निर्मल सुरा जिला प्रभारी किसान मोर्चा, राष्ट्रीय सचिव हिंदूवादी संगठन एवं प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय औड महासभा भी पहुचें और शीर्ष नेताओ से मिल कर प्रदर्शन के बीच आने वाले चुनावों पर चर्चा की ।

यहां पर गौरतलब है कि निर्मल सुरा एक सनातनी नेता है । जिन्होंने रामगढ क्षेत्रा के अनेको आंदोलनों में हिस्सा लिया और पिछली बार भरतपुर में हुए महाघेराव के दौरान वे अपने एक हाथ की अंगूली गवा बैठे है । उन्होंने लोट कर पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की जनता कांठोस के झूठे वायदो से परेशान है । वो जानती है कि जो सरकार इस समय वायदे कर रही है वे धरातल पर उतरने वाले नही है सरकार इस बार मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने में व्यस्त है जनता से अपने नाकामी के कारनामें छुपाने के लिए बिना-सिर पैर के वायदे कर उनका ध्यान भटका रही है उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात कर आने वाले चुनावों पर चर्चा की ।

## जैन समाज ने मौन जुलूस निकाला

**मालपुरा** (निस) बीते दिनो कर्नाटक मे जैन मुनी आचार्य कामनन्दी महाराज की हुई निर्मम हत्या को लेकर आक्रोशित जैन समाज ने गुरूवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रख सडको पर उतरते हुए मौन जुलुस निकाल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शहर के गांधीपार्क जैन मंदिर मे एकत्रित जैन समाज के महिला-पुरूषो ने मौन धारण कर गांधीपार्क से कोर्ट परिसर तक मौन जुलुस निकाला गया।

तहसीलदार सहदेव मंडा को सौंपे गये ज्ञापन मे जैन मुनी कामनन्दी महाराज की हुई निर्मम हत्या की कडे शब्दो मे निन्दा कर आरोपियो की जल्द गिरफतारी व सख्त कानूनी कार्यवाही के साथ-साथ देश मे जैन मुनियो की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाने की मांग की। जैन समाज के आ ान पर जैन समाज के व्यापारियो ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख मौन जुलुस मे भाग लेते हुए आचार्य इन्द्रनन्दी के हत्यारो के प्रति गहरा आक्रोश जताया।

मौन जुलुस को शहर के अन्य सामाजिक व व्यापारिक संगठनो ने भी समर्थन कर घटना की कडे शब्दो मे निन्दा की। त्याग व तपस्या की तपोमूर्त जैन मुनियों पर इस प्रकार किये गये जानलेवा हमलो के मामले मे कर्नाटक सरकार द्वारा तत्काल कोई ठोस कार्यवाही नही किये जाने पर भी नाराजगी जताई।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 08.02.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. सौरभ गोयल, 2. गोयल पेपर कारपोरेशन, 3. मोहन लाल गोयल को जारी किया गया था, जिसमें 08.02.2023 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 1,19,33,919.71/- (रूपये एक करोड़ उन्नीस लाख तैतीस हजार नौ सौ उन्नीस और पैसा इकहत्तर मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जुलाई 2023 के 11वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 1,19,33,919.71/- (रूपये एक करोड़ उन्नीस लाख तैतीस हजार नौ सौ उन्नीस और पैसा इकहत्तर मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

रिहायशी मकान नं. 4-म-70 क्षेत्रफल 116.21 वर्गमीटर, सैक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-मकान नं. 4-म-51, पश्चिम-रोड 9 मीटर चौड़ी, उत्तर-मकान नं. 4-म-71, दक्षिण-मकान नं. 4-म-69

दिनांक-11 जुलाई 2023
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या-47874469

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

## संक्षिप्त

### 'मोदी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और महामंत्री (संगठन) चंद्रशेखर ने गुरुवार को तोतुका भवन में भाजपा के जनजाति सामाजिक संपर्क अभियान कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुसूचित जनजाति विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 9 वर्षों से अपनी अनेक योजनाओं के द्वारा जनजाति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हमें जनजाति वर्ग से सामाजिक संपर्क साधते हुए यह उन तक यह बात प्रेषित करनी है। जनजाति सामाजिक संपर्क अभियान कार्यशाला में जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीना, प्रदेश महामंत्री मोतीलाल जी मीणा सहित चार सम्भाग अजमेर भरतपुर, कोटा, जयपुर की 51 विधानसभाओं के वॉलिंटर्स उपस्थित रहे।

### पदभार ग्रहण आज

**जयपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हीरेंन्द्र कौशिक और आईटी विभाग संयोजक धनराज सोलंकी शुक्रवार को सुबह सवा नौ बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### चुनाव प्रभारी जयपुर आएंगे

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी एक दिवसीय प्रवास पर जयपुर आएंगे। सुबह 10 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। इस दौरान सुबह 10:15 पर विधानसभा प्रभारियों द्वारा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे विधानसभा प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एंव प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं की जवाहर सर्किल स्थित ईपी पर बैठक आयोजित होगी।

### महाघेराव की घोषणा

**टोंक।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस से मिलते हुए कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार में ना तो नौकरीया मिली, युवा बेराजगार और अधिकांश पेपर लिक हो जाने से राज्य का युवा पीडित है। नरेन्द्र सिंह ने प्रेस को राज्य में पेपर लिक होने सम्बन्धित प्रेस विज्ञप्ति जारी की।

# राजमार्ग पर पानी की निकासी व गड्ढ़ों को भरने में जुटा विभाग

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूतली कट के समीप एन.एच.ए.आई. ऑपरेशन टीम जिला प्रशासन की फटकार व पूतली ककट फ्लाई ओवर निर्माण कार्य रोके जाने के बाद राजमार्ग व सर्विस लेन से पानी की निकासी के लिए नालियों को ठीक करने व क्षतिग्रस्त सर्विस लेन व राजमार्ग पर गडढ़ों को भरने में जुट गई है।

■ राजमार्ग पर लगातार दो दिनों तक लगा भयंकर जाम



एन.एच.ए.आई. टीम क्षतिग्रस्त सर्विस लेन व राजमार्ग पर गडढ़ों को भरने में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत 8 व 9 जुलाई को लगातार हुई बारिश के चलते राजमार्ग पर दो दिनों तक भयंकर जाम की स्थिति बन गई थी। दरअसल में एनएचएआई द्वारा हाल ही में पूतली कट पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जिसके चलते राजमार्ग पर परिवहन को रोक कर पूतली कट के पास सर्विस लेन से ट्रैफिक को निकाला जा रहा था लेकिन एनएचएआई द्वारा बिना सर्विस लेन को दुरूस्त किये एवं गड्डों को भरे निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं क्षतिग्रस्त नालियों से पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। पूतली कट फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दोनों ओर सर्विस लेन से ट्रैफिक निकाले जाने के कारण यातायात व्यवस्था ठप हो गई एवं राजमार्ग पर लगातार दो दिनों तक किलोमीटरों लम्बा जाम लगता रहा। देश के सबसे व्यस्ततम राजमार्ग पर इस कदर जाम की स्थिति बनने से आवाज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से लेकर प्रदेश की राजधानी जयपुर तक पहुँच गई।

यही नहीं यह जाम शहरवासियों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया। लगातार जाम की स्थिति बनने पर एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा व तहसीलदार अभिषेक सिंह ने पूतली कट फ्लाईओवर निर्माण कार्य के मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी। जिस पर राज्य सरकार ने हरकत में आते हुए जिला प्रशासन को अविलम्ब कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर प्रकाश राज पुरोहित के निर्देश पर विगत 10 जुलाई को आपदा प्रबंधन के प्रभारी अधिकारी एडीएम ने एनएचएआई परियोजना निदेशक को जयपुर-अजमेर रोड़ पर पूतली कट सहित अन्य तीन स्थानों पर पुलिया निर्माण के समस्त कार्यो को यातायात के डाईवर्जन की उपयुक्त व्यवस्था ना होने तक अविलम्ब बंद किये जाने के आदेश दिये थे। साथ ही ऐसा ना होने पर दण्डात्मक कार्यवाही के लिए भी फटकार लगाई थी। बताया जा रहा है कि राजमार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य एवं बारिश से निरन्तर लग रहे जाम को देखते हुए बिना गड्डों को भरे, पानी की निकासी के उचित प्रबंधन व परिवहन की वैकल्पिक व्यवस्था किये बगैर ही निर्माण शुरू करने से बनी जाम की स्थिति को देखते हुए उक्त आदेश जारी किये गये थे। वहीं दुसरी ओर एनएचएआई को लगी उक्त फटकार का लगातार असर देखने को मिल रहा है। एनएचएआई प्रशासन द्वारा राजमार्ग एवं सर्विस लेन पर पेचवर्क कर गड्डों को भरा जा रहा है।

### महाघेराव में शामिल होंगे कार्यकर्ता

**कोटपूतली।** कांग्रेस सरकार में हुये विभिन्न भर्ती घोटालों के विरोध में भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची गार्ड के नेतृत्व में आगामी 18 जुलाई को अजमेर स्थित आरपीएससी पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

इसी को लेकर भाजयुमो द्वारा युवा आक्रोश महाघेराव का आह्वान किया गया है। जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता, युवा, बेरोजगार व छात्र भाग लेगें। उक्त प्रदर्शन को लेकर भाजयुमो द्वारा विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राजकुमार बिवाल द्वारा क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा कुहाड्ा निवासी भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद सिंह को अलवर जिले की किशनगढबास विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिंह भाजयुमो की ओर से अलवर व धौलपुर जिलों के प्रभारी पद का दायित्व सम्भाल रहे है। उन्होंने किशनगढबास समेत तिजारा विधानसभा का दौरा किया। सिंह ने बताया कि आगामी 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएससी के युवा आक्रोश महाघेराव में क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेगें। इसको लेकर उन्होंने उक्त विधानसभाओं में जनसम्पर्क भी किया।

## नफरी की कमी से बढ़ रहे है अपराध

**पावटा।** जयपुर ग्रामीण के पावटा उपखंड में संचालित प्रागपुरा थाने में स्वीकृत पदों के अनुसार पुलिसकर्मियों के नहीं होने से न सिर्फ उन्हे अतिरिक्त ड्यूटी देनी पडती है, बल्कि पुलिस नफरी कम होने से अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

हालांकि जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजीव पचार के लगातार मॉनिटरिंग करने से जयपुर ग्रामीण के थानों की पुलिस सक्रिय हो गई है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के अधीन पावटा उपखंड क्षेत्र के प्रागपुरा थाना संचालित है। इनके अधीन 4 पुलिस चौकियां भी हैं। प्रागपुरा थाने व चौकियों में एक सीआई, दो एसआई, सात एएसआई, आठ हेड कांस्टेबल व 33 कांस्टेबल के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में दो एसआई, चार एएसआई, दो हेड कांस्टेबल व 7 कांस्टेबल के पद रिक्त हैं। प्रागपुरा थाने पर राजनौता, दांतिल, टसकोला व पावटा चौकी का भार होने के साथ ही 52 गांवों की सुरक्षा, गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध की रोकथाम की जिमेदारी है। लेकिन वर्तमान में नफरी की कमी होने के कारण एक-एक कांस्टेबल पर तीन गांवों एवं दो बीटों का भार है। ऐसे में बीट अधिकारी समय पर गांवों में नहीं पहुंच पा रहा है। प्रागपुरा थाना राष्ट ीय राजमार्ग 48 स्थित होने से हाइवे से गुजरने वाले वीवीआईपी, हार्डकोर अपराधी को लाने ले जाने सहित मंत्रियों के लिए थाना स्टाफ को अक्सर कई बार एक ही दिन में तीन से चार बार एस्कोर्ट देनी पडती है। ऐसे में नफरी में कमी होने के कारण व एस्कोर्ट में पुलिस अधिकारियों के चले जाने पर कई बार थाना क्षेत्र में पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती है।

नतीजतन कार्यरत पुलिसकर्मियों को आमजन के रोष का सामना करना पडता है। थाने में नफरी की कमी होने के कारण समय पर गश्त नहीं होने से चोरी सहित अन्य कई प्रकार की वारदात भी सामने आ रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रहने के साथ ही अपराध पर रोकथाम, थाने में दर्ज मामलों पर अनुसंधान एवं कोर्ट में उचालान पेश करना सहित अनेक कार्यों का जिमा है।

# महाविद्यालय में पौधे रोपे



एन. एस. एस. स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के बगीचे में वृक्षारोपण किया।

**खैरथल ।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत एन एस एस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के बगीचे में वृक्षारोपण किया।

प्राचार्य प्रो. रामकिशोर उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पिछले सत्र से निरंतर श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर के एक उपेक्षित पड़े ऊबड़ खाबड़ हिस्से को एनएसएस गार्डन के रूप में विकसित कर दिखाया है। गुरुवार को इन विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए बगीचे की सफाई के साथ 75 पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में एनएसएस गार्डन के विकास से महाविद्यालय का स्वरूप तो निखरेगा ही साथ ही सौंदर्यीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक भाव जाठात होगा तथा उनमें महाविद्यालय के प्रति लगाव की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर संकाय सदस्यों ने भी एक शिक्षक एक पेड़ की भावना के अनुरूप महाविद्यालय के बगीचे में एक एक पौधे को रोपा और सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई।

## सार-समाचार

### स्कूल को क्रमोन्नत करने की मांग

**अलवर।** रामगढ पंचायत समिति के प्रधान नसरू खां ने राजकीय मिडिल स्कूल पिपली का बास, तिबारा का बास, गुगडोद, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बामनीखेड़ा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिपली का बास में 19 बच्चों का नामांकन है। जिसमे 9 बच्चे ही उपस्थित मिले। इसके लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामगढ को अवगत कराया और एक टीचर किसी अन्य स्कूल से लगाने को निर्देशित किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बामणी खेड़ा में निरीक्षण के दौरान गांव वाले आ गए और उन्होंने मांग की कि हमारी स्कूल को सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रमोन्नत कराया जाए। इस मांग पर प्रधान नसरू खाने गांव वासियों को आश्वासन दिया कि जुबेर खान व विधायक साफिया जुबेर को आपकी स्कूल को सीनियर सेकेंडरी कराने के लिए सिफारिश कर कदम उठाया जाएगा। प्रधान ने यह भी कहा है कि बच्चों के नामांकन के अनुरूप स्कूल में ठहराव सुनिश्चित करें। जिससे बच्चों का भविष्य सही बन सके। निरीक्षण के दौरान प्रधान नसरू खां को स्कूलों में स्टाफ की कमी नजर आई। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक या दो अध्यापक पाए गए। जिसके लिए अधिकारियों को और स्टाफ लगाने के दिशा निर्देश दिए साफ जाहिर है की विद्यालयों में जब पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं होंगे तो बच्चे कैसे पडेगे और कैसे स्कूलों में नामांकन बढेगा।

### शर्मा बोर्ड के सदस्य नियुक्त

**कोटपूतली।** उपासना सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष व पत्रकार अनिल शर्मा को नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानन्द झा के निर्देशन पर इन्टरनेशनल संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय समरस्ता मिशन के सलाहकार बोर्ड का सदस्य मनोनित किया गया है। आपको बता दें कि अन्तर्राष्ट्रीय समरस्ता मिशन द्वारा पूर्व में भी पत्रकार शर्मा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनिय कार्य को लेकर वर्ष 2019 में पूर्व उपराष्ट्रपति व सर्वोच्च न्यायालय नेपाल के पूर्व न्यायधीश न्याय मूर्ति गिरिश चन्द लाल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया था। वहीं हाल ही में भी शर्मा को राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड से नवाजा गया था। गौरतलब है कि मानवीय सेवाओं के लिए प्रेरित करने वाला अन्तर्राष्ट्रीय समरस्ता मंच विश्व के प्रभुद नागरिकों एवं महननीय व्यक्तियों का एक वैचारिक संगठन है जो मानवीय के लिए विषय विशेष पर कार्य कर रहा है। सलाहकार बोर्ड सदस्य पत्रकार शर्मा कार्य योजना में राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों, विभिन्न राष्ट्रों में रह रहे भारतीय नागरिकों के बीच परस्पर समन्वय स्थापित करने की योजना प्रस्तुत कर, भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंचशील सिद्धांत पर विकासशील से विकसित राष्ट्रों में भारत को सम्मलित कराने में सहयोग करेंगे।

### प्लैसमेन्ट कार्यक्रम 23 को

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में आगामी 23 जुलाई को प्रातः 09 बजे से युवा विकास केन्द्र एवं प्लैसमेन्ट सैल के तत्वाधान में बीओएमजीआईएम कम्पनी गांधीधाम (गुजरात) द्वारा रोजगार के लिए प्लैसमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. आर.पी गुर्जर ने बताया कि प्लैसमेन्ट कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के ऐसे विद्यार्थी भाग ले सकते हैं जिन्होने बी.कॉम परीक्षा परिणाम में न्युनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। विद्यार्थी को कम्प्यूटर और टैली की जानकारी होना आवश्यक है। युवा विकास केन्द्र के संयोजक सुरेश कुमार यादव ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज (अंक तालिका की प्रति, आधार कार्ड एवं अनुभव आदि प्रमाण पत्र) संलग्न कर आगामी 22 जुलाई तक महाविद्यालय में जमा करवा दें। प्लैसमेन्ट सैल के संयोजक डॉ. प्रभात शर्मा ने बताया कि भाग लेने वाले अभ्यर्थी 23 जुलाई को प्रातः 09 बजे अपने मूल दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होवें।

### आरक्षण को बढ़ाये जाने की मांग

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व अखिल भारतीय ओबीसी बहुजन महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत यादव ने राजधानी जयपुर में मुख्यमंत्री के ओएसडी पुखराज पाराशर व कैबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल को ज्ञापन सौंपकर राजस्थान में जातिगत जनगणना करवाकर सरकार की समस्त भर्तियों में एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण बढ़ाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में यादव ने बताया कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होने लगी है। जातिगत जनगणना का मामला पुरे भारत में छाया हुआ है। जिसमें भारत सरकार आनाकानी कर रही है। लेकिन बिहार सरकार की तर्ज पर राजस्थान सरकार भी स्वयं के स्तर पर जातिगत जनगणना करवाये जाने की घोषणा कर सकती है।

### टोंक में किया पौधारोपण

**टोंक ।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मेंरी माटी मेंरा देश कार्यक्रम के आयोजन के लिए ओरियंटेशन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौलत अली खान ने बताया कि बैठक में एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. पूरणमल वर्मा ने स्वयंसेवकों को मेंरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। एनएसएस के महावीर सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 26 जुलाई से 2 अगस्त तक महाविद्यालय या गोद ली हुई बस्ती में एक ही दिन में 75 पौधे लगाकर वाटिका विकसित की जायेगी।

### जलभराव सुध ली

**पावटा।** पावटा कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 सहित दोनों तरफ सर्विस रोड पर बारिश के कारण जल भराव की समस्या को देखते हुए एनएचआई अधिकारियों ने सुध लेते हुए पंपिंग सेट लगाकर जगह-जगह जमा बारिश का पानी साफ किया जा रहा है। इससे वाहन चालकों व राहगीरो को राहत मिलेगी। एनएचएआइ अधिकारी जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड व विधायक इंद्राज गुर्जर के निरीक्षण के बाद समस्या की तरफ ध्यान देते हुए हरकत में आए और जलभराव वाली जगह टैंकर लगाकर बारिश का पानी निकालने मे लगे है। ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे। जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। कई बडे नालों की सफाई की जा रही है। हर बार बारिश के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह जलभराव हो जाता है। क्योंकि यहां न तो समय पर नालो की सफाई होती है और ना ही सर्विस रोड पर बने गहरे गड्ढो की मरमत इसलिए जितना पानी बरसता है, वह सारा राजमार्ग पर जमा हो जाता है।

# 'गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत 16 को करेंगे जे.पी.नड्डा'

**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा द्वारा प्रदेशव्यापी "नहीं सहेगा राजस्थान" आंदोलन चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत आगामी 16 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जयपुर के बीलवा में चंदनवन में सभा के माध्यम से करेंगे। इस सभा के दौरान जयपुर शहर, जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण के कार्यकर्ता एंव आम जनता उपस्थित रहेगी। इसके पश्चात सभी संभागों और जिलों में इस आंदोलन को शुरू किया जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि "नहीं सहेगा राजस्थान"आंदोलन गहलोत सरकार की लूट और झूंठ की सरकार के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा। मुख्य कार्यक्रम 16 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित होगा, जिसमें आंदोलन से संबधित ऑडियो, विडियो और पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा। यह आंदालेन जयपुर से शुरू होकर संभाग और प्रत्येक विधानसभा स्तर तक किया जाएगा जिसकी अलग से एक वेबसाईट भी जारी की जाएगी। वेबसाईट पर प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक आंदोलन से जुडी तमाम जानकारियां मिलेंगी। यह आंदोलन प्रदेशभर में आगामी एक अगस्त तक चलेगा। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि "नहीं सहेगा राजस्थान" आंदोलन के दौरान 15 दिन तक विधानसभा, चौपाल, ढाणी और वार्ड स्तर तक धरना प्रदर्शन सभाएं आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें प्रत्येक विधानसभा में एफआईआर कैंप लगाए जाएंगे तथा गहलोत सरकार की नाकामयाबी पर "फेल कार्ड" का गांव-गांव और ढाणी के हर घर तक वितरण होगा। प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा स्तर पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों का दायित्व युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा को सौंपा गया है।

प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा कि आंदोलन की रूपरेखा के लिए प्रदेश स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंन्द्र गोठवाल को संयोजक और श्रवण बगडी को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, सांवलाराम देवासी, विधायक फूलसिंह मीणा, बिहारी लाल विश्नोई, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ओमप्रकाश भडाना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा डॉ. अपूर्वा सिंह और प्रदेश मंत्री भानुप्रताप को आंदालेन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### बदमाशों को शरण देने वाले गिरफ्तार

**बहरोड़/ नीमराना।** 13 जुलाई 2023 बर्डोद टोल प्लाजा के पास मध्य रात्रि 1 बजे पूर्व में हुई फायरिंग की घटना के बदमाशों को शरण व सहयोग करने के आरोपी अरविंद पुत्र मुकेश नाई एवं कालूराम पुत्र सुमेर सिंह जाट निवासी सोडावास थाना मुंडावर को बहरोड पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बहरोड़ थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि 9 जुलाई को नरेंद्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बाटखानी थाना नीमराणा द्वारा रात्रि को खाटूश्याम दो दोस्तों के साथ जाते समय करीब 1 बजे बर्डोद टोल प्लाजा के पास गांव के चितानंद उर्फ लाला व विजय गुर्जर , आदि द्वारा कैंपर बोलेरो गाडी पीछे लगाकर उनके हाथों में हथियारों होने से टोल प्लाजा के पास एक घर की तरफ मोडने पर फायरिंग से बचने के दौरान गाड़ी से उतरे महेंद्र के कुल्हे व देवेंद्र के पैर के आर पार गोली लगने की घटना पर अनुसंधान के दौरान दो अन्य आरोपी अरविंद व कालुराम मुंडावर को गिरफ्तार किया गया।

## फर्जी मार्कशीट की शिकायत पर सदस्य पद से अयोग्य घोषित

**पावटा।** सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण पंच निर्णायक व निरीक्षक जितेंद्र यादव ने एक आदेश जारी कर ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड प्रागपुरा के संचालक मंडल सदस्य जयराम सिंह पुत्र नत्थू सिंह को निर्योग्य घोषित किया है।

जयराम सिंह ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड प्रागपुरा के संचालक मंडल सदस्य के पद पर कार्यरत है। प्रागपुरा निवासी शक्ति सिंह पुत्र शिवपाल सिंह ने जयराम सिंह के खिलाफ चुनाव लडने के लिए व आठवीं कक्षा का फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य द्वारा फर्जी प्रमाण-पत्र और झूठा शपथ-पत्र देकर तथ्यों को छिपा कर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगा संचालक मंडल सदस्य पद से अयोग्य घोषित किए जाने की रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण कार्यालय में शिकायत की थी। वही ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य व पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य पर फर्जी प्रमाण-पत्र और झूठा शपथ-पत्र देने के आरोप में परिवादी शक्ति सिंह शेखावत की शिकायत पर प्रागपुरा थाना में धोखाधडी सहित विभिन्न धाराओ में केस भी दर्ज किया गया था। इस पर सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पावटा ने जांच के आदेश दिए थे। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य जयराम सिंह व पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य हरसाय यादव के खिलाफ फर्जी मार्कशीट की पुलिस थाना प्रागपुरा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

जांच में यह साबित भी हुआ जिस पर सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण पंच निर्णायक व निरीक्षक जितेंद्र यादव ने एक आदेश जारी कर जयराम सिंह को ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालक मंडल के सदस्य पद से अयोग्य घोषित किया।

### कांवडियों का आज होगा स्वागत

**पावटा।** कस्बे से बाबा भूतनाथ जोहडा धाम कमेटी के तत्वाधान में पवित्र गंगा जल लेने के लिए गंगोत्री व हरिद्वार गए कांवडियों के वापस लौटने पर आज बाबा भोले की शोभायात्रा के साथ साथ जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा इन कावडियो के जत्थों का भव्य स्वागत किया जायेगा।

इस दौरान शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। ऐसे में इन शिव भक्तों के स्वागत को लोग आतुर से दिखाई दे रहे है।कावडियो के लिए पावटा कस्बे में शक्ति कावड सेवा संघ समिति आयोजक राजेश शर्मा द्वारा 21 वर्षो से स्वागत पंडाल लगाकर कावडियो की सेवा व स्वागत किया जा रहा है। जहां पर इन कांवडियों के विश्राम के साथ ही जलपान की भी पूरी व्यवस्था की गई है। कांवडियों के जत्थों ने जैसे ही पावटा कस्बे में प्रवेश किया वैसे ही शक्ति कावड सेवा संघ समिति अध्यक्ष सुनील शर्मा, सचिव व आयोजक राजेश शर्मा, रवि शर्मा, अशोक शर्मा, भुनेश शर्मा, अमित शर्मा, बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा सहित लोगों ने भव्य स्वागत किया।

# हरिद्वार से नारेडा कलां की पांचवीं डाक कांवड यात्रा रवाना हुई



पैडी हरिद्वार से गांव नारेडा के लिए कावड़ की आज रवानगी हुई।

**बहरोड / अलवर।** भगवान भोलेनाथ की पांचवी शिव डाक कांवड को हरिद्वार से नारेडा कलां बहरोड लाया जायेगा। 13 जुलाई को हरिद्वार से श्रावणी एकादशी को दौडते डाक भरते रवाना होकर महाशिवरात्रि को नारेडा कलां गांव के शिव मंदिर पहुंचेंगे। डाक कांवड लाने की मुख्य भूमिका के अलवर कांग्रेस कमेटी जिला सचिव मनीष भारद्वाज ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से हर की पैडी हरिद्वार घंटाघर के पास से समस्त गांव नारेडा सहित जिले भर के अमन चैन चैन एवं सुख शांति के लिए भगवान भोलेनाथ की श्रद्धा में व्याख्याता भूपसिंह यादव, नरेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, भीम शर्मा, दीपचंद, रविंद्र, सुनील, विष्णु आदि 25 शिव भक्तों के सहयोग से डाक भरते रवाना होकर 15 जुलाई महाशिवरात्रि को सुबह नारेडा कलां के शिव मंदिर पर पहुंचेंगे।

### स्वच्छता सैनानि सम्मानित

**पावटा।** केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के लोक कल्याणकारी 9 वर्ष पूरे होने पर विराटनगर कस्बे में नगरपालिका परिसर में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्वच्छता सैनानियों का समान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच जगन चौधरी ने की, मुय अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल जाट रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पवन शर्मा जवानपुरा, जगदीश यादव, पूर्व सरपंच संतोष मोदी एवं सरपंच जयराम पलसानिया मौजूद रहे। स्वच्छता सैनानियों का समान करते हुए बाबूलाल जाट ने कहा स्वच्छता सैनानी वास्तविकता में हमारे राष्ट का मूल आधार है विश्व पटल पर भारत की स्वच्छता एवं सुंदरता में स्वच्छता सैनानियों का बडा हाथ है। वही पवन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा आज भारत अंतरराष्ट ीय स्तर पर अपनी खास पहचान बना चुका है।


नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सब को मिलकर देश हित में कार्य करना है। भेदभाव और मतभेद समाप्त कर हम सबको एकजुटता से आगे बढने की जरूरत है।

# राम ने तोड़ा शिव धनुष



श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम व माता सीता का स्वयंवर हुआ ।

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम मऊ के रिद्धि सिद्धि गार्डन में आयोजित हो रही श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम व माता सीता का स्वयंवर हुआ। कुटी वृन्दावन के संत श्री प्रहलाद महाराज ने भगवान राम व माता सीता के चरित्र के बारे में लोगो को बताया। उन्होंने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भगवान विष्णु के 7 वें अवतार थे। एक कथा के अनुसार, पिनाक भगवान शिव का मूल धनुष है जो विनाश या "प्रलय" के लिए उपयोग किया जाता है। भगवान देवेंद्र द्वारा समान क्षमता के दो धनुष बनाए गए थे जो उन्होने रुद्र (भगवान शिव) और भगवान विष्णु को दे दिए और उनसे यह अनुरोध किया कि दोनों आपस में युद्ध करें जिससे ज्ञात हो सके कि उनमें से शक्तिशाली कौन है। लेकिन युद्ध की शुरुआत से ठीक पहले आकाशवाणी हुई कि यह युद्ध विनाश का कारण बन जाएगा और इसलिए यह युद्ध रोक दिया गया था। आकाशवाणी होने पर रुद्र ने धनुष फेंक दिया जो पृथ्वी पर गिर गया जिसे बाद में "शिवधनुष" कहा गया। पृथ्वी पर यह धनुष राजा जनक के पूर्वज राजा देवरथ को मिला। राजा जनक ने यह निश्चय किया था कि जो व्यक्ति अपने पराक्रम देने में समर्थ होगा, वही सीता से विवाह कर सकेगा।



उन्हें आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्हें यहां खेलना चाहिए और हमें उनके देश का दौरा करना चाहि। इसमें किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए लेकिन मैं राजनीतिक स्थिति के बारे में नहीं जानता हूं। – **जफर इकबाल**

**पूर्व भारतीक हॉकी कप्तान, पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत में हॉकी खिलाने पर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## जी साथियान



स्टार खिलाड़ी जी साथियान को लगता है कि भारत में शीर्ष पांच टेबल टेनिस खेलने वाले देशों में शामिल होने की काबिलियत है और अगर अगले साल ओलंपिक में एक पदक आ जाये तो इस खेल में हो रहे तेजी से हो रहे विकास को और बढ़ाया जा सकता है। साथियान ने कहा कि उन्होंने और उनके साथी खिलाड़ियों ने जो सफलता हासिल की है, भारत के युवा खिलाड़ियों में उससे भी बेहतर करने की क्षमता है। साथियान ने अल्टीमेट टेबल टेनिस के मौके पर पीटीआई से कहा, ''टीम रैंकिंग में हम इस समय हम शीर्ष 10 में पहुंचने के करीब हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** वर्तमान में 80 से अधिक देश पोलो खेलते हैं। पोलो 1900 से 1936 तक ओलंपिक खेल था और इसे अब एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मान्यता प्रदान की है।

## आईसीसी बोर्ड बैठक : भारत को मिलेगी राजस्व में अधिकतम हिस्सेदारी

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने विश्व क्रिकेट की वित्तीय ताकत के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को डरबन में अपनी बोर्ड बैठक में राजस्व वितरण मॉडल को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। आईसीसी ने साथ ही विभिन्न लीग में टीमों के लिए विदेशी क्रिकेटरों की सीमा तय कर दी है जिससे नई प्रतियोगिताओं में हर टीम अपनी एकादश में चार विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला पाएंगी। यह मुख्य रूप से हर कोने में शुरू होने वाली टी20 लीग के लिए है जो खेल के अंतरराष्ट्रीय प्रारूप के लिए खतरा पैदा कर रहा है। हालांकि आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति में यह नहीं बताया गया है कि बीसीसीआई को वितरण मॉडल से कितना राजस्व मिलेगा लेकिन उम्मीद है कि भारतीय बोर्ड अगले चार वर्षों में 60 करोड़ डॉलर में से सालाना 23 करोड़ डॉलर कमाएगा। यह कुल राजस्व लगभग 38.4 प्रतिशत है और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से कम से कम छह गुना अधिक है जिसे 6.89 प्रतिशत के हिसाब से चार करोड़ 10 लाख डॉलर और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को तीन करोड़ 75 लाख डॉलर (लगभग 6.25 प्रतिशत) मिलेंगे। वे सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है, ''आईसीसी बोर्ड ने अगले चार वर्षों के लिए वितरण मॉडल पर सहमति के बाद खेल में अब तक के सबसे बड़े निवेश की भी पुष्टि की है।'' इसमें आगे कहा गया है, ''प्रत्येक आईसीसी सदस्य को आईसीसी वैश्विक विकास रणनीति के अनुरूप वैश्विक विकास पहल को चलाने के लिए एक रणनीतिक निवेश कोष के साथ बढ़ी हुई राशि प्राप्त होगी।'' हालांकि विज्ञप्ति में संख्या नहीं थी लेकिन आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने पुष्टि की कि बीसीसीआई को खेल के विकास में योगदान के लिए उचित हिस्सा मिला है और इस चक्र में प्रत्येक सदस्य काफी अधिक कमाएगा। आईसीसी के चेयरमैन ठोग बार्कले ने कहा, ''सभी सदस्यों को आधार वितरण मिलेगा और फिर मैदान के अंदर और बाहर वैश्विक खेल में योगदान के संबंध में अतिरिक्त राजस्व होगा।'' आईसीसी ने साथ ही फैसला किया है कि शीर्ष देशों के टी20 विशेषज्ञों के सामूहिक संन्यास को रोकने के लिए सभी नई प्रतियोगिताओं (विभिन्न टी20 लीग) में कम से कम सात घरेलू खिलाड़ियों या एसोसिएट सदस्यों के खिलाड़ियों को अपनी एकादश में शामिल करना होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) शुरू होने के साथ और सऊदी अरब भी भविष्य में एक महत्वाकांक्षी टी20 लीग की योजना बना रहा है और ऐसे में हितधारक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की रक्षा करना चाहते हैं। मेजबान टी20 बोर्ड को 'एकजुटता शुल्क' भी देना होगा जो सरल शब्दों में एक विदेशी खिलाड़ी के घरेलू बोर्ड को दिया जाने वाला कमीशन है। मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की समिति ने ओवर गति से जुड़ी सजा में बदलाव को स्वीकृति दी जिससे कि ओवर गति को बनाए रखने और खिलाड़ियों को उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित हो सके।

## रोहन बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी विंबलडन से बाहर

विंबलडन, 13 जुलाई। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्क की शीर्ष वरीय जोड़ी से सीधे सेटों में हारकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। बोपन्ना और एबडेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक घंटे 26 मिनट तक चले मैच में 5-7, 4-6 हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना अभी 43 साल के हैं और वह ओपन युग में एकल, युगल और मिश्रित युगल में सबसे उम्रदराज ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने से चूक गए। बोपन्ना और 35 वर्षीय एबडेन ने क्वार्टर फाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर और बार्ट स्टीवंस को 6-7(3) 7-5 6-2 से हराया था। बोपन्ना इस साल के शुरू में सानिया मिर्जा के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने एबडेन के साथ मिलकर पुरुष युगल के दो एटीपी खिताब भी जीते हैं। वह 2015 के बाद पहली बार और कुल तीसरी बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

## पेनल्टी किक में अमेरिका को 5-4 से हराकर पनामा कोनकाकाफ गोल्ड कप के फाइनल में

सेन डिएगो, 13 जुलाई। पनामा ने बुधवार रात पेनल्टी शूट आउट में अमेरिका को 5-4 से हराकर कोनकाकाफ गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पनामा ने पेनल्टी शूट आउट में जीत दर्ज की। पनामा को 99वें मिनट में इवान एंडरसन ने बढ़त दिलाई थी लेकिन जीजस फरेरा ने 105वें मिनट में अमेरिका को बराबरी दिला दी। पनामा के गोलकीपर ने क्रिस्टियन रोल्डन का शॉट रोका जिसके बाद एडलबर्टो करासक्विला ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को जीत दिलाई।

## सिंधू और लक्ष्य पहले दौर में जीते, साई प्रणीत हारे

काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका), 13 जुलाई। ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने यहां अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की। सिंधू ने भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी दीक्षा गुप्ता को महज 27 मिनट में 21-15, 21-12 से पराजित किया तो सेन ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को 30 मिनट के अंदर 21-8, 21-16 से हरा दिया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में एस एस सुब्रमण्यम ने पहले दौर में आयरलैंड के प्रतिद्वंद्वी नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से शिकस्त दी।

# यशस्वी-रोहित के आगे पेस बैटरी फेल

## भारत के लंच तक 146 रन

डोमिनिका, 13 जुलाई। यशस्वी जायसवाल (62 नाबाद) और कप्तान रोहित शर्मा (68 नाबाद) के बीच नाबाद शतकीय साझीदारी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को लंच तक पहली पारी में बगैर विकेट खोये 146 रन बनाकर मैच में अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

विंडसर पार्क में इससे पहले भारतीय गेंदबाजों के घातक प्रहार के चलते वेस्टइंडीज की पहली पारी 150 रन बना कर सिमट गयी थी। इस तरह भारतीय टीम मेजबान के पहली पारी के स्कोर से अब मात्र चार रन पीछे है और आज के खेल के बाकी के दो सत्र में अगर भारतीय बल्लेबाज इसी अंदाज से खेलते हैं तो कैरिबियन टीम की मुश्किलों में खासा इजाफा हो सकता है।

पदार्पण टेस्ट खेल रहे यशस्वी आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रहे हैं और उन्हे दूसरे छोर पर अनुभवी कप्तान का भरपूर सहयोग मिल रहा है। यशस्वी अपनी नाबाद पारी में अब तक सात बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा चुके है वहीं रोहित ने छह चौके और दो छक्के जड़े हैं। वेस्टइंडीज के लिये घातक साबित हो रही इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने अपने सात गेंदबाजों की फौज उतार दी है मगर अभी भी उन्हे पहली सफलता का इंतजार है।

इससे पहले पदार्पण टेस्ट में एलिक अथानजे (47) की उपयोगी पारी के बावजूद रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा की फिरकी में फंसी वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ पहली पारी में 150 रन ही जुटा सकी थी। अश्विन ने पांच और जडेजा ने तीन विकेट अपने नाम किए थे।

## वोंड्रोसोवा और डाबेउर के बीच होगा विंबलडन 2023 का खिताबी मुकाबला

लंदन 13 जुलाई। विंबलडन 2023 के महिला एकल वर्ग का खिताबी मुकाबला चेक गणराज्य की मार्केटा वोंड्रोसोवा और ट्ययूनीशियाई टेनिस खिलाड़ी ओंस जाबेउर के बीच खेला जायेगा। विंबलडन 2023 के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में वोंड्रोसोवा ने गुरुवार को यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-3 से हरा कर पहली बार प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले का टिकट हासिल किया वहीं दूसरे सेमीफाइनल में जाबेउर ने बेलारूस की अरीना सबालेंका को 6-7, 6-4, 6-3 से हरा दिया।

वोंड्रोसोवा ने दूसरी बार किसी ठौंड स्लैम के फाइनल में अपनी जगह बनाई है। इससे पहले उन्होंने 2019 के फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, हालांकि उन्हें पूर्व विश्व नंबर एक एशले बार्टी से हार का सामना करना पड़ा था। उधर जाबेउर ने पहले सेट को हारने के बावजूद जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जाबेउर का ठौंड स्लैम में जीत-हार का रिकॉर्ड 49-24 हो गया है। उन्होंने विंबलडन में 16 मैच जीते हैं, जबकि पांच में उन्हें हार मिली है। वोंड्रोसोवा ने क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-4,2-6,6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। पहले दौर में वोंड्रोसोवा ने पीटन स्टर्न्स को, दूसरे दौरे में वेरोनिका कुडरमेतोवा और तीसरे दौर में डोना वेकिक के खिलाफ सीधे सेट पर जीत दर्ज की थी। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने मैरी बौजकोवा के खिलाफ 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। मौजूदा टूर्नामेंट से पहले वोंड्रोसोवा को विंबलडन 2021 में सिर्फ एक जीत मिली थी।

# बांग्लादेश ने जीता मैच, भारत के कब्जे में सीरीज

मीरपुर 13 जुलाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (40) और जेमिमा रोड्रिग्स (28) की शानदार पारियों के बावजूद निचले क्रम के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के चलते भारत तीन मैचों की टी-20 सीरीज में बांग्लादेश का क्लीन स्वीप करने के मौके से चूक गया।

शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम पर श्रृखंला के तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश ने दस गेंद शेष रहते छह विकेट खोकर भारत द्वारा दिये गये विजयी लक्ष्य को पाकर शानदार जीत हासिल की। भारत ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 102 रन बनाये थे जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 18.2 ओवर के खेल में छह विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाये। भारत इससे पहले खेले गये दो टी-20 मुकाबलों में मेजबान टीम को धो चुका है।

बांग्लादेश की जीत में 35 वर्षीय शमीमा सुल्ताना की भूमिका अहम रही जिन्होने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 68 मिनट क्रीज पर बिताये और 46 गेंदो पर तीन चौको की मदद से 42 रन की उपयोगी पारी खेली जो भारत के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण कारक साबित हुयी। वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हुयी। इनके अलावा कप्तान निगार सुल्ताना (14) और सुलताना खातून (12) की भूमिका भी उल्लेखनीय रही।

भारत की ओर से मिन्नू मणि और देविका वैद्य ने दो दो विकेट चटकाये जबकि रोड्रिग्स को एक विकेट मिला वहीं बांग्लादेश की गेंदबाज भारत के मुकाबले 20 साबित हुयी जिन्होने भारत के मध्य क्रम और पुछल्ले बल्लेबाजों का पुलिंदा आसानी से बांध कर अपनी टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। राबिया खान ने तीन विकेट झटके जबकि सुल्ताना खातून को दो विकेट मिले।

# निरंतर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयास काफी थकाऊ रहे : अश्विन

रोसीयू (डॉमिनिका), 13 जुलाई। भारतीय टीम के स्टार ऑफ स्पिनर का कहना है कि लगातार बेहतर करने की ललक ने उन्हें नयी ऊंचाईयों तक पहुंचाया है लेकिन यह सफर उनके लिए काफी थकाने वाला रहा है। अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन 60 रन देकर पांच विकेट झटके जिसकी बदौलत भारत ने मेजबान टीम को पहली पारी में महज 150 रन पर समेट दिया।

अश्विन ने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्रिकेट (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में मिला कर) में 700 विकेट पूरे किये। वह अनिल कुंबले (956) और हरभजन सिंह (711) के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गये।

पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद अश्विन से जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की लंबी यात्रा और इस दौरान हुए उतार चढ़ाव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''इस दुनिया में कोई भी क्रिकेटर या इंसान ऐसा नहीं है जो इस तरह के उतार चढ़ाव से नहीं गुजरा हो। जब आप असफलता के दौर से गुजरते हो तो आपके पास दो विकल्प होते हैं, या तो उदास हो जाओ, इसके बारे में बात करो और फिर शिकायत करते हुए निराश हो जाओ। या फिर इससे सीख हासिल करो। इसलिये मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो लगातार इन चीजों से सीख लेता रहता है। ''

उन्होंने कहा, ''बल्कि आज (अपने अच्छे प्रदर्शन पर) मैं अपने अच्छे दिन पर सबसे अच्छी चीज यही करूंगा कि मैं अच्छा खाना खाऊंगा, अच्छी बातें करूंगा, अपने परिवार से बात करूंगा, बिस्तर पर जाऊंगा और इन सबके बारे में भूल जाऊंगा। अश्विन ने कहा, ''जब आपका अच्छा दिन होता है तो आप जानते हो कि आपके लिए दिन अच्छा रहा लेकिन ऐसी भी चीजें होती हैं जिन पर आप काम कर सकते हो और कल इन्हें बेहतर कर सकते हो। उत्कृष्टता की लगातार खोज करने ने ही मुझे अच्छी लय में बनाये रखा हुआ है, लेकिन यह काफी थकाने वाला भी रहा है। उन्होंने कहा, ''यह सफर इतना आसान भी नहीं रहा है। मेरे लिए यह यात्रा काफी थकाने वाली रही है लेकिन मैं उन सभी असफलताओं का बहुत बहुत शुक्रगुजार हूं क्योंकि इनके बिना सफलता नहीं मिल पातीं। ''

हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उन्हें अंतिम एकादश में नहीं रखा गया था, जिससे वह काफी निराश थे। उन्होंने कहा, ''मैंने इसके बारे में बात की है। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए काफी मुश्किल होता है जब आपके पास डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलने का मौका हो लेकिन अंत में बाहर बैठना पड़े। लेकिन अगर मैं ड्रेसिंग रूम में निराशा में बैठा रहूं तो मुझमें और एक अन्य व्यक्ति में क्या अंतर होगा।

## तारा शाह और रक्षिता एशिया जूनियर के 16वें राउंड में

नई दिल्ली, 13 जुलाई। भारत के उभरते शटलर तारा शाह और रक्षिता श्री ने गुरुवार को इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में अपने-अपने मैच जीतकर 16वें चरण में जगह बना ली है। असाधारण कौशल और आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुये तारा शाह पूरे मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी जापान के मिकू कोहारा पर हावी रहीं और 21-6, 21-17 के शानदार स्कोर के साथ जीत हासिल की। तारा अगले दौर में चीन की जू वेन जिंग से भिड़ेंगी। रक्षिता श्री एस ने भी कोर्ट पर अपना कौशल दिखाया और 24 मिनट तक चले मैच में मलेशिया की कैरिन टी को 21-8, 21-10 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला चीन की हुआंग लिन रान से होगा। तनीषा और कर्णिका की लड़कियों की युगल जोड़ी ने जापान की बुई और ट्रान के खिलाफ 27 मिनट में 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। वे कल राउंड 16 मैच में चीन के चेन फैन शू और जियांग पेई शी से भिड़ेंगे। लड़कों के एकल में, आयुष शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जापान के युना नाकागावा के खिलाफ लचीलापन दिखाया।

# कवरप्पा के कहर से हिला पश्चिम, रोमांच बरकरार

बेंगलुरू 13 जुलाई। विदवथ कवरप्पा (44 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्राफी फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र की पहली पारी में सात विकेट महज 129 रन पर चटका कर मैच में जबरदस्त वापसी की।

दक्षिण क्षेत्र की पहली पारी को 213 रन पर समेटने के बाद पश्चिम क्षेत्र एक समय दो विकेट पर 97 रन जोड़ कर अच्छी शुरूआत कर चुका था मगर कवरप्पा ने चेतेश्वर पुजारा (नौ), सूर्यकुमार यादव (8), हर्विक देसाई (28) और सरफराज खान को शून्य पर चलता कर मैच का पासा पलट दिया। कवरप्पा की गेंदबाजी के कहर से पश्चिम का मध्यक्रम चरमरा गया।

पारी के 31वें ओवर में कवरप्पा का पहला शिकार देसाई बने जो विकेट के पीछे लपके गये। अभी पश्चिम इस दंश से उबरा भी नहीं था कि अगले ही ओवर में क्रीज पर चट्टान की तरह जमे पृथ्वी शॉ विजय कुमार व्यस्क का शिकार बन गये। शॉ ने 101 गेंद खेल कर पारी में नौ चौके जड़े। शॉ और देसाई का विकेट उखड़ते ही दक्षिण का आक्रमण और धारदार हो गया। व्यस्क ने दो विकेट चटकाये जबकि कप्तान प्रियांक पंचाल (11) का विकेट वासुकी कौशिक के खाते में गया।

इससे पहले दक्षिण क्षेत्र ने अपनी पहली पारी में कल के स्कोर सात विकेट पर 182 रन से आगे खेलना शुरू किया और बिना क्षित के 72वें ओवर में 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। विजय कुमार व्यस्क (13) के तौर पर दक्षिण ने आज सुबह पहला विकेट खोया जिसके बाद कवरप्पा (8) ने कुछ देर वशिंगटन सुंदर (22) नाबाद के साथ संघर्ष किया मगर उनके आउट होते ही दक्षिण की पहली पारी 213 रन पर सिमट गयी। शम्स मुलानी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाये जबकि अरज़ान नागवासवल्ला, चिंतन गाजा, धमेन्द्रसिंह जडेजा ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डाले।

## भारतीय भारोत्तोलक शुभमन की निगाहें विश्व चैम्पियनशिप में अच्छे प्रदर्शन पर

ग्रेटर नोएडा, 13 जुलाई (भाषा) अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो सीनियर प्रतियोगिताओं में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय भारोत्तोलक शुभम टोडकर की निगाहें इस साल के आखिर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन पर टिकी हैं। महाराष्ट्र का रहने वाला यह 26 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता रहा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा।

शुभम ने मई में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था जहां वह दसवें स्थान पर रहे थे । मौजूदा राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता लेकिन उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। उनकी स्पर्धा में केवल तीन खिलाड़ियों ने भाग लिया था। शुभम से बेहतर प्रदर्शन जूनियर वर्ग में भाग लेने वाले सिद्धांत गोगोई ने किया।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद शुभम ने पीटीआई-भाषा से कहा,''मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मेरा शरीर सुस्त लग रहा था इसलिए मैं उतना वजन नहीं उठा सका जितना मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन फिर भी मैं स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। भगवान का शुक्र है।''

उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप के लिए मैं अपने स्नैच को 125 किग्रा तक और क्लीन एवं जर्क को 155 किग्रा तक बढ़ाना चाहता हूं। मैंने अभ्यास में इतना वजन उठाया है लेकिन मुझे बड़े मंच पर इस तरह का प्रदर्शन करना होगा।''

## आईसीसी ने अपनी वैश्विक प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा की

डरबन, 13 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेतन समानता लाने की कवायद के तहत गुरुवार को अपनी वैश्विक प्रतियोगिताओं में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा की जिससे विश्व क्रिकेट में नए युग की शुरुआत हुई। पिछले 50 ओवर के पुरुष विश्व कप में चैंपियन इंग्लैंड को 40 लाख डॉलर जबकि उपविजेता न्यूजीलैंड को 20 लाख डॉलर मिले थे।

आईसीसी ने बयान में कहा, ''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आज आईसीसी प्रतियोगिताओं में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा की। यह निर्णय दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में लिया गया और यह सुनिश्चित करता है कि आईसीसी बोर्ड ने 2030 तक पुरस्कार राशि में समानता लाने की अपनी प्रतिबद्धता को समय से काफी पहले पूरा कर लिया है।''

इसमें आगे कहा गया है, ''टीमों को अब तुलनात्मक रूप से समान स्पर्धाओं में समान स्थान पर रहने के लिए समान पुरस्कार राशि के साथ-साथ उन स्पर्धाओं में मैच जीतने पर भी समान राशि मिलेगी।'' आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, ''यह हमारे खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है और मुझे खुशी है कि आईसीसी की वैश्विक प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अब समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''2017 के बाद से हमने समान पुरस्कार राशि तक पहुंचने पर स्पष्ट ध्यान देने के साथ हर साल महिलाओं की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि बढ़ाई है और अब से आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने के समान ही पुरस्कार राशि मिलेगी और टी20 विश्व कप तथा अंडर19 के लिए भी यही बात लागू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने नीति तैयार करने में वित्तीय और वाणिज्यिक मामलों की समिति के प्रमुख के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई और पिछले साल अपने बोर्ड में भी ऐसा ही किया था।

## एंथनी एंड्र्यूज को भारतीय महिला टीम का कोच बनाने की सिफारिश

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने एंथनी एंड्र्यूज को भारतीय महिला टीम का कोच बनाने की सिफारिश की है। गोकुलम केरल एफसी को पिछले दो सीजन में इंडियन वूमेंस लीग का खिताब दिलाने वाले एंड्र्यूज भारत के उन युवा कोच में शामिल हैं, जिनके पास एएफसी 'ए' लाइसेंस है। उनके मार्गदर्शन में गोकुलम केरल ने 2020-21 और 2022-23 में आईडब्ल्यूएल का खिताब जीता है। अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने एंड्र्यूज को भारतीय महिला टीम का कोच बनाने की सिफारिश की है। थॉमस डेनर्बी के त्यागपत्र देने के बाद यह पद खाली पड़ा है। एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, समिति ने सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के कोच की नियुक्ति को लेकर लंबी चर्चा की और इस अहम पद के लिए एंथनी एंड्र्यूज के नाम की सिफारिश करने का फैसला किया।

## एकदिवसीय श्रृंखला में भी हमें सतर्क रहना होगा : हरमनप्रीत

मीरपुर, 13 जुलाई। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले को चार विकेट आसानी से गंवाने वाली भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को कहा कि मेजबान देश के बल्लेबाजों ने लो स्कोरिंग मैच में जिस तरह रन जुटाये, उससे न सिर्फ हमें सीख मिली है बल्कि आगामी एक दिवसीय श्रृखंला में भी हमें सतर्क रहना होगा।

बांग्लादेश में आज मिली हार के बावजूद भारत ने 2-1 से टी-20 सीरीज अपने नाम कर ली है। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा बांग्लादेश के बल्लेबाज जिस अंदाज से खेल रहे थे, उससे हमारे खिलाड़ियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होने लो स्कोरिंग मैच में एक एक रन जुटाया और हमें मौका नहीं दिया।

भारतीय कप्तान ने कहा 16 जुलाई से शुरू होने वाली एक दिवसीय श्रृखंला रोमांचक होने की उम्मीद है। मुझे लगता है वन डे सीरीज भी लो स्कोरिंग मैच वाली होगी जिसमें चौके छक्के के बजाय एक दो रन के हिसाब से खेलना होगा और स्ट्राइक रोटेट करने पर ज्यादा तवज्जो देनी होगी। इस विकेट पर आपको एक या दो रन पर निर्भर रहना होगा। हमारे बल्लेबाजी क्रम के चरमराने से, हम छह रन प्रति ओवर भी नहीं बना सके। हमारे लिये अंतिम पांच ओवर मैच का रूख बदलने वाले रहे जिसमें हम वैसा नहीं कर पाये जो हम चाहते थे क्योंकि हम दबाव में थे।

## ज्योति ने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जीता सोना

बैंकाक, 13 जुलाई। युवा एथलीट ज्योति याराजी ने गुरुवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में पहला स्थान हासिल कर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला। ज्योति ने फाइनल में 13.09 सेकंड का समय लेकर जापान की दो धाविकाओं टेराडा असुका (13.13 सेकेंड) और आओकी मासुमी (13.26 सेकेंड) को पछाड़ दिया। ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.82 सेकंड है। इससे पहले बुधवार को अभिषेक पाल ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था।

# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग में हरियाणा और एसएससीबी का दबदबा

ईटानगर, 13 जुलाई। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में पांचवीं जूनियर बॉयज नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन गुरूवार को एसएससीबी के दस और हरियाणा के छह मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

54 किग्रा वर्ग में, एसएससीबी के देवांग ने सिक्किम के हरि सुंदास को हराया। प्रतियोगिता में देवांग की यह लगातार 5-0 से दूसरी जीत है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला उत्तर प्रदेश के सुंदरम यादव से होगा। 50 किग्रा वर्ग में एसएससीबी के दिवाश कटारे ने पंजाब के गगनदीप को 5-0 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मेजबान अरुणाचल प्रदेश के लोमा रियांग से होगा।

एसएससीबी के अन्य मुक्केबाज जो सेमीफाइनल में रिंग में उतरेंगे, उनमे महेश (48 किग्रा), साहिल बॉर्ड (52 किग्रा), एम कबिराज सिंह (63 किग्रा), प्रशांत (66 किग्रा), राहुल कुंडू (70 किग्रा), साहिल (75 किग्रा), हार्दिक पंवार (80 किग्रा), हेमन्त सांगवान (80 किग्रा) शामिल हैं।

हरियाणा के योगेश ढांडा ने 57 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु के जे एबिनेज़र सैम को 5-0 से हरा कर सेमीफ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब अंतिम चार मुकाबले में उनका मुकाबला आंध्र प्रदेश के हेमंत जगन कुमार पप्पू से होगा। हरियाणा के सिकंदर (48 किग्रा), ध्रुव (52 किग्रा), अमन दास अहलावत (63 किग्रा), लोकेश (75 किग्रा), चिराग शर्मा (80 किग्रा) भी सेमीफाइनल में उतरेंगे। चंडीगढ़ के निखिल नंदल (50 किग्रा) और अरमान (57 किग्रा) की जोड़ी ने अपना सपना जारी रखा और क्वार्टर फाइनल में विपरीत जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# चौथी बार एशिय चैम्पियंस ट्रॉफी जीत कर भारत रचेगा इतिहास : ठाकुर

नई दिल्ली 13 जुलाई। खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचेगा। ठाकुर ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नई 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान भी लॉन्च किया। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारंभ चेन्नई में तीन अगस्त को होगा, जिसमें भारत, कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 12 अगस्त तक खेले जाने वाली प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स, डिज्नी हॉटस्टार पर किया जाएगा। भारत के बाहर देखने के लिए इसे वॉच हॉकी पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ट्रॉफी की यात्रा महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह उत्साह पैदा करता है, जागरूकता बढ़ाता है, युवा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देखने और एक दिन टीम इंडिया का हिस्सा बनने का सपना देखने के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि भारत चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा कि चेन्नई एक बहुत अच्छा मेजबान साबित होगा और हमारी सरकार सहकारी संघवाद और प्रतिस्पर्धी संघवाद में विश्वास करती है, जो खेलों के लिए भी लागू होता है। आपसी सहयोग से यह खेल प्रतियोगिता बेहद सफल होगी और सभी देशों के खिलाड़ी अच्छी यादों के साथ भारत से वापस जाएंगे। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ टीम को यह चैंपियनशिप में जीतनी चाहिए और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लोगों के सामने आना चाहिए। उन्होंने हॉकी इंडिया और एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के आयोजन से जुड़े सभी हितधारकों को भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष, पद्मश्री डॉ. दिलीप कुमार टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और हॉकी इकाई के अध्यक्ष तथा मेजबान राज्य तमिलनाडु के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, रोमियो जेम्स, एमपी सिंह, एचपीएस चिमानी और विनीत कुमार सहित भारतीय हॉकी के ओलंपिक खिलाड़ी और अन्य खिलाड़ी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद, ट्रॉफी दिल्ली, चंडीगढ़, गुवाहाटी, पटना, भुवनेश्वर, रांची, बैंगलोर, तिरुवनंतपुरम और मेजबान शहर चेन्नई सहित भारत के कई शहरों की यात्रा करेगी। इसके बाद ट्रॉफी को तमिलनाडु राज्य के अन्य जिलों में भी ले जाया जाएगा। पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान का उद्देश्य हॉकी प्रशंसकों को आशान्वित करने और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए समर्थन बढ़ाने के लिए एक उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को प्रसिद्ध ट्रॉफी डिजाइनर संजय शर्मा द्वारा पीतल, एल्युमीनियम और तांबे के संयोजन से बेहद सावधानीपूर्वक बनाया गया है। ट्रॉफी पर निकल और सोने की परत खूबसूरती से चढ़ाई गयी है। ट्रॉफी के ऊपरी हिस्से को सुशोभित करने के लिए लगाए गये क्रिस्टल और इसके उत्कृष्ट डिज़ाइन को इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए विशेष तौर पर तैयार किया गया है, जो इसकी भव्यता को एक अनोखा स्वरूप प्रदान करता है। हाकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि विश्व स्तरीय टूर्नामेंट जो एशियाई हॉकी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। राष्ट्रव्यापी पास द बॉल और ट्रॉफी टूर इस आयोजन के बारे में जागरूकता पैदा करने और युवाओं में खेल के प्रति प्रेम जगाने में मदद करेगा। यह हमारे एथलीटों के जुनून और कौशल और हमारे देश में खेल की बढ़ती लोकप्रियता के प्रमाण के रूप में भी काम करेगा।



इटली के द्वीप सारडिनिया में जगह जगह बड़े- बड़े पत्थरों से बने ढांचे दिखाई पड़ते हैं। इन्हें स्थानीय भाषा में नूरागे और इतालवी में नूरैक्सिस कहते हैं। ऐसे ढांचे सिर्फ यहीं मिलते हैं। ये इमारतें ईसापूर्व 1900 से 730 के बीच नूराजिक सभ्यता द्वारा बनाई गई थीं। माना जाता है कि, पहले यहां 10,000 नूरागे हुआ करते थे, अब 7000 ही बचे हैं। सारडिनिया में वास्तव में 5 प्रकार के नूरागे हैं। पहले हैं, अनियमित आकार प्रकार के प्रोटोनूरागे। ये सबसे ज्यादा प्राचीन हैं। दूसरे हैं, प्रोटोनूरागों का ही विकसित रुप, मिश्रित नूरागे। तीसरे सबसे आम हैं, एकल मीनार नूरागे, जो सारडिनिया में सबसे ज्यादा नज़र आते हैं। शंकु आकार के ये नूरागे ''बी हाइव'' (मधुमक्खी का छत्ता) जैसे लगते हैं। इसके बाद तानकाडू नूरागे विकसित हुए। इनमें मुख्य टावर के साथ एक गोलाकार भवन भी है। आखिरी हैं, किले जैसे ''पॉलीलोब्ड'' नूरागे, इन्हें नूराजिक रॉयल पैलेस भी कहते हैं। इनमें टावर्स के साथ कई भवन जुड़े होते थे। शुरुआती यूनानी इतिहासकार मानते थे कि, नूरागे का निर्माण महान शिल्पकार डेडलस ने किया होगा। जिसने क्रीट के पौराणिक दैत्य माइनोटॉर के लिए भूलभुलैया का डिज़ाइन बनाया था। कहा जाता है कि, भूलभुलैया बनाने के बाद वह पहले सिसिली गया और वहां से सारडिनिया चला गया। जहां उसने ये टावर बनाए। पर यह सत्य है या नहीं, यह कौन कह सकता है? तस्वीर में बारुमिनी का सू नुराक्सी नज़र आ रहा है, जो यूनैस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। यह नूरागे एक गांव से घिरा हुआ है। ईसापूर्व 1600 से तीसरी सदी इस्वी तक यह गांव आबाद था। साढ़े अठारह मीटर ऊँचे मुख्य नूरागे के चारों ओर एक दीवार है और उस दीवार पर चार मीनारे हैं। बासॉल्ट (ज्वालामुखी का पत्थर) से बना यह समूचा परिसर अपने अनोखे स्थापत्य के लिए विख्यात है। कहा जाता है, कम्बोडिया में जैसे अंगकोर वाट है वैसे सारडिनिया में ''सू नूराक्सी'' है।

# केरल के राज्यपाल ने यू.सी.सी. लागू करने की जमकर वकालत की

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि, यू.सी.सी. लागू करने से मुसलमानों को सबसे बड़ा फायदा होगा, उनके धार्मिक अधिकारों की भी रक्षा होगी

तिरुवनंतपुरम, 13 जुलाई। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को एक बार फिर से समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी.) को लेकर अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा कि, केवल केंद्र सरकार ही इसे लागू करने काम कर सकती है। राज्यपाल ने कहा, केंद्र को सबसे पहले यू.सी.सी. के उचित कार्यान्वयन के लिए मार्ग प्रशस्त करना होगा। अनुच्छेद 44 कहता है कि समान नागरिक संहिता का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना प्रत्येक राज्य की जिम्मेदारी है। इस पर भी आपत्तियां उठ सकती हैं लेकिन मैं बहुत पहले से कह रहा हूं कि भले ही अनुच्छेद 44 एक निदेशक सिद्धांत है और सरकार को उचित कार्यान्वयन के लिए एक व्यवस्था के रूप में खड़ा है।" खान ने समान नागरिक संहिता–समय की जरूरत? पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही। केरल के राज्यपाल ने आगे कहा, मेरी राय के अनुसार, हमारे देश में कानून संहिताबद्ध नहीं है बल्कि घोषणात्मक है और विवाह और गोद लेने जैसे विषय धार्मिक कानूनों पर आधारित होने चाहिए। लेकिन अंग्रेजों ने कभी इस बात पर जोर नहीं दिया कि ये धार्मिक कानून क्या होंगे।

- **राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि, यू.सी.सी. का एकमात्र मकसद सभी के लिए एक समान कानून है। खान ने ट्रिपल तलाक जैसे अन्य प्रासंगिक कानूनों का उदाहरण पेश किया और कहा कि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिणामस्वरूप 2019 में इसे लागू किए जाने के बाद से मुस्लिम महिलाओं के बीच तलाक की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है।**

केरल के राज्यपाल तीन तलाक जैसी प्रथाओं के खात्मे के मुखर समर्थन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शाह बानो मामले से निपटने के लिए राजीव गांधी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के लिए गुजारा भत्ता के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसे राजीव गांधी की कैबिनेट ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के साथ दरकिनार कर दिया था।

सरकार के कानून ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कमजोर कर दिया और मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को तलाक के बाद अपने पूर्व पतियों से गुजारा भत्ता पाने के अधिकार को केवल 90 दिनों तक सीमित कर दिया।

राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि यू.सी.सी. का एकमात्र मकसद सभी के लिए एक समान कानून है। खान ने ट्रिपल तलाक जैसे अन्य प्रासंगिक कानूनों को सामने लाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिणामस्वरूप 2019 में इसे लागू किए जाने के बाद से मुस्लिम महिलाओं के बीच तलाक की दर में 69 की गिरावट आई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इसको अच्छे से लागू किया जाएगा। यू.सी.सी. से मुसलमानों को फायदा होगा।

केरल के राज्यपाल ने आगे कहा, आज की स्थिति इतनी गंभीर है कि, यदि अदालत मेरे पक्ष में आदेश देती है तो मुझे खुशी होगी, लेकिन यदि नहीं तो लोग आरोप लगाते हैं कि उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। शाह बानो केस की तरह कोई भी आंदोलन खड़ा कर सकता है। ट्रिपल तलाक फैसले में, अदालत ने बताया था कि ट्रिपल तलाक की प्रथा अवैध और असंवैधानिक थी और कुरान में वास्तव में जो कहा गया था उसका भी उल्लंघन था। लोकसभा में यू.सी.सी. 2017 में पारित हो गया था लेकिन राज्यसभा में विपक्षी नेताओं ने इसे बहुमत से पास नहीं होने दिया। विपक्ष के प्रमुख नेताओं ने यू.सी.सी. के कार्यान्वयन का पुरजोर विरोध भी नहीं किया और केवल संसद से वाकआउट किया। जब तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाया गया था, तो मुसलमानों को डर था कि उनकी पहचान खत्म हो जाएगी, लेकिन वास्तव में जो हुआ वह मुसलमानों के बीच तलाक की दर में 69 की गिरावट थी। इससे न केवल महिलाओं को बल्कि मुस्लिम बच्चों को भी मदद मिली।

केरल के राज्यपाल ने उन लोगों की भी आलोचना की जिन्होंने दावा किया था कि यदि यू.सी.सी. लागू किया जाता है, तो मुसलमान शादी नहीं कर पाएंगे और अपने शवों को दफन नहीं कर पाएंगे और यह मुसलमानों पर जबरदस्ती थोपा जाने वाला एक हिंदू कानून है। इन आरोपों पर उन्होंने कहा, 1937 का मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर के लिए लागू नहीं था।

### 70 परिवारों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उपखंड अधिकारी से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश स्थानीय निवासियों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि राज्य सरकार ने 2019 में रूपवास उपखंड में नई ग्राम पंचायत कंजोली बनाई। इस नई ग्राम पंचायत में माडापुरा ग्राम पंचायत के कमालपुरा व श्रीनगर गांव के 70 से भी ज्यादा परिवारों के नाम जोड दिए। जबकि नई ग्राम पंचायत उनसे 8 किमी दूर थी। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और स्थानीय प्रशासन सहित राज्य सरकार को प्रतिवेदन दिया, लेकिन 2020 में ऑनलाइन सिस्टम की वजह से लगभग दर्जनों परिवारों के नाम नई ग्राम पंचायत में डाल दिए गए, जबकि निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने पूर्व में इनको नई ग्राम पंचायत में शामिल नहीं करने के आदेश दिए थे। वहीं उसी के अनुसार साइट मैप भी बनाया था। याचिका में कहा गया कि नई ग्राम पंचायत में नाम शामिल करने से ग्रामीण राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे और निजी जरूरतों के लिए उन्हें 8 किमी दूर जाना होगा। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# फ्रांस में मोदी का भव्य स्वागत, बैठकों का दौर शुरु हुआ

## मोदी आज फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस ''बैस्टिल डे'' परेड के आयोजन में मुख्य अतिथि होंगे

पेरिस, 13 जुलाई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर गुरूवार दोपहर यहां पहुंच गये और फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

मोदी का हवाई अड्डे पर रस्मी स्वागत किया गया तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस बेस्टिल डे पर होने वाले समारोह तथा परेड में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे। भारत और फ्रांस इस वर्ष रणनीतिक साझेदारी की 25 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इससे पहले प्रधानमंत्री सुबह फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।

- **फ्रांस की प्रधानमंत्री ऐलिज़ाबैथ बोर्न ने हवाई अड्डे पर प्र.मंत्री मोदी की अगवानी की तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां फ्रांस की यात्रा पर पहुंचने के बाद मेज़बान देश की प्रधानमंत्री एलिज़ाबेथ बोर्न के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक करने के साथ ही सीनेट के अध्यक्ष गेरार्ड लार्चर से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार फ्रांस की यात्रा पहुंचने पर पेरिस में सबसे पहले श्री मोदी की फ्रांस की सीनेट के अध्यक्ष गेरार्ड लार्चर के साथ सार्थक बैठक हुई।

उन्होंने आपसी हित के कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और कई क्षेत्रों में भारत-फ्रांस सहयोग को गहरा करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि इस मुलाकात में मोदी ने रेखांकित किया कि कैसे लोकतंत्र, स्वतंत्रता और समानता के साझा मूल्य, साझीदारी के मूलभूत लोकाचार बनाते हैं। चर्चा में भारत की जी20 प्राथमिकताओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग में लोकतांत्रिक मूल्यों, दोनों उच्च सदनों के बीच सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।

### सहायक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि उसके खिलाफ दर्ज प्रकरण में एफ.आर. लगाने की एवज में अनुसंधान अधिकारी अमीर चंद 11 हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर शिकायत का सत्यापन कर गुरूवार को टीम ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए बसैया गांव के निवासी अमीरचंद को परिवादी से दस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

पुलिस के द्वारा आरोपी ए.एस.आई. अमीर चंद के भरतपुर की एल.बी. शास्त्री नगर कॉलोनी सेवर स्थित आवास पर भी ए.सी.बी. की टीम के द्वारा तलाशी की कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से एक हजार रूपये वसूले थे। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी के द्वारा इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# देश में 24.7 लाख से अधिक लोग एड्स पीड़ित

नयी दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता) देश में एचआईवी. एड्स से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या 24.7 लाख से अधिक है जबकि वर्ष 2010 के मुकाबले इनमें 42 प्रतिशत की कमी आई है।

संयुक्त राष्ट्र एड्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2022 में भारत में एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या अनुमानित 24 लाख 70 हजार रही है। इसी वर्ष एच.आई.वी. से 66,000 नई संक्रमित संक्रमित हुए हैं। हालांकि वर्ष 2010 के मुकाबले वर्ष 2022 तक सर संक्रमित की संख्या में 42 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर यह औसत 38 प्रतिशत रहा है। भारत में वर्ष 2022 में 38000 व्यक्तियों की मृत्यु का कारण एड्स से संबंधित रहा है। वर्ष 2010 की तुलना में एड्स से मृत्यु दर में 77 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

- **यूनाइटेड नेशन्स एड्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2010 के मुकाबले एड्स पीड़ितों की संख्या में 42 प्रतिशत की कमी आई है तथा एड्स की मृत्यु दर में 77 प्रतिशत की गिरावट हुई है।**

रिपोर्ट में एड्स एचआईवी से निपटने में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सरकार ने कोविड-19 के दौरान भी एड्स से निपटने के संसाधनों में कमी नहीं आने दी। सरकार ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के लिए वर्ष 2021-25 के लिए 193.4 करोड़ डालर का आवंटन किया गया है।

### आई.एम.एफ. ने पाकिस्तान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बढ़ेगी। पाकिस्तान पहले ही अत्यधिक राजनैतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है, इन सुधारों के लागू होने से स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ेगी।

इस समय तो आई.एम.एफ. केवल 1.2 अरब डॉलर ही देगा तथा शेष राशि आर्थिक सुधार पैकेज के लागू हो जाने के बाद ही जारी की जायेगी।

क्रिस्टलिना जॉर्जीवा, जो आई.एम.एफ. की मैनेजिंग डॉयरेक्टर तथा उस कमेटी की अध्यक्ष हैं, जिसने पाकिस्तान के बेल-आउट पैकेट को हर कोण से जाँचा-परखा है, ने कहा कि बुरे समय में दी गई यह सुविधा ''पाकिस्तान को एक ऐसा अवसर प्रदान करने वाली है कि वह वृहद इकोनॉमिक स्थिरता प्राप्त कर सके तथा नीतिगत सुधारों की सतत क्रियान्विति के जरिये इन असंतुलनों का समाधान कर सके।'' आई.एम.एफ. की नीतिगत हिदायतों का उद्देश्य पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को खोलना तथा सुधारों को लागू करना है ताकि बाजार की ताकतें, वहाँ खुले तौर पर अपना खेल दिखा सकें। उदाहरण के लिये, विदेशी विनिमय रिफॉर्म, संबंधित देश की अर्थव्यवस्था को बाहरी विकास के प्रति समायोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया करते हैं। यह सुविधा पाकिस्तान को एक बहुत ही मुश्किल वक्त पर मिली है। गत वर्ष, जब आर्थिक स्थिति बहुत मुश्किल दौर में थी, उस समय आई विनाशकारी बाढ़ तथा देश की गलतियों के परिणामस्वरूप भारी राजकोषीय घाटा सामने आ गया था।

इन सब कारणों के फलस्वरूप देश के भंडारों में कमी आने लगी तथा विदेशी आघात देश को और ज्यादा प्रभावित करने लगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक ऐसी अर्थव्यवस्था, जिसमें पहले ही बहुत से अभाव एवं परेशानियाँ मौजूद हों, में आई.एम.एफ. के सुधार एजेंडा को लागू कर पाना कोई आसान काम नहीं है।

आई.एम.एफ. की हिदायतें यह कह रही हैं कि टैक्स बढ़ाने से सरकार की वित्तीय स्थिति में संतुलन की कुछ झलक दिखाई देगी। 2024 के निर्धारित बजट में वर्तमान वर्ष के गैपिंग घाटे की तुलना में कुछ सरप्लस है। टैक्स दरें बढ़ाने वाला कोई भी कदम निस्संदेह रूप से देश में बहुत ज्यादा अलोकप्रिय रहेगा तथा कटु आलोचना का केन्द्र सिद्ध होगा।

वर्ष 1991 में, भारत की ऐसी ही स्थिति थी क्योंकि उससे पहले कुछ साल तक आर्थिक प्रबंधन में ढ़िलाई रही थी। लेकिन, नीतिगत सुधारों की दृढ़निश्चयी कोशिश तथा उसे बाद बाजार की ताकतों के उभरने से अर्थव्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन आये थे तथा सतत ग्रोथ दिखाई दी थी। उसके बाद, भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्या पाकिस्तान ऐसा कर सकेगा।

# प्र.मंत्री शहबाज शरीफ अगस्त में प्रधानमंत्री का पद छोड़ देंगे

इस्लामाबाद, 13 जुलाई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा कर दी है कि, वे अगस्त में प्रधानमंत्री का पद छोड़ देंगे। शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा कि, मौजूदा सरकार अगस्त में देश की बागडोर कार्यवाहक सरकार को सौंप देगी। पीएम शहबाज ने कल भी ऐसी ही घोषणा की थी। शहबाज शरीफ ने बुधवार को भी कहा था कि, वर्तमान सरकार का कार्यकाल 14 अगस्त को समाप्त हो जायेगा और निर्वाचन आयोग अगले आम चुनाव की तारीख की घोषणा करेगा। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के साथ बैठक के अगले दिन शरीफ की यह टिप्पणी आई है। खबर के मुताबिक बैठक के दौरान पीडीएम प्रमुख ने समय से एसेम्बली को भंग करने और चुनाव कराने की जरूरत पर जोर दिया।

- **प्र.मंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि, वे 14 अगस्त को सत्ता छोड़ देंगे।**

पाकिस्तान को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी मिल गई है। इससे पाकिस्तानी रुपये में मामूली उछाल देखा गया है। निवेशकों के विश्वास की बहाली, पाकिस्तानी रुपये और शेयर बाजार में उछाल व फिच द्वारा पाकिस्तान की रेटिंग में सुधार का जिक्र करते हुए, शहबाज शरीफ ने कहा कि ये सभी ''आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने की झलक'' है। उन्होंने कहा, देश के सामने अब केवल एक ही रास्ता है - भीख का कटोरा फेंकना और अपने पैरों पर खड़े होना।'' उन्होंने कहा, दूसरों पर निर्भरता की ये बेड़ियां तभी टूट सकती हैं जब हम कड़ी मेहनत में विश्वास करेंगे, अपने वादे पूरे करेंगे और ईमानदारी से देश की सेवा करेंगे। आइए एक राष्ट्र बनें। पाकिस्तान की संसद का पांच साल का कार्यकाल 12 अगस्त, 2018 को तत्कालीन पीटीआई सरकार के तहत शुरू हुआ था और पिछले साल अप्रैल में अविश्वास मत के माध्यम से पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के निष्कासन के बाद पीएम-शहबाज के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के तहत पूरा होगा। अपने संबोधन की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने याद किया कि उन्हें पिछले साल अप्रैल में देश चलाने और ''इसके कल्याण के लिए काम करने'' की ''पवित्र जिम्मेदारी'' दी गई थी।

### अपने आरोपित नेताओं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यवाही माना गया था। केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष द्वारा लखीमपुर में किसानों को कुचलकर मार डालने की वीभत्स घटना के बाद की गई मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की माँग अनुसुनी कर दी गई थी। गौतम अडानी की कंपनियों द्वारा स्टॉक में की गई चालबाजी से संबंधित सनसनी खेज हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद भी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के वरिष्ठ नेतागण चुप्पी धारण किये रहे। इससे पूर्व 2015 में, भाजपा नेतृत्व उस समय भी अप्रभावित एवं भावशून्य बना रहा था जब विपक्ष ने तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के इस्तीफ की माँग की थी, क्योंकि यह बात उजागर हो गई थी कि स्वराज ने पूर्व आई.पी.एल. प्रमुख ललित मोदी, जो वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपी थे, को इंग्लैंड जाने के लिये वीज़ा दिलवाने में मदद की थी।

जैसा कि पिछले ट्रैंड बता रहे हैं, आरोपी मंत्रियों या सांसदों के इस्तीफे माँग लेने को चुनावी जीत की सुनिश्चित गारंटी के रूप में नहीं लिया जा सकता। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार के दौरान, कई मंत्रियों एवं नेताओं से इस्तीफे ले लिये गये थे- जिनमें अश्विनी कुमार से लेकर पवन कुमार बंसल, सुरेश कलमाड़ी, ए. राजा कनिमोझी तथा महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण शामिल थे। लेकिन यू.पी.ए. द्वारा प्रदर्शित ये उच्च नैतिक मूल्य 2014 के लोकसभा चुनावों में मतदाताओं का समर्थन हासिल नहीं कर सके थे। हो सकता है कि एम.जे. अकबर की कुर्बानी इसलिये दे दी गई हो क्योंकि वे राजनैतिक रूप से प्रभावशाली नहीं थे, लेकिन बृजभूषण का उत्तर प्रदेश की करीब चार लोकसभा सीटों पर अच्छा खासा प्रभाव एवं नियंत्रण है। इसलिये इस मामले में भाजपा नेतृत्व के समक्ष दुविधा का भारी संकट दिखाई दे रहा है।

### अब नॉन ए.सी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शयनयान वाली भी बनेगी। इसमें स्वाभाविक रूप से कम किराया लिया जाएगा। रेलवे का इरादा है कि पुराने डिब्बे जोड़ कर बनने वाले रैक वाली गाड़ियों की जगह ट्रेनसेट को लाया जाये।

शयनयान वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बनाने के लिए टिटलागढ़ सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड एवं भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने काम शुरू दिया है। इसकी शुरुआती डिज़ायन बन कर रेल मंत्रालय में स्वीकृति के लिए आयी है। वंदे भारत के स्लीपर कोच की डिज़ायन मौजूदा ट्रेनों के डिज़ायन से एकदम भिन्न है और इसमें अधिक आरामदेह सीटों के साथ साथ कई सुविधाएं भी दी जाएंगीं।

मौजूदा कुर्सीयान वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के उन्नयन एवं विविधीकरण की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए रेलवे ने उसके रंग और डिज़ायन में कुछ बदलाव किये हैं। केसरिया एवं चॉकलेटी रंग की वंदे भारत एक्सप्रेस में शौचालय में लाइटिंग एवं वाश बेसिन में कुछ परिवर्तन किये गये हैं। एग्ज़ीक्यूटिव श्रेणी की सीटों में फुट रेस्ट एवं सीटों के पीछे झुकाने के कोण में बदलाव किया गया है ताकि यात्री अधिक आराम महसूस करे। विद्युत पारेषण के लिए पेंटोग्राफ अधिक ऊंचाई वाले ओएचई के लिए अनुकूल बनाया गया है।

# दिल्ली में यमुना के जलस्तर ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

## बाढ़ की भारी आशंका के चलते दिल्ली सरकार ने सभी स्कूल-कॉलेज और कार्यालयों को रविवार तक बंद करने का आदेश दिया है

नई दिल्ली, 13 जुलाई (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना के बढ़ते जलस्तर 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और गुरुवार अपराह्न एक बजे तक जलस्तर 208.62 मीटर तक पहुंच गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद यहाँ के सभी स्कूलों-कॉलेजों और विश्विद्यालयों के साथ दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों को रविवार तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है।

- **गुरुवार दोपहर एक बजे तक जलस्तर 208.62 मीटर तक पहुंच गया, अगर हिमाचल और उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय इलाकों में भारी बरसात का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो दिल्ली में हालात भयावह हो सकते हैं।**
- **यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से इस समय तीन मीटर ऊपर चल रहा है।**

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आज डी.डी.एम.ए. की बैठक में यमुना में बढ़ते जल स्तर को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। केजरीवाल ने निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि यमुना का जल स्तर अभी बढने की संभावना है इसलिए आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों को रविवार तक बंद करने का आदेश दिया गया है। सभी कर्मचारी रविवार तक घर से ही काम करेंगे। प्राइवेट संस्थानों को भी एडवाइजरी जारी कर अधिक से अधिक वर्क फ्राम होम करने की अपील की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद करना पड़ा है। इससे 25 फीसद पानी का प्रोडक्शन कम हो गया है। दिल्ली सरकार पानी की राशनिंग कर रही है।

केजरीवाल ने कहा कि यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ने की वजह से नदी के आसपास की सड़कों पर पानी आ गया है। उन्होंने कहा कि यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। अब यह सुबह के 208.46 से बढ़कर अपराह्न एक बजे तक 208.62 मीटर पर पहुँच गया है। बढ़ते हुए जल स्तर के कारण, यमुना के आस पास की सड़कों पर आ गया है। आपसे अनुरोध है कि इन रास्तों पर न जायें।

### कुएं में पड़ा मिला युवती...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि दलित युवती जो कि नादौती पढ़ाई करने जाती थी उसे रात को 3 बजे बदमाश मुंह में कपड़ा डालकर ले गए। उन्होंने आशंका जताई है कि युवती के साथ गैंगरेप किया है तथा उसके ऊपर एसिड डाला है, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद युवती को बदमाशों ने कुएं में फेंक दिया है। उन्होंने कहा कि युवती के साथ हुए पूरे घटनाक्रम का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही होगा। सांसद मीणा ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवार एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की जाएगी और उसके बाद आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर सांसद डॉक्टर मीणा के साथ एकत्रित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मा डागुर ने कहा कि बालिका के लापता होने पर परिजन पुलिस थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक अभी तक यहां नहीं आए हैं। उन्होंने मांग की है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए, घटना के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए तथा युवती के परिवार जनों को 20 रु. लाख की आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

### चुनाव क्या ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सबको यह कह दिया और हम सब ने उनको यह विश्वास दिला दिया कि हमारे यहां कोई गुट नहीं है। हमारे यहां केवल एक गुट है और वह है राहुल गांधी, खड़गे का कांग्रेस का गुट। इसके अलावा हमारा कोई गुट नहीं है, हम सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले पायलट ने कहा कि चुनाव सिर पर आ गए हैं। कोई कह रहा है चुनाव में 100 दिन हैं, कोई कह रहा है 90 दिन है। मैं तो कहता हूं शून्य दिन हैं।

आप मानिए आज से ही चुनाव चालू हो गए हैं। कब चुनाव अभियान का आगाज़ होगा, दिल्ली से घोषणा होगी, उसका आप इंतजार मत कीजिए। जिन्हें अपनी सीट पर जीत का डंका बजाना है, वे आज से ही फील्ड में जुट जाएं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908